श्रावण कृष्ण पक्ष द्वितीया
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित


मंगलवार, 23 जुलाई 2024
वर्ष 5, अंक 247, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

बरेली

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



न्यूट्रान तारे के जेट की तस्वीर कैमरे में कैद 14

सिंघम के प्रदर्शन के 13 साल सिंघम अगेन की शूटिंग पूरी 13

**मोदी ने कहा- विपक्ष ने स्वार्थ के लिए संसद का दुरुपयोग किया, कांग्रेस बोली- प्रधानमंत्री ने 10 साल तक देश का गला घोंटा**

# संसद सत्र के पहले ही दिन ठनी

नई दिल्ली, एजेंसी

संसद सत्र के पहले दिन ही लोकसभा में भाजपा और विपक्षी दलों के बीच गहमागहमी देखने को मिली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विपक्ष पर नकारात्मक राजनीति करने और अपनी विफलताओं को छिपाने के लिए संसद का दुरुपयोग करने का आरोप लगाया तथा कहा कि संसद किसी दल के लिए नहीं बल्कि देश के लिए है। इस पर कांग्रेस ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर पलटवार करते हुए कहा कि मानसून सत्र की शुरुआत के मौके पर विपक्ष को लेकर अशोभनीय टिप्पणी की गई है, जबकि उन्होंने 10 साल तक देश का गला घोंटा और आवाज दबाई जिसकी सजा जनता ने हालिया लोकसभा चुनाव में उन्हें दी।

संसद सत्र की शुरुआत से पहले मीडिया को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि मंगलवार को पेश होने वाला केंद्रीय बजट अगले पांच वर्षों में सरकार की यात्रा की दिशा तय करेगा और 2047 तक विकसित भारत के सपने को पूरा करने की नींव रखेगा। उन्होंने आरोप लगाया कि संसद के पिछले सत्र के दौरान लोकसभा में विपक्ष ने ढाई घंटे तक देश के प्रधानमंत्री का गला घोंटने का प्रयास किया। मोदी ने कहा कि लोगों ने लोकसभा चुनाव में अपना फैसला दे दिया है और अब सभी राजनीतिक दलों को अगले पांच साल देश के लिए मिलकर लड़ना होगा। वहीं कांग्रेस ने सोमवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर पलटवार करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री को मोदी सरकार शब्द के इस्तेमाल से भी बचना चाहिए और खुद को लोकतांत्रिक साबित करना चाहिए। संसद के मानसून सत्र से पहले मीडिया को संबोधित करते हुए पवन खेड़ा ने कहा जिस व्यक्ति ने 10 साल तक देश का गला घोंटा और आवाज़ दबाई, वो आज प्रतिपक्ष के आवाज उठाने पर रुदन करता हुआ बेहद कमजोर दिख रहा था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्रतिपक्ष पर अशोभनीय टिप्पणी के साथ आज मानसून सत्र की शुरुआत की।



राष्ट्रगान के सम्मान में खड़े प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय मंत्री राजनाथ व अमित शाह।

### बिहार को विशेष दर्जे की मांग, सरकार ने नकारा

**नई दिल्ली।** संसद के दोनों सदनों में बिहार को विशेष राज्य का दर्जा देने का मुद्दा उठाये जाने के बीच सरकार ने 2012 में तैयार एक अंतर-मंत्रालयी समूह की रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा कि बिहार को विशेष राज्य का दर्जा देने का कोई मामला नहीं बनता है। वहीं राज्यसभा में विशेष दर्जा और पैकेज की मांग उठाई।

### पेपर लीक मामले में रिकॉर्ड न बनाए जाएं : अखिलेश

**नई दिल्ली।** लोकसभा में प्रश्न काल में सपा के अखिलेश यादव ने नीट-यूजी पेपर लीक मामले पर कहा कि सरकार क्या पेपर लीक मामले में रिकॉर्ड बनाएगी। यादव ने कहा कि अनेक परीक्षाओं के पेपर लीक हो चुके हैं, पेपर लीक मामले में रिकॉर्ड न बनाये जाएं। नीट पेपर लीक मामले को लेकर पूरे देश के विद्यार्थी आंदोलित हैं।



### राहुल बोले- भारतीय परीक्षा प्रणाली फ्रॉड है, शिक्षा मंत्री ने कहा- चिल्लाने से झूठ सच में नहीं बदल जाता

**नई दिल्ली।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट में कथित अनियमितता के विषय को लेकर सोमवार को सदन में सरकार पर प्रहार किया और दावा किया कि देश के करोड़ों छात्रों एवं देशवासियों को इस बात का यकीन हो गया है कि भारतीय परीक्षा प्रणाली एक फ्रॉड (धोखे वाली) है तथा जिसके पास पैसा है वह इस पूरी प्रणाली को खरीद सकता है। इस पर शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने पलटवार करते हुएकहा कि चिल्लाने से झूठ सच में नहीं बदल जाता। उन्होंने सवाल किया कि क्या 2010 में कांग्रेस के नेतृत्व वाली सरकार ने शिक्षा में सुधार से जुड़ा विधेयक निजी मेडिकल कॉलेजों के दबाव में वापस ले लिया था? उन्होंने यह भी कहा कि नेता प्रतिपक्ष का पूरी परीक्षा प्रणाली को बकवास कहना दुर्भाग्यपूर्ण है। सदन में प्रश्नकाल के दौरान नीट के विषय पर पूरक प्रश्न पूछते हुए राहुल गांधी ने कहा परीक्षा प्रणाली में बहुत खामियां हैं। मंत्री ने अपने आपको छोड़कर, सबको जिम्मेदार ठहराया है…मुझे नहीं लगता कि जो चल रहा है, उसकी बुनियादी जानकारी भी उन्हें है।

# बजट आज, जीडीपी ग्रोथ 7.0% रहने का अनुमान

नई दिल्ली, एजेंसी

**सीतारमण आज रचेंगी इतिहास**

संसद के मानसून सत्र के पहले दिन लोकसभा में विपक्ष के हंगामे के बीच वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने भारतीय अर्थव्यवस्था की नींव को मजबूत और वैश्विक उठापटक को झेलने में सक्षम बताते हुए आर्थिक सर्वेक्षण 2023-24 की तस्वीर पेश की। उन्होंने कहा कि चालू वित्त वर्ष में वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) वृद्धि दर 7 प्रतिशत तक रहने का अनुमान है। वहीं भारत में बढ़ते कार्यबल की रोजगार की जरूरत पूरी करने के लिए गैर कृषि क्षेत्र में 2030 तक प्रति वर्ष 78.5 लाख नौकरियों के अवसर बनाने की जरूरत है।

सीतारमण ने कहा कि आर्थिक दृष्टि के लिहाज से जोखिम काफी हद तक संतुलित हैं और बाजार में उम्मीदें काफी ज्यादा हैं। अनेक तरह की विदेशी चुनौतियों के बावजूद वित्त वर्ष 2022-23 में हासिल की गई भारतीय अर्थव्यवस्था के विकास की तेज गति वित्त वर्ष 2023-24 में भी बरकरार रही। वृहद आर्थिक स्थिरता पर फोकस करने से यह सुनिश्चित हुआ कि विदेशी चुनौतियों का भारतीय अर्थव्यवस्था पर न्यूनतम प्रभाव पड़ा।

(संबंधित खबरें पेज 12 पर)



• सर्वेक्षण में दिखी अर्थव्यवस्था की गुलाबी तस्वीर, 78.5 लाख नौकरियों की जरूरत

### आर्थिक समीक्षा अर्थव्यवस्था की ताकत को दिखाती है : मोदी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को कहा कि संसद में पेश किया गया आर्थिक सर्वेक्षण अर्थव्यवस्था की मौजूदा ताकत को रेखांकित करता है और सरकार द्वारा लाए गए विभिन्न सुधारों के परिणामों को भी प्रदर्शित करता है।

### अंग्रेजी में बजट पढ़ेंगी सीतारमण

**नई दिल्ली।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण मंगलवार को सातवीं बार बजट पेश कर रिकॉर्ड बनाएंगी। वह बजट भाषण अंग्रेजी में पढ़ेंगी। लेकिन संसद टीवी के दर्शकों के पास हिंदी में सुनने का विकल्प होगा।

MONTE CARLO
SALE START
20% to 50%
वास्तविक छूट
शर्ट, टी-शर्ट, जीन्स, ट्राउजर, लोअर ट्रैक सूट, लेडीज जीन्स, लेडीज टॉप, कुर्ती फुटवियर, पर्स, साड़ियाँ, लेडीज सूट, ड्रेसेज
7 DAYS OPEN
SELECTION POINT
The Complete Family Store
45, Civil Lines, Bareilly. Mob.7088300050 | DD Puram, Bareilly. Mob.7055359111

पढ़ते रहिये...
अमृत विचार
मानसून ऑफर
₹5/- प्रतिदिन

# कांवड़ मार्गों पर नाम के आदेश पर सुप्रीम रोक

नई दिल्ली, एजेंसी

**सुप्रीम कोर्ट ने उप्र, उत्तराखंड और मध्य प्रदेश सरकार को नोटिस किया जारी**

उच्चतम न्यायालय ने भाजपा शासित उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड सरकारों द्वारा जारी उन निर्देशों पर सोमवार को अंतरिम रोक लगा दी, जिनमें कांवड़ यात्रा मार्गों पर स्थित भोजनालयों को अपने मालिकों, कर्मचारियों के नाम और अन्य विवरण प्रदर्शित करने के लिए कहा गया है। विपक्ष ने आरोप लगाया है कि राज्य सरकारों के इन निर्देशों का उद्देश्य धार्मिक भेदभाव को बढ़ावा देना है।

न्यायमूर्ति ऋषिकेश रॉय और न्यायमूर्ति एसवीएन भट्टी की पीठ ने उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड और मध्य प्रदेश सरकारों को नोटिस जारी किया और उनसे निर्देश को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर जवाब देने को कहा। मध्य प्रदेश में उज्जैन नगर निगम ने भी दुकानदारों को अपने प्रतिष्ठानों के बाहर नाम और मोबाइल नंबर प्रदर्शित करने का शनिवार को निर्देश दिया था। पीठ ने राज्य सरकारों को नोटिस जारी करने के साथ ही कहा कि भोजनालयों के लिए यह प्रदर्शित करना आवश्यक किया जा सकता है कि वे किस प्रकार का भोजन परोस रहे हैं, जैसे कि वे शाकाहारी हैं या मांसाहारी। पीठ ने इस मामले पर आगे की सुनवाई शुक्रवार तक के लिए स्थगित कर दी।



### सिंघवी ने कहा- परोक्ष रूप से आदेश पारित किया गया

पीठ ने सुनवाई की शुरुआत में महुआ मोइत्रा की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक सिंघवी से पूछा कि क्या इस मामले में कोई औपचारिक आदेश पारित किया गया है। सिंघवी ने कहा कि भोजनालयों के मालिकों के नाम प्रदर्शित करने के संबंध में एक परोक्ष आदेश पारित किया गया है। सिंघवी ने कहा कि भोजनालयों के मालिकों के नाम प्रदर्शित करने संबंधी उत्तर प्रदेश एवं उत्तराखंड का आदेश पहचान के आधार पर बहिष्कार है और यह संविधान के खिलाफ है। एसोसिएशन फॉर प्रोटेक्शन ऑफ सिविल राइट्स की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता चंदर उदय सिंह ने कहा कि राज्य के अधिकारी दावा कर रहे हैं कि आदेश का अनुपालन स्वैच्छिक है, लेकिन इसे बलपूर्वक लागू किया जा रहा है।

# नीट-यूजीः कोर्ट ने टीम बनाकर प्रश्न के सही उत्तर पर रिपोर्ट सौंपने को कहा

नई दिल्ली, एजेंसी

उच्चतम न्यायालय ने विवादों में घिरी मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट-यूजी 2024 से जुड़ी याचिकाओं पर सोमवार को सुनवाई शुरू की और आईआईटी-दिल्ली के निदेशक से तीन विशेषज्ञों की एक टीम गठित करने को कहा, जो इस परीक्षा में पूछे गए एक विशेष प्रश्न पर विचार करेगी और मंगलवार दोपहर तक सही उत्तर पर एक रिपोर्ट पेश करेगी।

शीर्ष अदालत ने कुछ अभ्यर्थियों की उस दलील पर गौर किया कि परमाणु और उसकी विशेषताओं से संबंधित एक प्रश्न के दो सही उत्तर थे और परीक्षार्थियों के एक समूह, जिन्होंने दो सही उत्तरों में से एक विशेष उत्तर दिया था, उन्हें चार अंक दिए गए। याचिकाकर्ताओं ने प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ के समक्ष दलील दी कि इसका सफल उम्मीदवारों की अंतिम मेधा सूची पर महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ेगा।



### व्यापक स्तर पर पेपर लीक का रिकॉर्ड नहीं

पीठ ने नीट-यूजी 2024 को रद करने का अनुरोध कर रहे याचिकाकर्ताओं से यह दर्शाने को कहा कि परीक्षा आयोजित करने में व्यवस्थागत विफलता हुई थी। पीठ ने कहा कि अब तक रिकॉर्ड में ऐसा कोई साक्ष्य नहीं है, जो यह दर्शाए कि प्रश्नपत्र लीक व्यापक स्तर पर हुआ था। उसने कहा कि पटना और हजारीबाग में कुछ गलत कृत्यों के उदाहरण हैं, लेकिन वे व्यवस्थागत विफलता को दर्शाने के लिए पर्याप्त नहीं हैं।

## एक नजर

### लखीमपुर हिंसा मामले में आशीष मिश्रा को दी नियमित जमानत

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने तीन विवादित कृषि कानूनों के खिलाफ चल रहे आंदोलन के दौरान 2021 में उत्तर प्रदेश के लखीमपुर खीरी में हुई हिंसा घटनाओं में कई किसानों की कथित हत्या मामले के आरोपी पूर्व केंद्रीय मंत्री अजय मिश्रा के बेटे आशीष मिश्रा को सोमवार को नियमित जमानत दे दी। न्यायमूर्ति सूर्य कांत और न्यायमूर्ति उज्जल भुयान की पीठ ने आशीष के अलावा इस घटना से संबंधित अन्य मामले के आरोपी किसानों को भी जमानत दे दी। अदालत साथ ही निचली अदालत को सुनवाई में तेजी लाने का निर्देश दिया।

### अखिलेश कुमार संयुक्त निर्वाचन आयुक्त बने

**लखनऊ।** राज्य सरकार ने सोमवार को तीन आईएएस अफसरों के तबादले कर दिये। विशेष सचिव पिछड़ा वर्ग कल्याण डॉ अखिलेश कुमार मिश्र को राज्य निर्वाचन आयोग में संयुक्त निर्वाचन आयुक्त बनाया गया है। रीजनल फूड कंट्रोलर मुरादाबाद मनोज कुमार के पद पर तैनात रहे मनोज कुमार को अपर आयुक्त बरेली मंडल बनाया गया है। मुरादाबाद विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष शैलेश कुमार को रीजनल फूड कंट्रोलर मुरादाबाद का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है।

### निपाह : संपर्क में आए 406 लोगों में संक्रमण का खतरा

**कोझिकोड।** दुर्लभ संक्रमण से जान गंवाने वाले 14 वर्षीय लड़के के संपर्क में आने के कारण निपाह वायरस से संक्रमित होने के खतरे का सामना करने वाले लोगों की संख्या बढ़कर 406 हो गई है, जिनमें से 101 से भी ज्यादा लोग उच्च जोखिम की श्रेणी में हैं।

# पूर्व प्रधान के बेटे की मौत 10 आरोपियों के घर ढहाए

संवाददाता, बरेली/शाही

**अमृत विचार :** शाही के गौसगंज गांव में बवाल में घायल हुए पूर्व प्रधान के बेटे तेजपाल की इलाज के दौरान मौत हो गई। इससे नाराज लोगों ने अंतिम संस्कार करने से इनकार कर दिया। वहीं प्रशासन ने 10 आरोपियों के घरों पर बुलडोजर चला दिया। बुलडोजर की कार्रवाई के बाद लोग शांत हुए और अंतिम संस्कार किया। इस दौरान भारी संख्या में पुलिस बल तैनात रहा।

गौसगंज में 16 जुलाई को ताजिया निकालने को लेकर दो पक्षों में विवाद हुआ था। इसके बाद दूसरे पक्ष के लोगों ने 19 जुलाई को घरों में घुसकर महिलाओं से मारपीट की थी। विरोध पर पुरुषों को भी पीटा था। हमले में पूर्व प्रधान का बेटा तेजपाल गंभीर रूप से घायल हो गया था।



युवक की मौत पर विलाप करते परिजन।

• शाही में बवाल में घायल हो गया था पूर्व प्रधान का बेटा

## विधान परिषद में नेता प्रतिपक्ष बने सपा के लाल बिहारी

**लखनऊ।** विधान परिषद में सपा सदस्य लाल बिहारी यादव को नेता प्रतिपक्ष बनाया गया है। सदन में सपा सदस्यों की संख्या 10 होने के बाद सपा को यह पद मिला। सपा प्रमुख अखिलेश की ओर से विधान परिषद के सभापति को नेता प्रतिपक्ष पद के लिए लाल बिहारी, मुख्य सचेतक के लिए किरनपाल कश्यप, सचेतक के लिए आशुतोष सिन्हा, उप नेता पद के लिए मोहम्मद जासमीन अंसारी का नाम पेश किया गया। इसके बाद परिषद की ओर से इनको नियुक्त किये जाने के आदेश जारी हुए।



# पूर्व सैनिक ने परिवार के छह सदस्यों को मार डाला

अंबाला, एजेंसी

• वारदात को अंजाम देने के बाद शवों को जलाने की भी कोशिश

हरियाणा में अंबाला जिले के नारायणगढ़ में एक पूर्व सैनिक ने भूमि विवाद के चलते अपनी मां और भतीजे-भतीजी समेत अपने परिवार के छह सदस्यों की कथित तौर पर हत्या कर दी। पुलिस ने बताया कि घटना रविवार रात नारायणगढ के रटोर गांव में हुई।

वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी ने शवों को जलाने की भी कोशिश की। हमले में गंभीर रूप से घायल हुई पूर्व सैनिक की भतीजी की बाद में पीजीआईएमईआर, चंडीगढ़ में मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि सेवानिवृत्त जवान भूषण कुमार ने परिवार के सदस्यों की कथित तौर पर कुल्हाड़ी से हत्या कर दी और अपने पिता को भी घायल कर दिया। वारदात के समय पीड़ित सो रहे थे। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि दो भाइयों के बीच कथित भूमि विवाद के कारण यह घटना हुई। मृतकों की पहचान कुमार की मां सरूपी देवी (65), भाई हरीश कुमार (35), हरीश की पत्नी सोनिया (32) और उनके तीन बच्चों - सात वर्षीय परी, पांच वर्षीय यशिका और छह माह के मयंक के रूप में हुई है।

**मिलक थाना क्षेत्र में दिल्ली-लखनऊ हाईवे पर हादसा**

# जनरथ व निजी बस भिड़ीं चार की मौत, 50 घायल



हादसे के बाद हाईवे से क्षतिग्रस्त बसें हटवाती पुलिस। • अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, रामपुर/मिलक

• घायलों में पांच बच्चों की हालत गंभीर बताई जा रही

• मरने वालों में मेरठ, बरेली और श्रावस्ती के रहने वाले

**अमृत विचारः** मिलक थाना क्षेत्र में दिल्ली-लखनऊ हाईवे पर सोमवार तड़के रोडवेज की जनरथ बस और निजी वॉल्वो बस की भिड़ंत हो गई। हादसे में बस चालक और तीन यात्रियों की मौत हो गई जबकि 50 यात्री घायल हो गए। पांच बच्चों की हालत गंभीर बताई जा रही है। जान गंवाने वालों में मेरठ,बरेली और श्रावस्ती के रहने वाले लोग हैं। इनके अलावा घायलों में श्रावस्ती, सीतापुर, बहराइच और दिल्ली के यात्री शामिल हैं।

बताया जाता है कि रविवार को गुरु पूर्णिमा पर जिला श्रावस्ती के लोग निजी वॉल्वो बस से शांतिकुंज ,हरिद्वार गए थे। रविवार तड़के साढ़े चार बजे बरेली की ओर से आ रही रोडवेज की जनरथ बस और वॉल्वो मिलक में हाईवे पर एक पेट्रोल पंप के सामने आमने- सामने टकरा गईं। दोनों बसों में 100 से ज्यादा यात्री सवार थे। हादसे के बाद बसों के यात्रियों में चीख पुकार मच गई। आसपास के लोग दौड़कर मौके पर पहुंचे। पुलिस और लोगों ने किसी तरह बसों में फंसे लोगों को बाहर निकाला। हादसे में मेरठ जिला के सरधना थाना क्षेत्र के गांव छुर्र निवासी रोडवेज बस चालक कवींद्र सिंह (55), यात्री जगदीश की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने घायल यात्रियों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। अस्पताल में भर्ती कराने के बाद श्रावस्ती के गांव सुजानडीह निवासी हरिराम विश्कर्मा और बरेली के थाना मीरगंज निवासी राम मनोहर पुत्र स्वामी देवल ने भी दम तोड़ दिया। उधर, हादसे की सूचना के बाद जिलाधिकारी जोगिन्दर सिंह, पुलिस अधीक्षक विद्यासागर मिश्र अन्य अधिकारियों के साथ मौके पर पहुंचे। सीओ आरएस परिहार व पुलिस कर्मियों ने हाईवे से मलबा हटवाकर वाहनों का संचालन शुरू कराया।

**कवायद** | प्रदेश की ग्राम पंचायतें जल्द शहरों की तरह होंगी विकसित, जीपीएस से होगी मैपिंग

# ग्राम पंचायतों के विकास में रंग भरेगा मास्टर प्लान

प्रशांत सक्सेना, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रदेश की ग्राम पंचायतें जल्द शहरों की तरह मास्टर प्लान के अनुसार विकसित होंगी। इसकी शुरुआत पंचायती राज विभाग पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर लखनऊ की ग्राम पंचायत बक्कास और गौतमबुद्ध नगर की कलौंदा से करने जा रहा है।

नई व्यवस्था को ग्राम पंचायत स्पेशल डेवलपमेंट प्लान (जीपीएसडीपी) नाम दिया है। इसमें गांवों का जीपीएस से सर्वे करके सड़क, पंचायत भवन, तालाब, आंगनबाड़ी केंद्र, स्वास्थ्य केंद्र आदि सरकारी निर्माण के लिए जगह आरक्षित की जाएगी, मैपिंग करके डिजिटल नक्शा बनाया जाएगा। इसी आधार पर निर्माण व अन्य कार्य कराये जाएंगे। इसे लागू करने का मकसद आगे होने वाले निर्माण बेहतर प्लान बनाकर करना है।



• पायलट प्रोजेक्ट में लखनऊ की बक्कास और गौतमबुद्ध नगर की कलौंदा चयनित

### रुकेगा अवैध निर्माण, गुम भूमि की होगी जानकारी

मास्टर प्लान से जहां गांव का नियोजित विकास होगा वहीं अवैध निर्माण व भूमि पर कब्जा पर लगाम लगेगी। जीपीएस से जो डिजिटल मानचित्र बनेगा उसमें गाटा समेत भूमि का पूरा ब्योरा दिखेगा। यदि तालाब, चरागाह या ग्राम समाज की भूमि पर कब्जा है तो मैप में दिखने पर कार्रवाई करके खाली कराई जाएगी। बहुत सी ऐसी भूमि ग्राम पंचायतों के अभिलेखों में दर्ज हैं, जबकि हकीकत में गुम हैं।

> पायलट प्रोजेक्ट में दो ग्राम पंचायत चयनित की है। जहां ग्राम पंचायत स्पेशल डेवलपमेंट प्लान के तहत कार्य होंगे। इसके बाद अन्य ग्राम पंचायतों में लागू करेंगे। मकसद गांवों का बेहतर तरह से नियोजित विकास करना है।
>
> – **अटल कुमार राय,** निदेशक, पंचायती राज विभाग

### पांच वर्ष के लिए प्लान पंचायतों का हो चुका सर्वे

केंद्र सरकार के निर्देश पर पूर्व में पायलट प्रोजेक्ट में चयनित दोनों ग्राम पंचायतों का सर्वे और परीक्षण संबंधित कार्य हो गए हैं। यहां मास्टर प्लान भी बन गया है। अब विकास कराया कराया जाएगा। ग्राम पंचायत स्पेशल डेवलपमेंट प्लान 5-5 वर्ष के लिए बनेगा। लेकिन, शुरुआत में 1 वर्ष के लिए बनाया जाएगा। इसमें पुरानी व्यवस्था के तहत अब तक गांव के विकास के लिए बनाई जाने वाली ग्राम पंचायत डेवलपमेंट योजना (जीपीडीपी) को भी जोड़ा जाएगा।










# शिवमय हुई नाथ नगरी, मंदिरों में भक्तों की कतार

## श्रद्धालुओं और कांवड़ियों ने शिवालयों में किया जलाभिषेक, सुख-समृद्धि के लिए की प्रार्थना, दिनभर गूंजते रहे जयकारे

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** सावन के पहले सोमवार को शिवालयों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। दिनभर मंदिरों में हर हर महादेव के जयकारे गूंजते रहे। श्रद्धालुओं और कांवड़ियों ने भोलेनाथ की पूजा अर्चना कर जलाभिषेक किया। इस दौरान उन्होंने परिवार की सुख-समृद्धि के लिए प्रार्थना की। बनखंडी नाथ मंदिर, पशुपति नाथ, धोपेश्वर नाथ, अलखनाथ, त्रिवटीनाथ, तपेश्वर नाथ, मढ़ीनाथ मंदिर सहित तमाम शिवालयों में सोमवार तड़के ही कछला और हरिद्वार से गंगाजल लेकर कांवड़ियों के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया।

करीब 3 बजे मंदिरों के कपाट खोल दिए गए। मंदिरों में जलाभिषेक के लिए परिसर के बाहर तक श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लगी रहीं। भक्तों ने बेलपत्र, भांग, धतूरा, दूध, चंदन, रोली, पुष्प अर्पित कर शिव की आराधना की। मंदिरों में जलाभिषेक करने पहुंचे शिव भक्त उत्साहित नजर आए।

**भजनों की धुन पर थिरके कांवड़िए :** शहर में जगह-जगह भजनों की धुन पर कांवड़िए थिरकते दिखे। ट्रैक्टर- ट्राली और डीसीएम पर डीजे लगे थे। भजनों से माहौल भक्तिमय हो गया। पीलीभीत बाईपास, कालीबाड़ी, चौपुला समेत कई स्थानों पर कांवड़ियों के जत्थे बोल बम के जयकारे लगाते हुए चल रहे थे।














### नंदी से मांगी मनोकामनाएं

मान्यता है कि शिव मंदिरों में शिवलिंग के सामने विराजमान नंदी के कान में कहने से मनोकामना पूरी होती है। सावन के पहले सोमवार को मंदिरों में पूजा- अर्चना करने पहुंचे श्रद्धालु नंदी के कान में अपनी मनोकामना कहते दिखे। मंदिरों के आसपास मेले जैसा माहौल रहा। इस दौरान फूल, मिठाई, और पूजन सामग्री की दुकानों पर श्रद्धालुओं की भीड़ रही।


त्रिवटीनाथ मंदिर में जलाभिषेक करते श्रद्धालु। ● अमृत विचार


मढ़ीनाथ मंदिर में पूजा करते भक्त।


मंदिर में जलाभिषेक के लिए लगी भक्तों की लंबी लाइन। ● अमृत विचार

### पांच दुर्लभ संयोग में हुई सावन की शुरुआत

पांच दुर्लभ संयोग के साथ सावन की शुरुआत हुई है। ज्योतिषाचार्य पं. रमाकांत दीक्षित ने बताया कि सावन के पहले सोमवार को अति दुर्लभ श्रावण नक्षत्र, प्रीति योग, सर्वार्थ सिद्धि योग, शिववास योग, कौलव और तैतिल करण का संयोग रहा, जो करीब 70 साल बाद बना है।

# बरेली-दिल्ली पैसेंजर में आग की अफवाह से फैली दहशत

**बरेली, अमृत विचार :** बरेली-दिल्ली पैसेंजर ट्रेन में रविवार देर रात आग लगने की अफवाह से दहशत फैल गई। ट्रेन के जनरल कोच से धुआं निकलना समझकर लोग ट्रेन से उतरने लगे। रेलवे ने आग की घटना से इन्कार किया। रेल अधिकारियों के मुताबिक किसी यात्री से गलती से अग्निशमन यंत्र दब गया था। जिससे निकले ड्राई केमिकल पाउडर को लोगों ने धुआं समझ लिया। इसका वीडियो भी वायरल हुआ है।

बरेली जंक्शन से शाम 04303 बरेली-दिल्ली पैसेंजर रवाना हुई थी। ट्रेन देर रात करीब 9 बजे चंदौसी-मुरादाबाद रेल सेक्शन के गुमथल स्टेशन पहुंची थी कि तभी ट्रेन के एक जनरल कोच से धुएं का गुबार निकलने लगा। इससे लोग घबरा गए और ट्रेन से कूदने लगे। वायरल वीडियो में बड़ी तादाद में सफेद धुआं दिख रहा है। इस दौरान यात्रियों के बीच आग का शोर मच गया। जानकारी मिलने के बाद आरपीएफ का स्टाफ भी मौके पर पहुंचा। रेल अधिकारियों के मुताबिक कैरिज एंड वैगन स्टाफ ने चेक किया तो कोच के अंदर रखा अग्निशमन यंत्र पूरा खाली हो चुका था, जिससे माना गया कि किसी यात्री से गलती से अग्निशमन यंत्र का वाल्व दब गया और उसमें से ड्राई केमिकल निकला। इस बीच करीब 1 घंटा तक ट्रेन रुकी रही। आरपीएफ प्रभारी निरीक्षक चंदौसी लोकेश कुमार ने बताया कि अग्निशमन यंत्र गलती से किसी यात्री से चल गया था। सकुशल ट्रेन को रवाना कर दिया गया।


अफवाह के बाद ट्रेन से उतरते यात्री।

- **किसी यात्री से गलती से दब गया था अग्निशमन यंत्र का वाल्व**
- **अग्निशमन यंत्र से निकला पाउडर मगर समझा धुआं**

## सावन में भी झमाझम बारिश के आसार नहीं

**बरेली, अमृत विचार :** सावन महीने में झमाझम बारिश की संभावना कम है। मौसम वैज्ञानिकों के पूर्वानुमान के अनुसार अरब सागर और बंगाल की खाड़ी से उठने वाली हवाएं यूपी के ऊपर एक-दूसरे से नहीं टकरा रही हैं। इसकी वजह से ही बारिश की संभावना नहीं बन रही है। बारिश न होने की वजह से लोग उमस भरी गर्मी से बेहाल हो रहे हैं। जिले में सोमवार को कुछ स्थानों पर कुछ देर की बारिश के बाद फिर उमस बढ़ गई। जिले का अधिकतम तापमान सामान्य से 2.1 डिग्री सेल्सियस अधिक 35.7 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान दो डिग्री अधिक 28.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इस दौरान हवा में नमी सुबह 78 प्रतिशत और शाम को 70 प्रतिशत दर्ज की गई। आंचलिक मौसम केंद्र लखनऊ के वरिष्ठ मौसम विज्ञानी डॉ. अतुल कुमार सिंह ने बताया कि सप्ताह भर बारिश का अनुमान जताया गया है लेकिन सावन में झमाझम बारिश के आसार नहीं हैं। इस दौरान हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है।



# किला में बंच केबल टूटने से 5 घंटे बिजली गुल

कार्यालय संवाददाता, बरेली


- **जगतपुर के कई इलाकों में 4 घंटे आपूर्ति रही बाधित**
- **सिविल लाइंस में फाल्ट से आई दिक्कत**

**अमृत विचार :** किला के खन्नू मोहल्ला में सोमवार शाम बंच केबल टूटकर गिर गया। इससे किला उपकेंद्र के पांच नंबर फीडर क्षेत्र के खन्नू मोहल्ला, मलूकपुर, गढैया, बमनपुरी आदि में करीब 5 घंटे बिजली गुल रही। रात 9 बजे के बाद आपूर्ति बहाल हो सकी। वहीं शास्त्रीनगर में ट्रांसफार्मर में आग लगने की वजह से एक घंटा आपूर्ति बाधित रही।

जगतपुर के कई इलाकों में 4 घंटे बिजली गुल रही। इस दौरान उपकेंद्र पर टेस्टिंग का काम किया गया। गर्मी में लोग परेशान होते रहे। किला और सुभाषनगर में कई मोहल्लों में एक फेस नहीं आया। सिविल लाइंस से जुड़े इलाकों में रविवार रात कई जगह लोकल फाल्ट की वजह से आपूर्ति प्रभावित रही। सावन के पहले सोमवार का ही शहर के कई इलाकों में बिजली संकट बना रहा। 33 /11 केवी जगतपुर उपकेंद्र पर सोमवार को टेस्टिंग का काम हुआ। इस वजह से उपकेंद्र से जुड़े सेटेलाइट से बीसलपुर चौराहा, पंचशील नगर, नवादा शेखान, पनवडिया, मीरा की पैठ, बुखरपुरा, आकाश पुरम, एजाज नगर गोटिया, राजीव नगर, आरपी एनक्लेव, गार्डन सिटी आदि की आपूर्ति पूर्वाह्न 11 से शाम 4 बजे तक बंद रही। लोगों को गर्मी में परेशानी का सामना करना पड़ा।

मढ़ीनाथ के शांति बिहार, सुभाषनगर के गणेशनगर, बदायूं रोड और अन्य इलाकों में लो वोल्टेज और एक फेस नहीं आने से दिक्कत हुई। किला के जसोली, मलूकपुर, बानखाना, गढ़ी चौकी, कुतुबखाना उपकेंद्र के आजमनगर, पुराना बस अड्डा, बिहारीपुर आदि स्थानों पर ट्रिपिंग की समस्या रही।

रविवार रात सिविल लाइंस के नवाब कैंपस, पैराडाइस एंक्लेव, सरन अस्पताल के सामने, केसर भवन, कमला कॉलोनी, स्टेशन रोड आदि स्थानों पर लोकल फाल्ट की वजह से रात 12 से सुबह 3 बजे तक आपूर्ति बाधित रही। नदोसी उपकेंद्र के तिलियापुर गांव में तार डालने का काम किया गया। इस वजह से पूरे दिन गांव की आपूर्ति ठप रही।


बंच केबल ठीक करता कर्मचारी।

### जोगी नवादा में सुबह 10 से शाम 6 बजे तक बाधित रहेगी आपूर्ति

बनखंडी नाथ मंदिर मार्ग पर नए पोल पर तार लगाने काम किया जाएगा। इस वजह से मंगलवार सुबह 10 से शाम 6 बजे तक जोगी नवादा में आपूर्ति बाधित रहेगी। यह जानकारी महानगर जेई पंकज शर्मा ने दी है।

# रोजा में ब्लॉक ने रोकी ट्रेनों की रफ्तार, कई ट्रेनें निरस्त

## नियंत्रित कर चलाने के कारण कई ट्रेनें बरेली जंक्शन पर घंटों की देरी से पहुंचीं

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** रोजा में चल रहे यार्ड रीमॉडलिंग कार्यों के कारण सोमवार को बड़ी संख्या में ट्रेनों का संचालन प्रभावित रहा। काठगोदाम-लखनऊ, लखनऊ-काठगोदाम, नौचंदी एक्सप्रेस, बरेली-रोजा पैसेंजर का संचालन निरस्त रहने से यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ा। जो ट्रेनें आईं, वे घंटों की देरी से बरेली जंक्शन पर पहुंची। इस परिस्थिति में 200 से ज्यादा यात्रियों को अपने टिकट वापस करने पड़े।

15043 लखनऊ-काठगोदाम, 22423 गोरखपुर-अमृतसर एक्सप्रेस, 15655 कामाख्या एक्सप्रेस, 15044 काठगोदाम-लखनऊ एक्सप्रेस निरस्त रहीं। 13151 सियालदह एक्सप्रेस, 12204 गरीबरथ एक्सप्रेस को मार्ग में नियंत्रित कर चलाया गया। मंगलवार को 20504 राजधानी एक्सप्रेस को मार्ग में नियंत्रित कर चलाया जाएगा। 14241 नौचंदी एक्सप्रेस को रेल प्रशासन ने पूर्व में निरस्त करने की जानकारी दी थी, लेकिन इस ट्रेन को चलाया गया। यह ट्रेन लगभग 3 घंटा रीशेड्यूल होने के कारण बरेली जंक्शन पर सोमवार सुबह करीब 5 घंटा देर से पहुंची। वहीं 04380 बरेली-रोजा पैसेंजर सोमवार को निरस्त रही।

इस कारण दैनिक यात्रियों को दिक्कत का सामना करना पड़ा। इस ट्रेन को पांच अगस्त तक के लिए कैंसिल किया गया है। इसके अलावा 15128 काशी विश्वनाथ एक्सप्रेस 3 घंटे देरी से पहुंची। 04379 रोजा बरेली पैसेंजर, 04380 बरेली रोजा पैसेंजर, 15044 काठगोदाम-लखनऊ, 15119 देहरादून जनता एक्सप्रेस और 14242 नौचंदी एक्सप्रेस आज निरस्त रहेंगी।


बरेली जंक्शन के प्लेटफार्म एक पर यात्रियों की भीड़। ● अमृत विचार

### निरस्त ट्रेनें बहाल पर बदले मार्ग से चलेंगी

रोजा में यार्ड रीमॉडलिंग के कारण पूर्व में निरस्त की गई कई ट्रेनों का संचालन बहाल करने की जानकारी रेल प्रशासन ने दी है। जानकारी के अनुसार 15211 दरभंगा-अमृतसर जननायक एक्सप्रेस, 15212 अमृतसर-दरभंगा जननायक एक्सप्रेस, 14603 सहरसा-अमृतसर एक्सप्रेस, 14604 अमृतसर-सहरसा एक्सप्रेस, 15531 सहरसा-अमृतसर जनसाधारण एक्सप्रेस, 15532 अमृतसर-सहरसा एक्सप्रेस को अलग-अलग तिथियों में बदले मार्ग से चलाया जाएगा। इस बीच इन ट्रेनों का संचालन बरेली जंक्शन पर निरस्त रहेगा।

# दो सप्ताह बाद पटरी पर लौटीं त्रिवेणी एक्सप्रेस समेत 20 ट्रेनें

**बरेली, अमृत विचार :** पीलीभीत-शाही रेल खंड को रविवार रात पूरी तरह से फिट घोषित होने के बाद सोमवार से ट्रेनों का संचालन शुरू हो गया। करीब दो सप्ताह बाद त्रिवेणी एक्सप्रेस समेत 20 ट्रेनें ट्रैक पर लौटीं। वहीं पूर्णागिरी जनशताब्दी एक्सप्रेस को अपने निर्धारित मार्ग टनकपुर तक चलाया गया। इज्जतनगर रेल मंडल के पीलीभीत-शाही खंड पर बारिश और बाढ़ के पानी से रेल यातायात बाधित हो गया था। ट्रैक बहाल होने के बाद सोमवार को 05321/05322 बरेली सिटी-टनकपुर-बरेली सिटी पैसेंजर, 05311/05312 बरेली सिटी-पीलीभीत-बरेली सिटी पैसेंजर, 05329/05330 बरेली सिटी-पीलीभीत-बरेली सिटी पैसेंजर, 05339/05340 बरेली सिटी-पीलीभीत-बरेली सिटी पैसेंजर, 05386 पीलीभीत-बरेली सिटी पैसेंजर, 05062/05061 टनकपुर-मथुरा जंक्शन-टनकपुर स्पेशल ट्रेन, 05097 टनकपुर-दौराई स्पेशल ट्रेन, 05341/05342 पीलीभीत-टनकपुर-पीलीभीत पैसेंजर, 15019 देहरादून-टनकपुर एक्सप्रेस, 15074/15076 टनकपुर-सिंगरौली/शक्तिनगर-टनकपुर त्रिवेणी एक्सप्रेस का संचालन बहाल कर दिया गया, जबकि 12035 टनकपुर-दिल्ली पूर्णागिरी जनशताब्दी एक्सप्रेस, 12036 दिल्ली-टनकपुर पूर्णागिरी जनशताब्दी एक्सप्रेस अपने निर्धारित रास्तों से चलाई गईं। **आज से इन ट्रेनों का संचालन होगा बहाल :** रेल प्रशासन ने मंगलवार से भी कई ट्रेनों का संचालन बहाल होने की जानकारी दी है। जिसमें दौराई से सोमवार को चलने वाली 05098 दौराई-टनकपुर विशेष स्पेशल ट्रेन और 15073/15075 सिंगरौली/शक्तिनगर-टनकपुर-सिंगरौली/शक्तिनगर त्रिवेणी एक्सप्रेस मंगलवार से अपने पूर्व निर्धारित मार्ग से चलाई जाएगी। वहीं ट्रेनें निरस्त होने से रेल प्रशासन को काफी घाटा भी हुआ है। वाणिज्य विभाग के अधिकारियों का कहना है कि इसका आकलन किया जा रहा है।



















# शाही कांड : उपद्रवियों के घर ध्वस्त होने के बाद ही किया अंतिम संस्कार

## प्रशासन ने एक धार्मिक स्थल समेत 11 संपत्ति की थीं चिह्नित, सभी ने सरकारी जमीन पर अतिक्रमण कर बनाए थे घर, चला बुलडोजर

संवाददाता, बरेली/शाही

**अमृत विचार :** थाना शाही क्षेत्र के गांव गौसगंज में पूर्व प्रधान के बेटे तेजपाल का शव सोमवार को जब गांव पहुंचा तो परिजनों ने अंतिम संस्कार करने से इन्कार कर दिया। पुलिस अधिकारियों के समझाने पर परिजन आरोपियों पर कार्रवाई की मांग पर अड़ गए। जब आरोपियों के घरों पर बुलडोजर चलने लगा, तब परिजनों ने अंतिम संस्कार किया। प्रशासन की टीम ने सरकारी जमीन पर कब्जा करके बने 10 घरों और एक धार्मिक स्थल को चिह्नित किया था। गांव में तनाव को देखते हुए भारी पुलिस फोर्स तैनात की गई है।

गौसगंज में 16 जुलाई को ताजिया निकालने को लेकर दो पक्षों में विवाद हुआ था। एक पक्ष ने धर्म स्थल के पास ढोल बजाने को मना किया था। दूसरे पक्ष के अब्दुल ने 19 जुलाई को बैठक के बाद एक महिला पर लेजर लाइट मारी थी। इसका हीरा लाल, रुपचंद्र, लालता प्रसाद, रेवीराम, मनोहर लाल समेत अन्य ने विरोध किया था। इसके बाद अब्दुल के बुलाने पर 65 लोगों ने घर में घुसकर हमला बोल दिया था और महिलाओं से भी मारपीट की थी।


गौसगंज गांव में उपद्रवियों के घरों को बुलडोजर चलाकर किया ध्वस्त। ● अमृत विचार

● 19 जुलाई को महिला पर टॉर्च मारने के विरोध में घर में घुसकर बोला था हमला

### नौ थानों की पुलिस फोर्स रही मौजूद

गांव में तनाव की स्थिति को देखते हुए पुलिस-प्रशासन ने पहले से तैयारी शुरू कर दी थी। सोमवार सुबह से शाही, शीशगढ़, देवरनियां, शेरगढ़, भोजीपुरा, फतेहगंज पश्चिमी, मीरगंज, बिथरी चैनपुर, भुता थानों की फोर्स गौसगंज पहुंच गई। दो गाड़ियां पीएसी के साथ एसपी दक्षिणी मानुष पारीक, उपजिलाधिकारी मीरगंज तृप्ति गुप्ता, सीओ मीरगंज अरुण कुमार सिंह, मौके पर पहुंची। तेजपाल की मौत के बाद गुस्साए लोगों को शांत कराते हुए अंतिम संस्कार कराया।

### धर्म स्थल में ले जाकर तेजपाल को पीटा था

तेजपाल का शव देखकर अनीता बेहोश हो गई। पिता हीरालाल ने बताया कि तेजराम घटना के वक्त लोगों को झगड़ा न करने के लिए समझाने गया था, लेकिन आरोपियों ने उसकी जान ले ली। बवाल के दौरान उनके बेटे को गांव के ही बख्तावर, इशरत अली, शोएब अली, इम्तियाज, सद्दाम भूरा आदि उठा कर धर्म स्थल में ले गए और उसकी लाठी-डंडे से पिटाई की। इशरत अली ने उसके गुप्तांग पर कई बार लात से प्रहार किया और घायल अवस्था में उसे गांव के पास छोड़कर फरार हो गए। पुलिस प्रशासन की कार्रवाई से दूसरे पक्ष के ज्यादातर लोग घरों पर ताला लटका कर मौके से फरार चल रहे हैं। पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है।


तेजपाल के परिजनों को समझाते पुलिस अधिकारी। ● अमृत विचार

### इन 10 आरोपियों के घरों पर चला बुलडोजर

बवाल में मास्टर माइंड बख्तावर अली, इशरत अली, रियासत अली, मकसूद, याशीन, युसुफ अली, इस्तियाक, मुकीम शाह, अशफाक और इस्तियाक के मकानों पर बुलडोजर चला। इसके अलावा एक धार्मिक स्थल पर सरकारी जमीन पर कब्जा करके बनाया गया था, जिस पर कार्रवाई नहीं की गई।

### कार्रवाई के बाद अंतिम संस्कार की बात पर अड़े रहे ग्रामीण

परिजन सोमवार को तेजपाल का शव परिजन अस्पताल से घर लेकर पहुंचे लेकिन लोगों ने अंतिम संस्कार करने से मना कर दिया और उपद्रवियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग पर अड़ गए। जब प्रशासन ने बुलडोजर की कार्रवाई की तो शव का अंतिम संस्कार किया गया। गांव पहुंचे क्षेत्रीय विधायक डॉ. डीसी वर्मा ने परिजनों को ढांढस बंधाया और दोषियों पर कठोर कार्रवाई का आश्वासन दिया।



"प्रशासन की टीम ने सरकारी जमीन पर बने 10 घरों समेत 11 संपत्तियां चिह्नित की थीं। 10 लोगों का अतिक्रमण हटाया गया है। सरकारी जमीन पर कब्जा करने वाले अन्य लोगों की संपत्ति भी चिह्नित की जा रही है। **-तृप्ति गुप्ता**, उप जिलाधिकारी मीरगंज

"पुलिस की मौजूदगी में प्रशासन की टीम ने आरोपियों के घरों पर बुलडोजर चलाया है। फरार आरोपियों की तलाश की जा रही है। विवेचना में जिस भी आरोपियों की मिलीभगत पाई जाएगी उनका भी नाम बढ़ाया जाएगा। **-मानुष पारीक**, पुलिस अधीक्षक ग्रामीण

### आज का मौसम

तेज हवा के साथ बारिश का अनुमान

37.0⁰ अधिकतम तापमान | 27.0⁰ न्यूनतम तापमान

### शहर में आज

- इंडियन इंडस्ट्री एसोसिएशन द्वारा बजट का सीधा प्रसारण होटल बरेली पैलेस में सुबह 11 बजे।
- रोहिलखंड मैनेजमेंट एसोसिएशन द्वारा बजट पर सेमिनार रोटरी भवन में रात 8 बजे।
- मानव सेवा क्लब द्वारा शहीद चंद्रशेखर आजाद जयंती पर श्रद्धांजलि सभा एवं पौधरोपण डीडीपुरम में पंकज शहीद स्मारक पर शाम 6 बजे।

# सीएम पोर्टल पर शिकायत के बाद हटाने गए थे अतिक्रमण, नोकझोंक के बाद लौटे

कार्यालय संवादाता, बरेली

**अमृत विचार :** नगर निगम की टीम सोमवार को वार्ड 64 के बाग ब्रिगटान में खोखों में चल रहीं 28 दुकानों का अतिक्रमण हटाने गई थी लेकिन दुकानदारों से नोकझोंक के बाद सिर्फ चेतावनी देकर लौट आई। अतिक्रमण हटाने के दौरान काफी देर तक हंगामा हुआ। एक महिला ने कुछ दिनों पहले सीएम पोर्टल पर अतिक्रमण की शिकायत की थी।

सिविल लाइंस इस्लामिया मार्केट निवासी निषाद बेगम ने अप्रैल में सीएम पोर्टल पर शिकायत की थी कि कुमार सिनेमा के पीछे बाग ब्रिगटान में 13 फीट की सड़क है। इसके दोनों तरफ 28 खोखों में दुकानें चल रही हैं। इसकी वजह से सड़क सकरी हो गई है। शिकायत में आरोप लगाया कि कई दुकानदारों की नगर निगम के कुछ कर्मचारियों से मिलीभगत है और उन्हें हर माह रुपये पहुंचते हैं। इसके अलावा कुछ लोगों के खिलाफ आपराधिक मामले में भी दर्ज हैं और विरोध करने पर मारपीट पर उतारू हो जाते है। काफी दिनों से लंबित प्रकरण होने के कारण कई बार अधिकारियों को भी इसके लिए सुनना पड़ा।

मामले को गंभीरता से लेते हुए मेयर डॉ. उमेश गौतम ने सोमवार को निर्माण विभाग की एक टीम मौके भेजकर अतिक्रमण हटाने का निर्देश दिया। विशेष टीम का गठन कर करीब 12 बजे अतिक्रमण हटाने के लिए भेजा गया, जैसे ही टीम पहुंची तो अतिक्रमण करने वाले दुकानदार दुकानें बंद कर सड़क पर आ गए। टीम दुकानें हटाने लगी तो विरोध करते हुए घेराव कर लिया। काफी संख्या में आए लोगों के सामने नगर निगम की टीम असहाय बन गई क्योंकि पुलिस और मजिस्ट्रेट नहीं थे। टीम ने कहा कि अतिक्रमण शाम तक हटा ले नहीं तो हटा दिया जाएगा। इस पर भी कुछ अतिक्रमणकारियों ने हंगामा करते हुए कहा कि किसी भी दशा में दुकान नहीं हटाएंगें। करीब डेढ़ घंटे तक बहस होने के बाद टीम बिना अतिक्रमण हटाए लौट गई। कुछ लोगों का कहना है कि इस तरह कई बार हो चुका है।


बाग ब्रिगटान में नगर निगम की टीम से नोकझोंक करते दुकानदार। ● अमृत विचार

● बाग ब्रिगटान में अतिक्रमण कर 28 दुकानें लगाने की महिला ने की थी शिकायत

## निलंबित धौराटांडा चौकी इंचार्ज के खिलाफ भ्रष्टाचार की रिपोर्ट

**बरेली, अमृत विचार :** थाना भोजीपुरा में निलंबित धौराटांडा चौकी इंचार्ज संजीव यादव के खिलाफ वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य के आदेश पर भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत रिपोर्ट दर्ज की गई है। चौकी इंचार्ज का पांच हजार रुपये की रिश्वत लेते वीडियो वायरल हुआ था। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने नवाबगंज सीओ हर्ष मोदी से जांच कराने के बाद चौकी इंचार्ज को रविवार को निलंबित किया था।

धौराटांडा के बाजार मोहल्ला निवासी अब्दुल खालिक के मुताबिक दो महीने पहले उसके बेटे रिजवान के खिलाफ गांव ईसापुर निवासी एक व्यक्ति ने घर में घुसने का आरोप लगाया था। व्यक्ति ने धौराटांडा चौकी इंचार्ज रहे संजीव यादव से शिकायत की थी। आरोप है कि ग्राम प्रधान ईसापुर तफ्सीर अहमद कार्रवाई के लिए दरोगा संजीव कुमार को लेकर उसके घर पहुंचे। जिस पर उसने कहा कि वह अपने बेटे को लेकर चौकी में आ जाएगा। प्रधान के कहने पर पांच हजार रुपये दिए थे।

# मूर्तियां तोड़ने के मामले में चार गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

● गोपेश्वरनाथ मंदिर में युवक ने तोड़ी थीं मूर्तियां, पुलिस ने भेजा जेल

● बहनोई और साथियों पर युवक को भड़काने का आरोप

**अमृत विचार :** डेलापीर मंडी में गोपेश्वर नाथ मंदिर में रविवार को मूर्तियां तोड़ने और पुजारी और उनकी पत्नी पर हमला करने के मामले में पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार किया। आरोपियों की पहचान उत्तराखंड के खटीमा के इस्लाम नगर गौंटिया निवासी मोहम्मद अकरम उर्फ सोनू, इज्जतनगर के बिहारमान नगला निवासी शाहरुख, अरशद और बारादरी के जगतपुर निवासी सोनू के बहनोई मोहम्मद आजम के रूप में हुई है। पुलिस ने सभी को कोर्ट में पेश किया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।

वहीं मंदिर में सावन के पहले सोमवार पर सुबह पुलिस, पीएसी और आरएएफ की टीम तैनात रही। फोर्स की मौजूदगी में लोगों ने पूजा और जलाभिषेक किया। गोपेश्वरनाथ मंदिर में रविवार सुबह 7:30 बजे मोहम्मद अकरम ने मूर्तियों को तोड़ दिया था। उसने विरोध पर पुजारी राज किशोर और उनकी पत्नी पर भी जानलेवा हमला किया था। मंडी के गेट पर तैनात सुरक्षाकर्मी ने लोगों की मदद से पकड़कर उसे पुलिस के हवाले किया था। पुलिस ने अकरम के कब्जे से विदेशी मुद्रा, एक चाकू और एक एक्टिवा स्कूटी बरामद की है। मामले में जानलेवा हमले की भी धारा जोड़ी गई है। पुलिस के मुताबिक अकरम को उसके बहनोई और साथियों ने भड़काया था, जिसकी वजह से उन्हें भी गिरफ्तार किया गया है। थाना प्रभारी राधेश्याम ने बताया कि मुख्य आरोपी समेत चार लोगों को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया गया, जहां से चारों को जेल भेज दिया गया।


डेलापीर मंडी में मंदिर में मूर्तियां तोड़ने के मामले में गिरफ्त में आरोपी। ● अमृत विचार

### मूर्तियां तोड़ने वालों पर हो रही सख्त कार्रवाई : मंत्री



वन मंत्री डॉ. अरुण कुमार सक्सेना सोमवार को डेलापीर मंडी में गोपेश्वरनाथ मंदिर पहुंचे। उन्होंने बताया कि नई मूर्ति स्थापित कर पूजा की जा रही है। बृहस्पतिवार को पूजा समाप्त होने के बाद भंडारे का आयोजन किया जाएगा। मूर्ति तोड़ने वालों के खिलाफ पुलिस सख्त कार्रवाई कर रही है। उन्होंने बताया कि जो भी दोषी होगा, उस पर सख्ती की जाएगी। उन्होंने मौजूद लोगों से कहा कि निर्भिक होकर पूजा पाठ करें। वह उनके साथ हैं।

## एसी के आउटडोर यूनिट में लगी आग


एसी के आउटडोर में लगी आग।

**बरेली, अमृत विचार :** मिशन हॉस्पिटल के पास अशोका फोम के शोरूम के पीछे लगे एसी के आउटडोर यूनिट में सोमवार को दोपहर दो बजे आग लग गई। मौके पर पहुंची अग्निशमन की टीम ने तत्काल आग पर काबू पाया। अग्निशमन अधिकारी संजीव कुमार ने बताया कि आग को तत्काल प्रभाव से बुझा दिया गया था। इस दौरान कोई जनहानि नहीं हुई।

## नकली तेल बेचने वाली कंपनी पर रिपोर्ट

**सीबीगंज, अमृत विचार :** बैल कोल्हू के मिलते जुलते नाम से तेल बेचने वाली गोरखपुर और बिहार की फर्म पर कंपनी प्रबंधन की ओर से कॉपीराइट एक्ट और धोखाधड़ी की धाराओं में थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

बैल कोल्हू कंपनी के डीजीएम प्रेम बाबू शर्मा ने बताया कि लंबे समय से देश भर के अलग-अलग राज्यों से बैल कोल्हू ब्रांड के मिलते जुलते नाम से तेल बेचने की शिकायत आ रही थी। इन कंपनियों ने बैल कोल्हू ब्रांड के मिलते जुलते नाम के साथ लोगो, स्टीकर, आर्ट वर्क भी हूबहू बना कर लगा रहे थे। कंपनी का लोगो, स्टीकर होने की वजह से ग्राहक उसे असली तेल समझ रहे थे। इस संबंध में बेस्ट कोल्हू, पेस्टी कोल्हू, किसान कोल्हू, प्योर कोल्हू नाम से तेल बेच रही फर्म से संपर्क कर उन्हें लोगो स्टीकर आर्ट वर्क न इस्तेमाल करने की चेतावनी दी। जिला सीवान, बिहार की जैसवाल इंटरप्राइजेज, गोरखपुर की ओम इंटरप्राइजेज पर रिपोर्ट दर्ज कराई गई। इंस्पेक्टर राजबली सिंह ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

# शिक्षक करता था बच्चियों से छेड़छाड़, चाइल्ड लाइन की टीम ने विद्यालय पहुंचकर की जांच

कार्यालय संवाददाता, बरेली

● भमोरा क्षेत्र के एक सरकारी विद्यालय का मामला

● टीम ने पीड़ित छात्रा की सहेलियों के बयान दर्ज किए

**अमृत विचार :** भमोरा क्षेत्र के एक सरकारी विद्यालय में शिक्षक छात्राओं से छेड़खानी करता था। इसकी एक अज्ञात व्यक्ति ने चाइल्ड हेल्प लाइन पर फोन कर शिकायत की। इस पर सोमवार को चाइल्ड लाइन की टीम ने स्कूल पहुंचकर कर जांच की।

मामले में पीड़ित एक छात्रा की सहेलियों के बयान दर्ज किए। दरअसल, विद्यालय का शिक्षक छात्रा के साथ छेड़छाड़ करता था। जब बच्ची ने शिकायत माता पिता से की तो उसे स्कूल जाने से ही रोक दिया गया, लेकिन एक अज्ञात व्यक्ति ने इस संबंध में चाइल्ड हेल्प लाइन पर शिकायत की। चाइल्ड लाइन की टीम सोमवार को गांव पहुंची। स्कूल की प्रधानाचार्य और पीड़ित छात्रा की सहेलियों से पूछताछ की, जिसमें कई बच्चियों ने इस बात को माना कि शिक्षक छेड़खानी कर चुका है। हैरानी की बात है कि मामले में माता पिता कार्रवाई करने के बजाय बच्चियों को ही स्कूल जाने से रोकने लगे हैं। फिलहाल, प्रधानाचार्य ने चाइल्ड लाइन टीम से मामले में आरोपी शिक्षक के खिलाफ कार्रवाई करने की बात कही है।

## छात्र को पीटने वाली शिक्षिका निलंबित

**बरेली/क्योलड़िया, अमृत विचार :** जामुन और नींबू तोड़कर न लाने पर छात्र की बेरहमी से पिटाई करने वाली शिक्षिका के खिलाफ थाना क्योलड़िया में रिपोर्ट दर्ज की गई है। मामला संज्ञान में आने पर बेसिक शिक्षा अधिकारी ने शिक्षिका रजनी को निलंबित कर दिया है।

भदपुरा ब्लॉक के प्राथमिक विद्यालय बिहारीपुर अब्दुल रहमान में पोथी राम का नौ वर्षीय बेटा कमल कक्षा चार का छात्र है। आरोप है कि शिक्षिका रजनी ने छात्र से जामुन तोड़कर मंगवाए थे। इसकी जानकारी ग्रामीणों को हुई तो छात्र ने शिक्षिका का नाम बता दिया। इससे नाराज शिक्षिका ने छात्र कमल की कमरे में बंद कर डंडे से पिटाई की। उसकी पीठी की खाल तक छिल गई। छात्र के पिता पोथी राम ने थाना क्योलड़िया में शिक्षिका के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। घटना का संज्ञान लेते हुए खंड शिक्षा अधिकारी भदपुरा विजय कुमार सिंह ने शिक्षिका रजनी के निलंबन की संस्तुति बेसिक शिक्षा अधिकारी संजय सिंह को की। बेसिक शिक्षा अधिकारी ने दलित छात्र को पीटने के आरोप में शिक्षिका को निलंबित कर दिया।

# प्रस्तावित सर्किल रेट पर कई आपत्तियां आईं, निराकरण के लिए बैठक 25 को

कार्यालय संवाददाता, बरेली

● कम तो किसी ने ज्यादा सर्किल रेट होने की बात कही

● अफसर आपत्तियों को सूचीबद्ध करने में जुटे

**अमृत विचार :** 1 अगस्त से लागू होने वाले सर्किल रेट को लेकर सोमवार आपत्ति दाखिल करने का अंतिम दिन था। विभिन्न कार्यालयों में आईं आपत्तियों को विभाग सूचीबद्ध करने में जुट गया है, क्योंकि 25 जुलाई को विकास भवन के सभागार में अधिकारी बैठक करेंगे। इसके बाद आपत्तियों का निस्तारण किया जाएगा।

एडीएम वित्त एवं राजस्व कार्यालय में करीब 10 लोगों ने आपत्ति दाखिल की है। इसमें कई लोगों की शिकायत है कि उनके आसपास का सर्किल रेट अधिक है, लेकिन उनके यहां कम सर्किल रेट निर्धारित किया गया है। जबकि कुछ लोगों का कहना है कि सर्किल रेट अधिक है, इसे कम किया जाए। अवंतिका देवी उपनिबंधक तहसील मीरगंज ने बताया कि यहां रजिस्ट्री ऑफिस में प्रस्तावित रेट लिस्ट रखी हुई है। तहसील क्षेत्र में 50 गांव और इतने ही मोहल्ले लिए गए हैं, जिसमें ज्यादा बैनामे होते हैं और जो सेगमेंट हैं। जिनके सर्किट रेट बढ़े हैं। आंवला में एक भी आपत्ति दर्ज नहीं की गई है। रजिस्ट्रार काली चरन ने बताया है कि एक अलीगंज से आपत्ति आई है, प्रार्थना पत्र पर कोई नाम नहीं है। इसलिए इसे दर्ज नहीं किया गया है। जबकि सदर तहसील में करीब 11 लोगों ने सर्किल रेट को लेकर आपत्ति दर्ज कराई है। इसमें आपत्ति दर्ज कराने वाले ऐसे लोग हैं, जहां नई कॉलोनियां बस रही हैं। इन स्थानों पर सर्किल रेट कम होने की बात कही जा रही है। वहीं, फरीदपुर में 6 आपत्ति दाखिल की गई हैं, जो कि समय निकालने के बाद दाखिल हुई हैं। इनका भी संज्ञान लिया जा सकता है। फिलहाल, सभी तहसील, निबंधन कार्यालय और सहायक निबंधन कार्यालयों से आपत्तियां आने के वजह से सोमवार शाम तक सूची बनाने का काम किया जा रहा था।

एआईजी स्टांप तेज सिंह यादव के अनुसार सभी तहसीलों से आपत्तियों को मंगलवार तक मांगा लिया जाएगा। इसके बाद सूचीबद्ध कर उनका निस्तारण किया जाएगा। इसके बाद प्रस्तावित सर्किल रेट का निर्धारण किया जाएगा।

अपर जिला अधिकारी वित्त एवं राजस्व संतोष बहादुर सिंह ने बताया कि इस संबंध में 25 जुलाई को बैठक होगी, जिसमें आपत्तियों का निस्तारित किया जाएगा।

# गृहकर बिलों में गड़बड़ियों पर हंगामा, मेयर ने सीटीओ को किया तलब

कार्यालय संवाददाता, बरेली

● विभिन्न संगठनों ने मेयर और नगर आयुक्त कार्यालय के बाहर किया प्रदर्शन

● जीआईएस सर्वे पर उठाए सवाल, जमकर जताया विरोध

**अमृत विचार :** जीआईएस सर्वे के बाद गृहकर बिलों में हुईं गड़बड़ियों को लेकर नगर निगम में सोमवार को जमकर हंगामा हुआ। पार्षद राजेश अग्रवाल की अगुवाई में पार्षद, व्यापार मंडल समेत कई संगठनों ने मेयर और नगर आयुक्त कार्यालय के बाहर विरोध-प्रदर्शन किया। पहले लोग नगर आयुक्त निधि गुप्ता वत्स से मिले। यहां समस्या का समाधान न होने पर उन्होंने मेयर डॉ. उमेश गौतम का घेराव किया। मेयर ने तुरंत सीटीओ प्रदीप कुमार मिश्र को बुलाया और लोगों की समस्याओं के बारे में बताया। इस पर सीटीओ ने तर्क दिया कि सभी छूट दी जा रही हैं तो मेयर ने कहा कि क्या सभी लोग झूठ बोल रहे हैं। मेयर ने यहां तक कह दिया कि बिलों में गड़बड़ी के कारण गरीब और अमीर सभी परेशान हैं। मुझे भी दो बार काउंटर पर जाना पड़ा, इसके बाद भी समस्या का निदान हुआ। यह अंतिम चेतावनी है, जल्द से जल्द व्यवस्था में सुधार करें।

दोपहर में नगर निगम परिसर में कई पार्षद व्यापार मंडल,सामाजिक संगठन हाउस टैक्स की समस्या को लेकर जुटे और नारेबाजी कर प्रदर्शन किया। पार्षद राजेश अग्रवाल ने कहा कि गृहकरों में बोर्ड में फैसला होने के बाद भी समस्या जस की तस है। जून में मेयर के साथ जिन मुद्दों पर बैठक में सहमति बनी थीं, उसका भी कर विभाग पालन नहीं कर रहा है। एक मकान का ए और बी बना कर आवासीय और व्यवसायिक दोनों बिल जारी हो रहे हैं।

मेयर कक्ष में तर्कों की बौछार होने लगी तो मेयर को भी समझ में आ गया कि टैक्स को लेकर लोग परेशान हैं। इस पर उन्होंने मुख्य कर निर्धारण अधिकारी (सीटीओ) को बुलाया तो ज्ञापन देने वालों ने एक-एक कर समस्या रखनी शुरू की। इस पर सीटीओ सफाई देते रहे। मेयर ने कहा कि वह अंतिम बार कह रहे हैं, अगर व्यवस्था में सुधार नहीं हुआ तो संबंधित कार्रवाई की जाएगी।

इस दौरान भारतीय उद्योग व्यापार मंडल, उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंच, बरेली ट्रेड यूनियन, बरेली संघर्ष समिति, बरेली सिविल सोसाइटी, जनसेवा मंच के पम्मी खां वारसी, संजीव मेहरोत्रा, विकास अग्रवाल,अनिल अग्रवाल, पार्षद संजय आनंद, संजीव मल्होत्रा, जितेंद्र मिश्रा, मुकेश कुमार, राज नारायण, गोहर अली, रोहित राजपूत, फुरकान शम्सी, प्रथमेश गुप्ता, मनीषा, आईएस भिन्डर, मेहताब, मुकेश खटवानी, मुकेश अग्रवाल, दिनेश दद्दा, सुमन मेहरा, नावेद बेग, राजीव मोहन, नासिर अली, मुकेश झा, शिरीष गुप्ता, बॉबी अग्रवाल, राजेश भाटिया, पार्षद जयप्रकाश राजपूत, अनुज गुप्ता, देवेंद्र पाल सिंह आदि उपस्थित रहे।


मेयर से गृहकर बिलों में गड़बड़ियों की शिकायत करते पार्षद और व्यापारी। ● अमृत विचार

### ज्ञापन में ये मांगें उठाईं

ज्ञापन में लोगों ने मांग करते हुए कहा कि मिश्रित भवनों पर कर में छूट दी जाए, पुराने भवनों पर पूर्व की तरह छूट मिले, कर विभाग में बाहरी व्यक्तियों की तैनाती न हो, स्वकर प्रणाली के तहत बैंक में सीधे पैसा जमा करने की सुविधा मिले।

### मेयर ने काउंटर का किया निरीक्षण

गृहकर को लेकर हुए हंगामे के बाद मेयर ने जमा काउंटर का निरीक्षण किया। उन्होंने गृहकरों की शिकायत लेकर आने वाले कुछ लोगों से बात की। मुख्य कर निर्धारण अधिकारी को पुराने टैक्स विभाग में बन रहे काउंटरों को शुरू कराने के निर्देश दिए।

# मरीजों की उमड़ी भीड़, पर्चा काउंटर पर जमकर हंगामा

## पैथोलॉजी लैब में सर्वर ठप होने से सैंपलिंग कार्य प्रभावित

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** जिला अस्पताल में सोमवार को मरीजों की भीड़ उमड़ी। इस दौरान पर्चा काउंटर पर मरीजों के बीच जमकर नोकझोंक हुई। लैब में सर्वर ठप होने के कारण उपकरण बंद हो गए। इस वजह से सैंपलिंग कार्य प्रभावित हुआ। मरीजों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा।

अन्य दिनों की तुलना में सोमवार को ओपीडी में मरीजों की संख्या अधिक रहती है। सुबह 8 बजे से पहले पर्चा काउंटर पर मरीजों की भीड़ लगने लगी। यहां बुजुर्गों के लिए अलग काउंटर है। इस दौरान कुछ लोग पर्चा बनवाने के लिए बुजुर्गों की लाइन में घुस गए। इस बात को लेकर मरीजों के बीच नोकझोंक हुई। काफी देर तक पर्चा काउंटर हंगामा हुआ। स्टाफ ने दोनों पक्षों को शांत कराया। गर्मी की वजह से मरीज बेहाल नजर आए। ओपीडी में 1465 मरीज इलाज के लिए आए। इसमें सबसे ज्यादा करीब 80 बुखार के रोगी थे। गर्मी की वजह से डायरिया के मरीजों की भी संख्या बढ़ी है।



जिला अस्पताल की ओपीडी में उमड़े मरीज। ● अमृत विचार

● जिला अस्पताल में मरीजों को झेलनी पड़ी परेशानी

### एक घंटे ठप रहा सर्वर पर्चों की ऑनलाइन नहीं हो सकी एंट्री

150 से 200 मरीज रोजाना अस्पताल स्थित पैथोलॉजी लैब में जांच कराने के लिए आते हैं। सोमवार को सर्वर में खराबी से लैब में लगे उपकरण ठप हो गए। इस वजह से मरीजों के पर्चों की ऑनलाइन एंट्री नहीं हो सकी। करीब एक घंटे तक यह समस्या रही।

### मरीजों का दर्द

शाहजहांपुर से यहां आया हूं, लेकिन लैब का सर्वर ठप होने की बात स्टाफ ने बताई है, एक घंटा हो गया, लेकिन अभी तक सैंपलिंग नहीं हो पाई है। –कमलेश

शनिवार को डॉक्टर को दिखाया था, कुछ जांचे हुई हैं। जिसकी रिपोर्ट लेनी थी, लेकिन लैब में लगे उपकरण बंद हो गए हैं। करीब आधे घंटे से इंतजार कर रहा हूं। – नजीर

पर्चा बनवा कर 9 बजे से लाइन में लगी हूं, लेकिन एक घंटा बीतने के बाद भी अभी तक डॉक्टर के पास नहीं पहुंच पाई हूं। –जयबुन निशा

## डॉक्टर लिख रहे पांच दवाएं, मरीजों को मिल रहीं सिर्फ दो

**बरेली, अमृत विचार :** तीन सौ बेड अस्पताल की ओपीडी में डॉक्टर जो दवाएं लिख रहे हैं, उनमें से मरीज को पूरी दवाएं नहीं मिल पा रही हैं। मरीज जब फार्मेसी विभाग में दवा लेने के लिए पर्चा दे रहे हैं तो उन्हें पांच में से सिर्फ दो दवाएं ही मिल रही हैं। इसके पीछे जीवन रक्षक दवाओं की कमी बताई जा रही है।

स्टाफ के अनुसार करीब एक सप्ताह से मरीजों को पूरी दवाएं नहीं मिल पा रही हैं। बुखार, वायरल संक्रमण और पेट संबंधी दवाएं अस्पताल में उपलब्ध नहीं हैं।

इससे मरीजों को मेडिकल स्टोर से दवा खरीदनी पड़ रही है। बताते हैं कि जिला अस्पताल से दवा मंगाने के लिए पत्र भेजने की जिम्मेदारी जिस फार्मासिस्ट की है, वह लंबे समय से अवकाश पर हैं, हालांकि अन्य फार्मासिस्ट ने मरीजों की सहूलियत के चलते मांग पत्र भेज दिया है। मंगलवार को दवा उपलब्ध होने की बात कही जा रही है।

## 10 लाख घरों में सर्वे का दावा पर सिर्फ चार घरों में ही मिला लार्वा

● अप्रैल से टीमें जिले में कर रही हैं सर्वे, मलेरिया के मरीज 487 हुए

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** जिले में मलेरिया के मामले अप्रैल से लगातार बढ़ रहे हैं। अब तक करीब पांच सौ मरीज सामने आ चुके हैं लेकिन रोकथाम के दावे झूठे साबित हो रहे हैं। स्वास्थ्य विभाग की पांच सौ टीमें अप्रैल से घर-घर सर्वे कर रही हैं और अब तक करीब 10 लाख घरों का सर्वे किया जा चुका है लेकिन शेरगढ़ के हल्दी कला गांव में ही सिर्फ चार ही जगह लार्वा मिला है।

अप्रैल से जिले में संचारी रोग नियंत्रण अभियान चल रहा है और 15 जुलाई से घर-घर लार्वा खोजने के लिए दस्तक अभियान भी चल रहा है। इस दौरान मलेरिया के लक्षण वाले एक लाख 42 हजार मरीजों की जांच भी की गईं हैं। जनवरी से अब तक 487 मरीज मलेरिया से ग्रसित मिल चुके हैं।

### दो माह में आई तेजी, 200 से अधिक मरीज मिले

जिला मलेरिया अधिकारी सत्येंद्र सिंह ने बताया कि पिछले साल की तुलना में मलेरिया की जांचों की संख्या बढ़ी है। डेढ़ लाख के करीब जिले में अब तक जांचें की जा चुकी हैं लेकिन दो महीने में दो सौ से अधिक मरीज मिले हैं। उन्होंने बताया कि मलेरिया को लेकर संवेदनशील पांच ब्लॉकों के गांवों के तालाबों में गंबूजिया मछली छोड़ने की कार्य योजना तैयार हो गई है। ये मछली मच्छरों के लार्वा को सेवन कर उन्हें नष्ट कर देती है। अगले सप्ताह से ही टीमों की ओर से मछली छोड़ने की प्रक्रिया आरंभ होगी।

## बच्चा वार्ड के बाहर गंदगी, सफाई कर्मी नहीं दे रहे ध्यान

**बरेली, अमृत विचार :** अस्पताल के बच्चा वार्ड के बाहर गंदगी पसरी हुई है। दरअसल, तीमारदार कूड़ा वार्ड के बाहर ही फेंक देते हैं। इस संबंध में कई बार स्टाफ तीमारदारों को हिदायत दे चुका है। वहीं, सफाई कर्मी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं। सोमवार को दोपहर एक बजे तक वार्ड के बाहर स्थिति जस की तस नजर आई।



## अपडेशन के बाद ही होगा पेंशन का भुगतान

**बरेली, अमृत विचार :** वित्तीय सांख्यिकी निदेशालय लखनऊ में कोषागार प्रोग्राम के अपडेशन का काम पांच दिनों से किया जा रहा है। इस वजह से पेंशन संबंधी कोई भी भुगतान नहीं हो पा रहा है। मुख्य कोषाधिकारी ने बताया कि कोषागार से पेंशन प्राप्त करने वाले सभी पेंशनरों और पारिवारिक पेंशनरों को अपडेशन पूरा होने के बाद ही भुगतान किया जा सकेगा।

## तंबाकू उत्पादों का सेवन रोकने के लिए जुर्माना बढ़ाने का सुझाव

**बरेली, अमृत विचार :** रुहेलखंड विश्वविद्यालय के विधि विभाग में सोमवार को शोध छात्र अतुल कुमार मिश्रा की प्री-पीएचडी मौखिकी परीक्षा हुई। अतुल कुमार मिश्रा ने बाह्य परीक्षक डॉ. राम मनोहर लोहिया नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी लखनऊ के कुलपति प्रो. अमरपाल सिंह के समक्ष प्रस्तुतीकरण दिया। अतुल ने इंपेक्ट ऑफ एसेसमेंट स्टडी ऑफ द सिगरेट एंड अदर तंबाकू प्रोडक्ट्स एक्ट, 2003 (सीओटीपीए) इन रोहिलखंड रीजन ऑफ उत्तर प्रदेश विषय पर प्रो. दीपक आनंद के निर्देशन में शोध पूरा किया। शोध में सिगरेट और तंबाकू सेवन को रोकने से संबंधित सुझाव दिए गए और एक्ट में लोक स्थान की परिभाषा विस्तृत करने और जुर्माने की राशि बढ़ाने का सुझाव दिया। इसके अलावा अधिकारी वर्ग के माध्यम से लोगों में जागरूकता लाने और अधिनियम के निष्पादन को सख्ती से किए जाने का भी सुझाव दिया गया। इस मौके पर विधि विभागाध्यक्ष डॉ. अमित सिंह, प्रो. दीपक आनंद, डॉ. शहनाज अख्तर, डॉ. लक्ष्मी देवी, नईमुद्दीन, अमित कुमार सिंह, डॉ. लक्ष्य लता, रविकर यादव, डॉ. अन्नू शर्मा, अनुष्का मूलचंदानी, राष्ट्रवर्धन, नेहा दिवाकर, श्रद्धा स्वरूप आदि मौजूद रहे।


Leading you to blossoming health
खुशलोक हॉस्पिटल
मल्टी सुपर स्पेशियेलिटी हॉस्पिटल एवं ट्रामा सेन्टर
सिंधी मार्केट, निकट पुलिस चौकी मॉडल टाउन, स्टेडियम रोड, बरेली
फोन : 7500875003 0581-2530800/700
HELPLINE 9760701234
आयुष्मान भारत योजना के अन्तर्गत निःशुल्क इलाज की सुविधा
छाती एवं श्वांस रोग विभाग



डॉ. पारस वर्मा
एम.बी.बी.एस., डी.एन.बी. (NTRD, New Delhi)
छाती, श्वांस, एलर्जी, निद्रा रोग एवं क्रिटिकल केयर विशेषज्ञ
ओ.पी.डी. समय
प्रातः 10 से 4 बजे तक सायं 6 से 8 बजे तक
• लंबे समय से खांसी एवं सांस फूलना
• सीने में दर्द, छाती में जकड़न
• एलर्जी, दमा एवं सी.ओ.पी.डी.
• टी.बी., बलगम के साथ खून आना
• पुराने टी.बी. से खराब फेफड़ों के रोग
• फेफड़ों में पानी भरना
• फेफड़ों का कैंसर, फेफड़ों में गांठ होना
• आई.एल.डी. फेफड़ों का फाइब्रोसिस
• खर्राटे आना, स्लीप एपनिया, सोते समय सांस फूलना
• ब्रोंकोस्कोपी, थैरोकोस्कोपी
• क्रिटिकल केयर
क्रिटिकल केयर सिरियस मरीजों का ईलाज
24 घण्टे इमरजेन्सी
आई.सी.यू. व वेंटिलेटर की सुविधा उपलब्ध
Website: www.khushlokhospital.com
Email: khushlokhospital@rediffmail.com



डॉ. कुलदीप गंगवार
M.B.B.S M.D (Pediatrics)
शिशु रोग विशेषज्ञ
गंगवार हॉस्पिटल
चौकी चौराहा निकट महिला थाना, बरेली
मो. 9411088493 9457096487
इमरजेंसी 24 घण्टे
प्रतिदिन ओपीडी
प्रातः 10 बजे से 02 बजे
सायं 8 बजे से 9 बजे तक
अत्याधुनिक विदेशी मशीनों से युक्त शिशु एवं बच्चों का सर्वश्रेष्ठ गहन चिकित्सा केन्द्र
OMPC सोसाइटी चैरिटेबिल ओ.पी.डी.
मंगलवार एवं शुक्रवार
समय : प्रातः 10 से 11 बजे
परामर्श शुल्क मात्र 200 रुपये
आर्थिक रूप से असहाय रोगियों हेतु विशेष सहयोग
दिन मंगलवार एवं शुक्रवार
केंट जनरल अस्पताल, बरेली
समय दोपहर 2 से 4 बजे
परामर्श शुल्क मात्र 100 रुपये
Mob. 5812970135
ऑवला IFFCO HOSPITAL मंगलवार
समय 4.30 से 6.30 बजे तक
नवजात शिशुओं में खतरनाक लक्षण
1. शिशु का किन्हाना या कराहना
2. शिशु का दूध का कम पीना या न पी पाना
3. दूध पीने पर ओंछू या फंदा लगना
4. सांस की गति प्रति मिनट 60 या उससे अधिक होना
5. छाती के निचले भाग में गढ्ढे पड़ना
6. सांस के साथ नथूने फूलना
7. नाल से या कान से मवाद आना, आंख से कीचड़ आना, त्वचा में फोड़े-फुंसी होना
8. शिशु की सांस का अनियमित होना या सांस रोकना
9. तलुआ (AF) फूलना
10. शिशु का सुस्त या बेहोश हो जाना (शिशु द्वारा हाथ पैर का कम चलाना)
11. खून की कमी से शिशु का सफेद होना
12. आक्सीजन की कमी से शिशु का नीला पड़ना
13. शिशु के शरीर का रंग स्टलेटी व त्वचा का सख्त होना
14. शिशु के नाल, उल्टी या टट्टी में खून आना
15. नवजात शिशुओं में पीलिया
• 24 घंटे के अन्दर
• 14 दिन के बाद भी
• हथेली व तलुवे का भी पीला होना
• Bilirubin का 20 से अधिक होना
16. शिशु को दौरे पड़ना
17. शिशु को बुखार या तापमान का कम होना
18. पेट फूलना व टट्टी, पेशाब का न आना
19. शिशु को 24 घण्टे के बाद भी पेशाब व टट्टी न होना
20. लगातार व हरे रंग की उल्टियां होना व मुँह से झाग आना
21. शिशु का सफेद मुंआ होना
22. शिशु का सात दिन के बाद भी वजन न बढ़ना
23. शिशु का बहुत अधिक रोना
(EMO Doctors)
डा. प्रवीण गंगवार (तिलहर)
डा. परमजीत सिंह (खीरी)

MAXLIFE SUPERSPECIALITY HOSPITAL & FAHMY IVF CENTRE
मैक्सलाइफ सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल एण्ड फहमी आई.वी.एफ. सेन्टर



डॉ. अनीस बेग
M.B.B.S., D.C.H.
Child Specialist



डॉ. फैहमी खान
M.B.B.S., D.G.O D.M.A.S., F.M.A.S
Gyanaecologist, Ivf Specialist
हृदय रोग विभाग
स्थायी/अस्थायी पेसमेकर इम्प्लांटेशन
बैलून माइट्रल वाल्वोटॉमी
2डी ईको कार्डियोग्राफी
टी.एम.टी.
24 Hrs हॉल्टर मॉनिटरिंग
ई.सी.जी.
डिजिटल एक्स-रे



अनुभवी कार्डियोलॉजिस्ट द्वारा संचालित कैथ लैब
कोरोनरी एंजियोग्राफी, एंजियोप्लास्टी
लैप्रोस्कोपिक सर्जरी
एडवांस आई.सी.यू.
एडवांस एन.आई.सी.यू.
मॉड्यूलर ऑपरेशन
24/7 सुविधा उपलब्ध
निकट ईसाइयों की पुलिया, सिन्धु नगर, सैटेलाइट बरेली
0581-2990926
0581-2990928

कृतिका ग्रुप ऑफ कॉलेज
मान्यता एवं सम्बद्धता (आयुर्वेद) : भारतीय चिकित्सा पद्धति राष्ट्रीय आयोग (NCISM) नई दिल्ली एवं एम.जी.जी.यू.ए. गोरखपुर उ.प्र.
मान्यता एवं सम्बद्धता (फार्मेसी) : फार्मेसी काउंसिल ऑफ इण्डिया नई दिल्ली
डा. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम टैक्निकल यूनिवर्सिटी लखनऊ। बोर्ड ऑफ टैक्निकल एजुकेशन, लखनऊ।
मान्यता एवं सम्बद्धता (नर्सिंग) उ.प्र. स्टेट मेडिकल फैकल्टी लखनऊ एवं अटल बिहारी वाजपेयी मेडिकल विश्वविद्यालय, लखनऊ।
ADMISSION OPEN
AYURVED
B.A.M.S.
अवधि : 4-1/2 वर्ष, योग्यता : NEET Qualified
PHARMACY
B. Pharma
बी. फार्मा
अवधि : 4 वर्ष, योग्यता : 10+2 विज्ञान वर्ग
D. Pharma
डी. फार्मा
अवधि : 2 वर्ष, योग्यता : 10+2 विज्ञान वर्ग
PARA MEDICAL
Diploma O.T.
डिप्लोमा इन ओ.टी. टैक्निशियन
अवधि : 2 वर्ष, योग्यता : 10+2 विज्ञान वर्ग
Dip Lab. Technician
डिप्लोमा इन लैब टैक्निशियन
अवधि : 2 वर्ष योग्यता : 10+2 विज्ञान वर्ग
NURSING
B.Sc. Nursing
बी.एससी. नर्सिंग
अवधि : 4 वर्ष आयु 17 वर्ष, योग्यता : 10+2 बायोलॉजी
A.N.M.
डिप्लोमा महिला हेल्थ वर्कर
अवधि : 2 वर्ष आयु 17-35 वर्ष, योग्यता : 10+2 किसी भी विषय में
सुविधायें
♦ आयुर्वेदिक अस्पताल ♦ औषधियों युक्त हर्बल गार्डन ♦ शैक्षिक भवन एवं लाईब्रेरी ♦ पूर्ण सुसज्जित लैब ♦ वाई-फाई कैम्पस ♦ बस सुविधा ट्रेनिंग के लिए 100 बेड का पूर्ण व्यवस्थित स्वयं का आधुनिक कोपल अस्पताल ♦ छात्र- छात्राओं के लिए अलग-अलग छात्रावास ♦ छात्रवृत्ति एवं शिक्षा ऋण (लोन) की सुविधा ♦ शव विच्छेदन की सुविधा (Cadaver)
कैम्पस : खाई खेड़ा, निकट काण्डू का पुल, पीलीभीत रोड, रिठौरा, बरेली (उ.प्र.) पिन : 243122
सम्पर्क सूत्र
8171489611, 7248343676
9027510784, 8218234755
सिटी आफिस : कोपल हॉस्पिटल, सुरेश शर्मा नगर, पीलीभीत रोड, बरेली (उ.प्र.) पिन-243006
सम्पर्क सूत्र
9758519405, 9457697581
Visit us : www.kritikaayurvedcollege.in, www.kritikapharmacycollege.in, www.kritikanursing.com

KOPAL HOSPITAL BAREILLY
NABH PRE ACCREDITED
कोपल अस्पताल
AN ISO-9001-2008 CERTIFIED HOSPITAL



डा. के.पी. गंगवार
एम.एस. (आर्थो)
हड्डी एवं जोड़ रोग विशेषज्ञ
12.30 pm to 5.30 pm



डा. स्मृति गंगवार
एम.बी.बी.एस., डी.जी.ओ.
प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ
12.00 pm to 3.00 pm, 6.30 pm to 7.30 pm
डॉ. मनोज गुप्ता
एम.एस. (जनरल सर्जन)
लैप्रोस्कोपिक सर्जन
12:00 pm to 2:00 pm
डॉ. एस.के. जौहरी
एम.डी.,
गहन चिकित्सा रोग विशेषज्ञ
3:30 pm to 5:00 pm, 6:00 pm to 9:00 pm
डॉ. आकाश गुप्ता
एम.डी.
नवजात शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ
आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए निःशुल्क ऑपरेशन एवं भर्ती की सुविधा उपलब्ध
पीलीभीत बाईपास रोड, सुरेश शर्मा नगर, बरेली
Ph.: 0581-2525711, 2525038
HELPLINE No. 9758519405

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
MEDICAL Lifelines OF BAREILLY
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 7464943582



डॉ. नितिन अग्रवाल
एम.डी. (गोल्ड मेडिलिस्ट), डी.एम. (कार्डियोलॉजी)
हृदय रोग विशेषज्ञ मो. 9457833777
ECG+ECHO+TMT+HOLTER
हृदय रोग के लक्षण:- ♦ घबराहट ♦ छाती में दर्द या भारीपन ♦ सांस फूलना ♦ पैरों में सूजन ♦ हाई ब्लडप्रेशर ♦ हाई कोलेस्ट्रोल ♦ डाइबिटीज (शुगर) ♦ सीने या पेट में जलन या दर्द ♦ हार्ट अटैक ♦ हार्ट फेल
APPLE CARDIAC CARE DR NITIN AGARWAL'S HEART CLINIC
ए-3, एकता नगर, केयर अस्पताल के सामने, स्टेडियम रोड, बरेली। सम्पर्क करें:- 9458888448

ADITYA
आदित्य आई एण्ड लेजर सेन्टर
60000 से अधिक आँखों के आपरेशन का अनुभव
उपलब्ध सुविधायें
बिना सुई बिना टांका आधुनिक से आधुनिक लैंस प्रत्यारोपण की सुविधा उपलब्ध
बी-स्कैन द्वारा पर्दे की जाँच उपलब्ध
आ.सी.टी.मशीन से रेटीना एवं ग्लोकॉम की जाँच उपलब्ध
8077344353
समय प्रातः 10 से 4 बजे तक एवं सायं 6 से 8 बजे तक



डॉ. आदित्य त्यागी
MBBS, DOMS, DNB MNAMS
CATARACT, REFRACTIVE & GLAUCOMA SURGEON
ट्यूलिप ग्रांड के सामने, पीलीभीत बाई पास, बरेली

डॉ. प्रेम गंगवार
B.H.M.S. (Homeo Cafe Gwalior)
वरिष्ठ होम्योपैथिक चिकित्सक
मो. 8859517808



सैक्स रोग, शीघ्रपतन, नामर्दी, त्वचा, गुर्दे, कैंसर, जोड, नस, थायराइड व महिलाओं का बांझपन
होम्योपैथिक से जुड़ी समस्या व दवाईयों के लिये निःशुल्क सम्पर्क करें।
आधुनिक जर्मन दवाईयों द्वारा कुशल डाक्टर के मार्गदर्शन में इलाज
10 वर्षों का अनुभव प्रेम जर्मन होम्योपैथिक
रूहेलखण्ड यूनिवर्सिटी के सामने, पीलीभीत बाईपास, एच.के. टावर, बरेली

## सार-संक्षेप

### श्री बांके बिहारी मंदिर में भजनों पर झूमे श्रद्धालु



**बरेली, अमृत विचार** : सोमवार को राजेंद्र नगर स्थित श्री बांके बिहारी मंदिर में रामभोग महोत्सव मनाया गया। इस अवसर पर पं. गोपाल कृष्ण ने श्रीराम, कृष्ण व शिव के भजनों की प्रस्तुति देकर लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इसके बाद जगदीश भाटिया, विनोद ग्रोवर, अश्वनी अरोरा, सुनील गुप्ता ने एक के बाद एक मनमोहक भजन गाए। इस अवसर पर विजय गुप्ता, विजय बंसल, मनोहर लाल, कांता अरोड़ा व सीमा गुलाटी आदि उपस्थित रहे।

### रोटरी क्लब ऑफ बरेली हेरिटेज ने लगाया शिविर



**बरेली, अमृत विचार** : रोटरी क्लब ऑफ बरेली हेरिटेज की ओर से जुलाई माह का तीसरा स्वास्थ्य शिविर सरस्वती शिशु मंदिर में लगाया गया। मंडलाध्यक्ष नीरव निमेश ने बताया कि यह शिविर आरोग्यम योजना के तहत लगाया गया। इसमें एसआरएमएस मेडिकल कॉलेज के चिकित्सकों ने बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से एनीमिया, आंखों और दांतों की जांच की गई। शिविर में कई बच्चों के दांतों और आंखों में समस्या पाई गई। इसके लिये उन्हें आवश्यक सलाह भी दी गई। कार्यक्रम में अध्यक्ष भावना वर्मा, पूर्व अध्यक्ष राधा सिंह, डॉ. रश्मि शर्मा, डॉ. शुभ्रा कटारा, विनीता, संजना, सचिव शिल्पी शर्मा आदि उपस्थित रहे।

### जीवन को सफल बनाने का सुगम मार्ग है भक्ति



**बरेली, अमृत विचार** : श्री त्रिवटीनाथ मंदिर में मंदिर सेवा समिति की ओर से सोमवार को श्रीरामकथा की विधिवत शुरुआत की गई। इस अवसर पर कथाव्यास पं. प्रभाकर त्रिपाठी ने कहा कि परमात्मा की भक्ति जीवन को सफल बनाने का सबसे सुगम मार्ग है। जिस तरह श्रीरामचरितमानस में सात कांड हैं, उसी तरह देश में सात पुरी हैं। सातो पुरियों के मध्य में काशी विश्वनाथ विराजमान हैं। कहा कि राम नाम के जाप से विपरीत परिस्थितियों में भी समाधान मिल सकता है। कथा के अंत में आरती, भोग फिर प्रसाद का वितरण किया गया। संजीव औतार अग्रवाल, प्रताप सेठ आदि उपस्थित रहे।

### स्काउट व गाइड्स ने मंदिर में लगाया सेवा शिविर



**बरेली, अमृत विचार** : कांवड़ियों की सेवा के लिए अलखनाथ मंदिर में हिंदुस्तान स्काउट व गाइड्स की ओर से सेवा शिविर लगाया गया। इस दौरान स्काउट गाइड ने मंदिर में सुबह से शाम तक श्रद्धालुओं का उत्साहपूर्वक सहयोग किया। मंदिर में दर्शन को पहुंचे वन मंत्री डॉ. अरुण कुमार ने उनका उत्साहवर्धन किया। प्रादेशिक संगठन आयुक्त हिमांशु सक्सेना, जिला स्काउट कमिश्नर सुबोध अग्रवाल, प्रशांत, अभिषेक, जतिन, गजेंद्र, नितिन कुलदीप आदि उपस्थित रहे।







# दो करोड़ का ऑफर ठुकराया, रक्षा मंत्रालय के लिए सॉफ्टवेयर बनाया

**उड़ान**

सुरेश पांडेय, बरेली



बिहारमान नगला में चल रहे स्टार्टअप में जुड़ी देश के विभिन्न क्षेत्रों के युवा इंजीनियरों की टीम।



स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी के चांसलर से डिग्री प्राप्त करते अद्वैत गुप्ता।

- बरेली से फेसबुक के सर्वर की प्रॉपर हीटिंग का संचालन भी अद्वैत गुप्ता के हाथ
- स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी से मास्टर डिग्री लेकर सात साल अमेरिका में काम किया

**अमृत विचार** : अगर जुनून है तो कोई भी मुकाम पाया जा सकता है। अद्वैत गुप्ता ने मेहनत और लगन से यह साबित कर दिया है। उन्होंने विदेश में दो करोड़ रुपये का ऑफर ठुकराकर देश के युवाओं को रोजगार देने की ठानी। शहर में उन्होंने स्टार्टअप शुरू किया। उनका तैयार किया गया सॉफ्टवेयर आज रक्षा मंत्रालय इस्तेमाल कर रहा है। वह यहीं से फेसबुक सर्वर की हीटिंग की मॉनिटरिंग भी करते हैं।

शहर के मोहल्ला बिहारमान नगला निवासी अद्वैत गुप्ता ने कैलिफोर्निया की स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी से सिविल इंजीनियरिंग की मास्टर डिग्री ली। उन्होंने 2013 से 2020 तक विदेश में विभिन्न कंपनियों में काम किया। इस बीच उन्हें स्विटजरलैंड की एक कंपनी ने दो करोड़ रुपये का पैकेज ऑफर किया, लेकिन उन्होंने ठुकरा दिया और बरेली लौट आए। विदेश में जो पैसा कमाया, उसी से यहां काम शुरू किया।

उन्होंने सामान्य आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस से बेहतर परिणाम देने वाला एप तैयार किया। वह बताते हैं कि कोई भी इंजीनियरिंग करिए, लेकिन सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट आना चाहिए। इंजीनियरिंग की पढ़ाई में भी फिजिक्स और मैथ का प्रयोग ज्यादा होता है। उनके साथ मैकेनिकल, एयरोस्पेस, केमिकल इंजीनियरिंग के लोग हैं। महाराष्ट्र, राजस्थान, दिल्ली और गुवाहाटी के युवा इंजीनियर उनसे जुड़े हैं। उनकी कंपनी से जुड़े एनआईटी पासआउट युवा विदेशी कंपनी के लिए काम कर रहे हैं। अद्वैत घर से ही कंपनी चला रहे हैं।

**छात्रों के लिए बनाया क्वांट परकार सॉफ्टवेयर** : अद्वैत ने विश्व के सभी छात्रों, एकेडमी, प्रोफेशनल, इंडस्ट्री के लिए क्वांट परकार सॉफ्टवेयर बनाया है। इसे डाउनलोड करके छात्र लाभ ले सकते हैं। उनका दावा है कि यह सामान्य एआई से बेहतर रिजल्ट दे सकता है।

### चिकित्सा क्षेत्र में कारगर साबित होगा 'एएम प्रवाह'

अद्वैत ने एएम प्रवाह नाम का सॉफ्टवेयर विकसित किया है, जिसे रक्षा मंत्रालय ने पसंद किया और उनका सॉफ्टवेयर वहां चल रहा है। उनका कहना है कि यह सॉफ्टवेयर चिकित्सा क्षेत्र के लिए भी कारगर साबित हो सकता है। इसमें थ्री डी प्रिंटिंग के प्रयोग से व्यक्ति के हार्टअटैक की संभावना को बताया जा सकता है। अद्वैत बताते हैं कि व्यक्ति की जांच रिपोर्ट को इस सॉफ्टवेयर में डालने के बाद डॉक्टरों को पता चल जाएगा कि उन्हें ऑपरेशन करना होगा या दवा से काम चल जाएगा। अभी बड़े संस्थानों से इसके लिए वार्ता चल रही है। उनका दावा है कि एएम प्रवाह विश्व का पहला थ्री डी प्रिंटिंग सिमुलेशन सॉफ्टवेयर है। यह पूरी तरह पांडव एप्लीकेशन से संचालित है। पांडव एप्लीकेशन अद्वैत की मूल कंपनी है।

### फेसबुक सर्वर की निगरानी भी कर रहे

अद्वैत ने बताया कि अमेरिका में फेसबुक का डेटा सेंटर बना है। दो मंजिल इस सेंटर में केवल मशीनें ही लगी हैं। मशीनों से समुचित हीटिंग और कूलिंग हो, इसके लिए बरेली से वह निगरानी कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि नैनो बबल तकनीक पर भी काम हो रहा है। दिल्ली में एलएंडटी कंपनी वेस्ट वाटर ट्रीटमेंट प्लांट बना रही है। इसमें ओजोन में कितनी मात्रा और कितनी साइज में बबल छोड़े जाएंगे, इसकी माडलिंग यहां से की जा रही है।

### अमेजन और फ्लिपकार्ट नौकरी दे सकता है तो मैं क्यों नहीं

अद्वैत कहते हैं कि अमेजन और फ्लिपकार्ट रोजगार दे सकता है तो मैं क्यों नहीं। मन में यह विचार ऐसा कौंधा कि स्विटजरलैंड में करोड़ों रुपये का आफर ठुकरा कर बरेली लौट आए। यहीं काम शुरू कर दिया। आज वह तमाम युवाओं को रोजगार दे रहे हैं।

# परास्नातक में प्रवेश प्रक्रिया शुरू, आज से होंगे आवेदन

## रुहेलखंड विश्वविद्यालय ने 15 अगस्त निर्धारित की अंतिम तिथि

कार्यालय संवाददाता, बरेली



बरेली कॉलेज में विद्यार्थियों को जानकारी देतीं प्रवेश नियंत्रक प्रो. वंदना शर्मा।

**अमृत विचार** : रुहेलखंड विश्वविद्यालय ने सत्र 2024-25 के परास्नातक पाठ्यक्रमों में प्रथम वर्ष में प्रवेश की प्रक्रिया शुरू कर दी है। प्रवेश के लिए विद्यार्थी 23 जुलाई से 15 अगस्त तक विश्वविद्यालय के पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। इसके लिए 150 रुपये शुल्क निर्धारित किया है। अभी स्नातक में प्रवेश चल रहे हैं और द्वितीय चरण के लिए पंजीकरण की अंतिम तिथि 25 जुलाई है। कुलसचिव संजीव कुमार की ओर विश्वविद्यालय परिसर के सभी संकायाध्यक्षों और विभागाध्यक्षों और महाविद्यालयों के प्राचार्यों को प्रवेश संबंधी निर्देश जारी किए हैं।

कुलसचिव के मुताबिक एमए, एमएससी, एमकॉम, बीलिब, एमलिब, एमएसडब्ल्यू, बीपीडी, पीजी डिप्लोमा, एलएलबी, एमड आदि पाठ्यक्रमों में ऑनलाइन प्रक्रिया के माध्यम से प्रवेश होंगे। इसके लिए महाविद्यालयों को दिशा-निर्देशों का पालन करना होगा। प्रवेश प्रक्रिया के तहत राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अन्तर्गत छात्र को उसकी अर्हता के दृष्टिगत किसी भी दो पाठ्यक्रमों को एक साथ करने की अनुमति प्रदान की जाएगी, जिसमें एक पाठ्यक्रम संस्थागत छात्र के रूप में और दूसरा व्यक्तिगत या ऑनलाइन मोड या दूरस्थ शिक्षा के माध्यम से कर सकेंगें। विद्यार्थी ऑनलाइन आवेदन के दौरान अधिकतम 10 महाविद्यालयों का चयन कर सकते हैं लेकिन सिर्फ एक ही महाविद्यालय में प्रवेश ले सकेंगे। ऑनलाइन पंजीकरण के माध्यम से होने वाले प्रवेश महाविद्यालयों को स्वयं करने होंगे। महाविद्यालयों को आवेदन पत्रों की जांच करने के बाद मेरिट सूची जारी करनी होगी और प्रवेश के बाद सीट लॉक करनी होगी।

### बरेली कॉलेज में 25 से होंगे पंजीकरण

बरेली कॉलेज में परास्नातक पाठ्यक्रमों में पंजीकरण 25 जुलाई से होंगे। मुख्य प्रवेश नियंत्रक प्रो. वंदना शर्मा ने बताया कि छात्रों को कॉलेज के पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन करना होगा।

### बीए की 267 और बीएससी जीव विज्ञान की 155 सीटें शेष

बरेली कॉलेज में स्नातक प्रथम वर्ष में बीए और बीएससी जीव विज्ञान की तीसरी मेरिट के छात्रों के सोमवार दोपहर तक प्रवेश हुए। अब बीए की 267 और जीव विज्ञान की 155 सीटें रिक्त रह गई हैं। अब रिक्त सीटों पर प्रवेश के लिए मंगलवार को चौथी मेरिट जारी की जाएगी। इसके बाद द्वितीय चरण में पंजीकृत छात्रों के भी प्रवेश शुरू होंगे।

### छात्राओं को आज बांटे जाएंगे परिचय पत्र

**बरेली, अमृत विचार** : साहू रामस्वरूप महिला महाविद्यालय में सत्र 2024-25 में बीए प्रथम वर्ष में प्रवेश लेने वाली छात्राओं को मंगलवार को परिचय पत्र वितरित किए जाएंगे। प्राचार्या प्रो. अनुपमा मेहरोत्रा ने बताया सभी छात्राओं को अपना परिचय पत्र लेना जरूरी है।

# 50 से ज्यादा लोगों पर एक करोड़ का ऋण बकाया

- 17 साल से ऋण अदायगी का इंतजार कर रहा अल्पसंख्यक विभाग

**बरेली, अमृत विचार** : अल्पसंख्यकों को आर्थिक रूप से मजबूत करने एवं स्वरोजगार के लिए सरकार की ओर से चलाई गई अल्पसंख्यक योजना के तहत आवंटित ऋण की अदायगी के लिए अल्पसंख्यक विभाग करीब 17 वर्षों से इंतजार कर रहा है। ऋण लेने वालों को कई बार नोटिस जारी किया जा चुका है, लेकिन अभी तक 50 से अधिक लोगों पर एक करोड़ का ऋण बकाया है।

वर्ष 1995 से 2007 तक करीब 1700 लाभार्थियों को चार करोड़ 43 लाख रुपये का ऋण आवंटित किया गया था। इसकी अदायगी पांच वर्षों में 20 किस्त में छह प्रतिशत वार्षिक ब्याज दर से होनी थी, लेकिन 2007 के बाद से योजना के तहत ऋण आवंटन स्थगित होने से कई लाभार्थियों की ओर से ऋण अदायगी नहीं की गई। इस दौरान आरसी भी जारी की गई। तमाम कोशिशों के बाद करीब तीन करोड़ रुपये की अदायगी हो सकी। जबकि एक करोड़ रुपये की वापसी अभी नहीं हुई है। जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी अंजना सिंह के अनुसार ऋण वापसी के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इस संबंध में आरसी और नोटिस जारी किए जा रहे हैं।

**करीब 20 लोगों हो चुकी है मृत्यु**

विभाग के अनुसार अधिकांश लोगों ने 20 हजार से एक लाख रुपये का ऋण लिया था। इनमें से करीब 20 लाभार्थियों की मृत्यु हो चुकी है। विभागीय अधिकारियों के मुताबिक एक मुश्त समाधान नहीं होने से भी कई लोग ब्याज की रकम अधिक होने से ऋण की अदायगी नहीं कर पाए।

### कुश्ती में रुचि रखने वाले 29 से 31 तक भर्ती में हो सकते हैं शामिल

**बरेली, अमृत विचार** : कुश्ती में रुचि रखने वालों को सेना में भविष्य संवारने का मौका मिलने जा रहा है। जाट रेजिमेंट सेंटर में 29 से 31 जुलाई तक भर्ती की प्रक्रिया चलेगी। सेना की ओर से जारी पत्र के अनुसार कक्षा 5 वीं तक की शैक्षिक योग्यता रखने वाले 8 से 14 आयु वर्ग के लड़कों की भर्ती की जाएगी। इसमें लड़कों का शारीरिक वजन 29 से 47 किग्रा और 134 से 160 सेमी तक ऊंचाई होनी चाहिए। इस भर्ती में भाग लेने के लिए जाट रेजिमेंट सेंटर के जाट गेट पर 29 जुलाई को सुबह 7 बजे तक पहुंचना होगा। राष्ट्रीय और अंतर राष्ट्रीय स्तर पर पदक विजेताओं को इस भर्ती में प्राथमिकता दी जाएगी। चुने हुए अभ्यर्थियों को 17 साल की आयु तक मुफ्त भोजन, रहना, 10 वीं तक की पढ़ाई, स्पोर्ट्स किट, बीमा, चिकित्सा की सुविधा सेना की ओर से प्रदान की जाएगी। इसके बाद योग्य अभ्यर्थी को निर्धारित नियमों के अनुसार सेना में भर्ती का मौका दिया जागए।

### बीमा कर्मचारी संघ ने सांसद को सौंपा ज्ञापन

**बरेली, अमृत विचार** : ऑल इंडिया इंश्योरेंस एंप्लॉइज एसोसिएशन की ओर से बीमा प्रीमियम से जीएसटी हटाने की मांग की जा रही है। बीमा कर्मचारी संघ बरेली डिवीजन की महामंत्री गीता शांत ने बताया कि आंवला सांसद नीरज मौर्य को इस संबंध में संघ की ओर से ज्ञापन सौंपा गया। इस पर सांसद ने सोमवार को वित्त मंत्रालय को पत्र लिखा है। उन्होंने संसद में इस विषय को उठाने का आश्वासन दिया है।

# केशलता स्कूल में लगा स्वास्थ्य शिविर



परीक्षण के बाद बच्चों को मौसमी बीमारियों और उनके लक्षणों के बारे में दी जानकारी।

- चिकित्सकों ने की 86 बच्चों के आंख, कान और गले की जांच

**बरेली, अमृत विचार** : रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज की ओर से बीसलपुर रोड स्थित केशलता स्कूल में स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया गया। इस अवसर पर चिकित्सकों ने कक्षा चार से आठ तक के बच्चों के आंख, कान और गले की जांच की।

शिविर में 86 बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। इस दौरान जिन बच्चों में लक्षण पाए गए उन्हें रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया। शिविर का संचालन रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के कम्यूनिटी मेडिसिन डिपार्टमेंट की डॉ. रश्मि कत्याल, डॉ. मेधावी अग्रवाल और डॉ. निकहत नाज ने किया। इस अवसर पर चिकित्सकों ने बच्चों को मौसमी बीमारियों और उनके लक्षणों के बारे बताया और सादा खान-पान की सलाह दी। विद्यालय की प्रबंध निदेशिका डॉ. लता अग्रवाल ने कहा कि स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मस्तिष्क का निवास होता है।

इसे ध्यान में रखते हुए छात्र-छात्राओं को अपने आपको विकसित करना चाहिए। बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के कुलाधिपति डॉ. केशव अग्रवाल ने कहा कि बच्चों को पूरी तरह मानसिक और शारीरिक रूप से स्वस्थ रहना चाहिए, जिससे वे कठिन परिस्थितियों का सामना भी सुगमता से कर सकें। कहा कि यह हम तभी कर सकते हैं, जब अपने शरीर को स्वस्थ रखने के तरीकों को दिनचर्या का हिस्सा बनाएंगे। प्रधानाचार्य डॉ. नरेंद्र शर्मा ने बताया कि आगामी शिविर 29 जुलाई 2024 को विद्यालय परिसर में प्री प्राइमरी कक्षाओं के लिए लगाया जाएगा।

### नए कानूनों पर व्याख्यान



**बरेली, अमृत विचार** : रुहेलखंड विश्वविद्यालय के विधि विभाग में सोमवार को राम मनोहर लोहिया नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रो. अमरपाल सिंह ने शीर्षक रीसेंट डेवलपमेंट इन लॉ पर व्याख्यान दिया। उन्होंने नए कानूनों पर भी चर्चा की। उन्होंने कहा कि रिसर्च को प्रमोट किया जाना चाहिए। इस अवसर पर प्रो. मनीष सिंह, विभागाध्यक्ष डॉ. अमित सिंह आदि रहे।

# बैंकों में ओडीओपी योजना के 42 आवेदन लंबित, आवेदक परेशान

- वित्तीय वर्ष 2023-24 में 240 लोगों ने किया था आवेदन

**बरेली, अमृत विचार** : एक जनपद, एक उत्पाद (ओडीओपी) योजना के तहत बैंकों में 42 आवेदन लंबित हैं। आवेदक योजना का लाभ पाने के लिए अफसरों और बैंकों के चक्कर काट रहे हैं।

योजना के तहत जिले में जरी-जरदोजी, सुनारी, बांस, बेंत-फर्नीचर के कारोबार को बढ़ावा देने के लिए सरकार ऋण की सुविधा उपलब्ध कराती है। वित्तीय वर्ष 2023-24 में 99 लोगों को ऋण देने का लक्ष्य दिया गया। हालांकि, बैंक लक्ष्य से ऊपर भी योजना के तहत पात्रों को ऋण दे सकती हैं। लिहाजा, 240 लोगों ने योजना का लाभ पाने के लिए आवेदन किया। इसमें 114 आवेदन स्वीकृत किए गए। 101 पात्रों को ऋण आवंटित किया गया। 97 आवेदन निरस्त कर दिए गए। 42 आवेदन अभी लंबित हैं।

इस संबंध में बीते दिनों हुई बैठक में डीएम रविंद्र कुमार ने भी लंबित आवेदन जल्द निस्तारित करने के निर्देश संबंधित बैंकों को दिए थे। पीएनबी में सर्वाधिक 13, बॉब में 10, एसबीआई और केनरा बैंक में चार-चार और इंडियन बैंक में पांच आवेदन लंबित हैं।

योजना के तहत पात्र को अधिकतम 20 लाख का अनुदान दिया जाता है। एलडीएम वीके अरोरा ने बताया कि सभी बैंकों को इस संबंध में निर्देशित किया है कि जल्द लंबित आवेदनों को निस्तारण कर रिपोर्ट प्रशासनिक अधिकारियों को दें।

# एक्साइज ड्यूटी कम हो तो सराफा कारोबारियों को मिले राहत

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- सराफा कारोबारी एक्साइज ड्यूटी आठ फीसदी और जीएसटी तीन फीसदी से नीचे आने की लगाए उम्मीद


**अमृत विचार** : मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल के पहले बजट से पूर्व हर वर्ग कुछ न कुछ राहत पाने की उम्मीद लगाए बैठा है। सराफा कारोबारी भी इस बार एक्साइज ड्यूटी आठ फीसदी और जीएसटी तीन फीसदी से नीचे आने की उम्मीद लगाए हुए हैं। उनका कहना है कि एक्साइज ड्यूटी को कम कर दिया जाए और बिलिंग जरूरी कर दी जाए तो सराफा कारोबारियों को काफी राहत मिलेगी।

सोना-चांदी की बढ़ती कीमतों की वजह से इनके प्रति लोगों का आकर्षण कम होने लगा है। आभूषण अब केवल जरूरत की चीज बनकर रह गए हैं। महंगाई ने घरेलू कार्यक्रमों में सोना-चांदी के उपयोग एवं इनके बने गहने भेंट करने के लोगों के उत्साह को ठंडा कर दिया है। जन्म से लेकर मृत्यु शैय्या तक सोने की वस्तु को मुंह में डालने का चलन है, लेकिन बढ़ते दामों ने इन सब प्रथाओं पर रोक सी लगा दी है। सोना, चांदी लेना-देना अब उच्च वर्ग तक ही सीमित होकर रह गया है। स्थिति यह है कि बढ़ती महंगाई ने सराफा कारोबार को ठंडा कर दिया है।

कारोबारियों का कहना है कि महंगाई कम हो सकती है। व्यापारियों की मांग है कि सोने की कालाबाजारी को कम करने के लिए सरकार को एक्साइज ड्यूटी कम करके इस व्यवसाय को गति देनी चाहिए। कारोबारी मानते हैं कि हॉलमार्क का नियम लागू होने के बाद भी कई व्यापारी माल की बिलिंग नहीं कर रहे हैं। बिक्री की बिलिंग जरूरी करने का नियम बनाना चाहिए।



सोने पर एक्साइज ड्यूटी आठ फीसदी से घटाकर चार फीसदी कर देनी चाहिए। कारोबारियों को 40 लाख तक की छूट नहीं देकर हर बिक्री की बिलिंग जरूरी कर देनी चाहिए। इससे कारोबारी टैक्स देंगे और सरकार को भी राजस्व मिलेगा। **- राजकुमार अग्रवाल**, अध्यक्ष बरेली सराफा एसोसिएशन



सोने पर जीएसटी की दर एक फीसदी होनी चाहिए। सोना और चांदी बुरे वक्त में काम आने वाली वस्तु हैं। लोग इसी उद्देश्य से इन्हें खरीदते भी हैं। इसमें जीएसटी तीन फीसदी ज्यादा है। प्रॉपर्टी के बजाय सोने पर ज्यादा निवेश होता है। सरकार को इस पर ध्यान देना चाहिए। **- राम औतार अग्रवाल**, कारोबारी



केंद्र सरकार ने गिरवीं गांठ का काम बंद करवा दिया है। नियम बनाकर इसका लाइसेंस फिर से चालू करना चाहिए। चोरी का माल बरामद होने पर सराफा कारोबारी पर भी धारा लगाने का प्रावधान है, लेकिन पुलिस बिना माल बरामदगी के ही कारोबारी को दबोच लेती है। इससे राहत मिलनी चाहिए। **-संजीव अग्रवाल**, कारोबारी



सरकार एक्साइज ड्यूटी कम कर दे तो बाहर से माल आना कम हो जाएगा। कालाबाजारी भी कम हो जाएगी। होलसेल कारोबार में मार्जिन बहुत कम हो गया है। ऊपर से जीएसटी तीन फीसदी देने का असर कारोबार पर पड़ता है। हर क्षेत्र में टैक्स ज्यादा हैं, इन्हें कम करना चाहिए। **-स्वदेश अग्रवाल**, कारोबारी

### कर्मचारियों को टैक्स स्लैब बढ़ने की उम्मीद

**बरेली, अमृत विचार** : वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण मंगलवार को संसद में बजट पेश करेंगी। बजट से हर वर्ग को उम्मीदें हैं। व्यापारियों को टैक्स कम होने तो कर्मचारियों को टैक्स स्लैब बढ़ने की आस है। सोमवार को कार्यालयों में टैक्स स्लैब और 80 सी में छूट की सीमा बढ़ने को लेकर चर्चा होती रही। कर्मचारियों का मानना है कि बजट में 80 सी की लिमिट को बढ़ाया जा सकता है। चूंकि महंगाई लगातार बढ़ रही है। बच्चों की फीस ही इतनी हो जाती है कि अन्य बचत मायने नहीं रखती है। इसलिए उम्मीद है इस बार इसे बढ़ा दिया जाएगा। कर्मचारी टैक्स स्लैब में सात के बजाए 10 लाख तक की छूट चाहते हैं। व्यापारी बढ़ी जीएसटी को लेकर परेशान हैं। वह इसमें कमी चाहते हैं। महंगाई कम करने के लिए टैक्स दरों में छूट हर वर्ग चाह रहा है।

# जिला पंचायत सदस्य पर छह लाख रुपये हड़पने का आरोप

## बेटे को मुकदमे से बचाने के नाम पर रुपये ठगने की महिला ने की शिकायत

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** रेलवे में नौकरी लगवाने के नाम पर 10 लाख रुपये की ठगी करने के आरोप में जिला पंचायत सदस्य ममता गंगवार पर रिपोर्ट दर्ज होने के बाद अब एक और मामले में छह लाख रुपये हड़पने का आरोप लगा है। पीड़ित महिला ने अपर पुलिस महानिदेशक रमित शर्मा के यहां मामले की शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है।

शाही के रसूलिया गांव निवासी ऊषा देवी पत्नी महेंद्र पाल ने बताया कि 30 नवंबर 2022 को बुलंदशहर के थाना स्याना में उनके बेटे के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज हुई थी। पुलिस ने उनके बेटे को पकड़ लिया था। इस मामले में उन्होंने जिला पंचायत सदस्य ममता गंगवार निवासी पस्तौर हाल निवासी मोहल्ला लोधी नगर कस्बा थाना फतेहगंज पश्चिमी से संपर्क किया। आरोप है कि उन्होंने कहा कि वह 10 लाख रुपये लेकर सौरभ का नाम मुकदमे से निकलवा देंगी। इसके बाद 2 दिसंबर 2022 को नई बस्ती के रहने वाले मुकेश बाबू और राजेंद्र पाल सिंह के समक्ष ऊषा ने ममता गंगवार को छह लाख रुपये दिए। इसके बावजूद सौरभ के खिलाफ मुकदमा खत्म नहीं हुआ। ऊषा ने बेटे की जमानत कराई। कहा है कि जमानत कराने के बाद उन्होंने ममता गंगवार से छह लाख रुपये वापस मांगे। इस पर वह आश्वासन देती रहीं कि रुपये वापस कर देंगे। इसके बाद उन्होंने धमकी देना शुरू कर दिया। आरोप है कि सौरभ समेत पूरे परिवार को गैंगस्टर और दुष्कर्म के मुकदमे में जेल भिजवाने की धमकी दे रही हैं।

### विदेश में नौकरी लगवाने के बहाने 85 हजार रुपये ठगे

**सीबीगंज, अमृत विचार :** सऊदी अरब में नौकरी लगवाने के बहाने युवक से 85 हजार रुपये ठग लिए गए। ठगों ने युवक के फर्जी कागजात तैयार कर उसके नाम से लोन पर बाइक भी ले ली। युवक की मां ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। सीबीगंज के खलीलपुर निवासी पार्वती ने बताया कि वह एक एजेंसी पर काम करती हैं। इसी दौरान उनकी जान पहचान शेरगढ़ के सिमरावा निवासी इलियास से हुई। आरोप है कि इलियास ने उनसे कहा कि वह उसके बेटे रोहित की सऊदी अरब में नौकरी लगवा देगा। इसके लिए 85 हजार रुपए देने होंगे। उन्होंने झांसे में आकर 85 हजार रुपये दे दिए। इलियास ने पासपोर्ट और वीजा बनवाने के लिए उससे कागजात मांगे। कागजात देने के बाद भी बेटे की नौकरी नहीं लगी। दो महीने बाद उन्हें पता चला कि उनके बेटे के नाम से इलियास ने फर्जी कागजात तैयार कर एक मोटरसाइकिल लोन कराकर ली है। उन्होंने थाने में तहरीर दी मगर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की। अब पुलिस अधीक्षक नगर राहुल भाटी के आदेश पर आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।

### सावन के पहले सोमवार पर मुस्तैद रही आरपीएफ

**बरेली, अमृत विचार :** सावन में कांवड़ियों की सुरक्षा और सुविधा के लिए आरपीएफ और जीआरपी भी पूरी तरह सतर्क हो गए हैं। पहले सोमवार को आरपीएफ की ओर से जगह-जगह रेलवे क्रॉसिंग पर कांवड़ यात्रियों की सुरक्षा के लिए स्टाफ तैनात किया गया। रामगंगा स्टेशन पर आरपीएफ की तरफ से हेल्प डेस्क भी बनाई गई है। वहीं जीआरपी की ओर से भी व्यवस्था दुरुस्त की गई है। जीआरपी प्रभारी निरीक्षक अजीत प्रताप सिंह ने बताया कि जंक्शन परिसर में एक सहयोग केंद्र लगाया गया है ताकि कांवड़ियों को अपने रूट की ट्रेनों की जानकारी करने से लेकर अन्य कोई दिक्कत का सामना न करना पड़े। इसके अलावा रामगंगा पुल के दोनों ओर जीआरपी जवानों को तैनात किया गया है। आरपीएफ प्रभारी निरीक्षक विनीता कुमारी ने बताया कि शिवभक्त जिन रेलवे क्रॉसिंग से कांवड़ लेकर गुजरते हैं, वहां जवानों को तैनात किया गया है। उन्होंने बताया कि पहले सोमवार के चलते उन्होंने स्वयं रामगंगा जाकर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। जंक्शन परिसर में भी कैंप लगाया गया है, जहां आने वाले शिवभक्त ट्रेनों से संबंधित जानकारी ले सकते हैं।

### ट्रेन से कटकर गोवंशीय पशु की मौत

**बरेली, अमृत विचार :** कैंट स्टेशन के पास रविवार को देर रात किसी ट्रेन से कटकर गोवंशीय पशु की मौत हो गई। लोको पायलट की तरफ से स्टेशन मास्टर को सूचना दी गई, जिसके बाद शव को पटरियों से हटाकर साइड में रखवा दिया गया। सोमवार में सुबह तक शव वहीं पड़ा रहा। सूचना पर हिंदू संगठन से जुड़े हिमाशु पटेल वहां पहुंचे। उन्होंने उसकी तस्वीर एक्स पर शेयर कर रेल अधिकारियों से शिकायत कर दी। इसके बाद रेलवे प्रशासन सक्रिय हुआ और शव को ट्रैक के किनारे से हटवाया गया।

## सीएमओ कार्यालय के बाबू ने नशे में किया हंगामा, सीसीटीवी तोड़ा

**बरेली, अमृत विचार :** शनिवार को देर शाम सीएमओ कार्यालय में तैनात वरिष्ठ लिपिक नशे में धुत होकर कार्यालय पहुंच गया। वहां उसने खूब हंगामा किया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार वह वहां मौजूद एक चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी को अपशब्द कहते हुए उसे फौरन त्याग पत्र देने को कहने लगा। अन्य कर्मचारियों ने जब उसे समझाते हुए शांत कराने का प्रयास किया तो वह उनसे भी अभद्रता करने लगा। बताते हैं कि इस दौरान उसने सीसीटीवी कैमरा भी तोड़ दिया। मामला जब सीएमओ डॉ. विश्राम सिंह तक पहुंचा तो उन्होंने एक



कार्यालय में क्षतिग्रस्त सीसीटीवी कैमरा

कर्मचारी को बुलाकर बाबू को कार्यालय से बाहर भेजने को कहा। इसके बाद भी वह नहीं माना। सीएमओ ने सोमवार को उसे बुलाकर खूब लताड़ लगाई, जिस पर बाबू ने सीएमओ से मौखिक रूप से माफी मांग ली। सीएमओ ने भविष्य में इस प्रकार की हरकत पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी है।

### किशोरी से छेड़खानी करने पर एफआईआर दर्ज

**बरेली, अमृत विचार :** सुभाष नगर क्षेत्र की रहने वाली महिला ने एक किशोर पर उनकी बेटी से छेड़छाड़ करने का आरोप लगाया है। उन्होंने अपर पुलिस महानिदेशक रमित शर्मा से मामले की शिकायत की, जिसके बाद उनके आदेश पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

पीड़ित किशोरी की मां ने बताया कि आरोपी किशोर उनकी बेटी से छेड़छाड़ करता है। घर के सामने खड़े होकर उसे अपने साथ ले जाने की बात कहता है। इसमें उसका भाई भी सहयोग करता है।

## सार-संक्षेप

### फर्जीवाड़ा कर बेच दिया प्लॉट, मांगी 10 लाख की रंगदारी

**बरेली, अमृत विचार :** कुछ लोगों ने फर्जी वसीयत बनाकर प्लॉट का बैनामा कर दिया। इसके बाद जमीन के बदले 10 लाख रुपये की रंगदारी मांगी गई। कोर्ट के आदेश पर आरोपितों के विरुद्ध थाना बारादरी में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। थान क्षेत्र के जगतपुर लाला बेगम निवासी भगवानदास के अनुसार उनके पिता बाबूराम और ताऊ भीमसेन ने बीसलपुर चौराहा के पास जमीन की पॉवर ऑफ अटार्नी जियाउल नबी को की थी। जिया उल नबी ने घपला किया तो पॉवर ऑफ अटार्नी निरस्त करा दी। बाबूराम की मौत के बाद भगवानदास और उनके तीन भाइयों के नाम जमीन आई। जमीन सुमित पटेल और जितेंद्र शर्मा को बेच दी गई। सुमित और जितेंद्र प्लॉट पर निर्माण कराने गए तो वहां सईदउल्ला खां, मुशाहिद, बिलाल, दानिश और शबा पहुंच गए। इन लोगों ने सुमित और जितेंद्र से मारपीट की और तमंचा निकाल कर गोली मारने की धमकी दी। पीड़ित के अनुसार जिया उल नबी ने फर्जी वसीयत बनाकर बैनामा सईदउल्ला के नाम कर दिया। आरोप है कि अब ये लोग जमीन के बदले 10 लाख रुपये की रंगदारी मांग रहे हैं।

### किशोरी को बहलाकर ले जाने वाले पर रिपोर्ट

**सीबीगंज, अमृत विचार :** सीबीगंज क्षेत्र से एक किशोरी को युवक बहलाकर ले गया। दोनों को संदिग्ध देखकर बहेड़ी पुलिस ने हिरासत में ले लिया और किशोरी को परिजनों के सुपुर्द कर दिया। किशोरी की मां की तहरीर पर थाना पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। एक गांव की रहने वाली किशोरी को 20 जुलाई की रात बहेड़ी के गांव रोहनिया निवासी सोनू उर्फ कमल देव बहलाकर ले गया। बहेड़ी पुलिस ने किशोरी को बरामद कर आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस की सूचना पर किशोरी के परिजन थाने पहुंचे और किशोरी को सीबीगंज ले आए।

### जेठ पर लगाया दुष्कर्म करने का आरोप

**बरेली, अमृत विचार :** बारादरी थाना क्षेत्र की रहने वाली महिला ने दहेज में बाइक न देने पर पति पर प्रताड़ित करने व जेठ पर दुष्कर्म करने का आरोप लगाया है। उसने मामले की शिकायत वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कार्यालय में की है। महिला के अनुसार उसके पिता ने शादी में हैसियत के हिसाब से दान-दहेज दिया था, लेकिन पति कम दहेज का ताना देकर उसे मारता-पीटता था। जेठ ने भी उसके साथ कई बार दुष्कर्म किया। सास-ससुर से शिकायत करने पर उसे कमरे में बंद कर मारपीट की गई।

### ओटीपी बताए बिना ही खाते से निकल गए 15 हजार

**नवाबगंज, अमृत विचार :** एक ग्रामीण के खाते से एक ही दिन में दो बार में 15 हजार रुपये निकाल लिए गए, जबकि ग्रामीण ने ओटीपी भी नहीं बताया था। गांव अमशाह निवासी लीलाधर का कस्बे की पीएनबी में खाता है। उनका कहना है कि रविवार को सुबह 10 बजे उनके मोबाइल पर कई बार ओटीपी का मेसेज आया, लेकिन उन्होंने उसपर कोई ध्यान नहीं दिया। 10 बजकर 9 मिनट पर उनके खाते से 10 हजार रुपये निकलने का मेसेज आया। पांच हजार रुपये निकलने का मेसेज आया। उन्होंने बैंक प्रबंधक से संपर्क किया तो उन्होंने मदद करने से मना कर दिया। उन्होंने थाना हाफिजगंज में पुलिस को तहरीर दी है।

### मोबाइल नंबर से भी हो सकेगी बिजली की बिलिंग

**बरेली, अमृत विचार :** असिस्टेंट बिलिंग में अब गड़बड़ी की आशंका नहीं रहेगी। उपभोक्ता के मोबाइल और मीटर नंबर से भी बिलिंग हो जाएगी। अगर अधिकारियों को बिलिंग में कोई दिक्कत लगेगी तो वहां पर कर्मचारियों को भेजकर क्रॉस चेकिंग कराई जाएगी। पॉवर कॉरपोरेशन मुख्यालय की तरफ से बिजली बिलों में गड़बड़ी रोकने के लिए असिस्टेंट बिलिंग करने के निर्देश दिए गए हैं। एसडीओ रोहित सिंह ने बताया कि अभी तक असिस्टेंट बिलिंग में उपभोक्ता के कनेक्शन नंबर पर ही बिलिंग हो रही थी। अब मीटर रीडर उपभोक्ता के मोबाइल नंबर और मीटर नंबर के आधार पर भी बिलिंग कर सकता है।

### 100 हेक्टेयर खरीफ प्याज की खेती का लक्ष्य मिला

**बरेली, अमृत विचार :** जिले में खरीफ प्याज की खेती को बढ़ावा देने के लिए उद्यान विभाग को पहली बार 100 हेक्टेयर का लक्ष्य मिला है। प्याज की खेती में रुचि रखने वाले 10 किसानों ने विभाग की वेबसाइट पर पंजीकरण भी करा लिया है। इससे पहले अब तक जिले में रबी प्याज की खेती अधिक मात्रा में की जाती रही है। इसके करीब ढाई हजार से अधिक किसान जिले में खेती करते हैं। विभागीय अधिकारियों के अनुसार वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए पहली बार उद्यान विभाग को 100 हेक्टेयर खरीफ प्याज की खेती का लक्ष्य मिला है। योजना के अंतर्गत खरीफ के मौसम में प्याज की खेती करने वाले किसानों को उद्यान विभाग मुफ्त में एचआरडीएफ के जरिए बीज उपलब्ध कराएगा। जिला उद्यान अधिकारी डॉ. जितेंद्र कुमार ने बताया कि प्याज की खेती के इच्छुक किसान उद्यान विभाग की वेबसाइट पर किसी भी कार्य दिवस में पंजीकरण करा सकते हैं। पंजीकरण के लिए किसान का आधार कार्ड, बैंक पासबुक, खतौनी और फोटो होना आवश्यक है।


ROHILKHAND CANCER INSTITUTE

150 बेड का विश्वस्तरीय कैंसर हॉस्पिटल

RADIOTHERAPY TRUE BEAM STX LINAC

यह SRS, SBRT, IGRT, IMRT,VMAT और 3D CRT जैसी फोटॉन थेरेपी (6 Mv, 10Mv, 15Mv) पद्धतियाँ प्रदान करने में सक्षम है।




BRACHYTHERAPY

24 Channel



PET CT SCAN

बरेली मंडल की एक मात्र मशीन



FDG -PET CT
PSMA- PET CT (प्रोस्टेट कैंसर)
सोडियम फ्लोराइड बोन पीईटी
DOPA -PET CT (पार्किंसंस आवर्तक ब्रेन ट्यूमर, आदि)

द्वितीय पीढ़ी की मशीन जिससे कैंसर के स्टेज का पता चलता है

Immunotherapy & Chemotherapy

Dedicated Cancer Modular OT's

आयुष्मान कार्ड से 5 लाख तक का इलाज

हमारे विशेषज्ञ

डॉ. अर्जुन अग्रवाल (सर्जिकल ऑन्कोलॉजिस्ट)
डॉ. लक्ष्मण पांडे (रेडिएशन ऑन्कोलॉजिस्ट)
डॉ. आमिर मलिक (हेड एंड नेक कैंसर सर्जन)
डॉ. सिद्धार्थ अरोड़ा (क्लिनिकल ऑन्कोलॉजिस्ट)
डॉ. संदीप (मेडिकल ऑन्कोलॉजिस्ट)
डॉ. चीना गर्ग (ऑन्कोपैथोलॉजिस्ट)
डॉ. अंकित कुमार (न्यूक्लियर मेडिसिन ऑन्कोलॉजिस्ट)

अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें - 92581 16087, 78912 35003

रोहिलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल कैम्पस, सुरेश शर्मा नगर, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली



भगन्दर, बवासीर

सभी प्रकार के बार-बार ऑपरेटेड Complex Fistula (जटिल भगन्दर) पाइल्स तथा एनल फिसर एवं Anal Stenosis की क्षार सूत्र द्वारा पूर्ण सफल चिकित्सा

सुश्रुत क्लीनिक

क्षार चिकित्सा गुदा एवं वृहदांत्र रोग [COLO-RECTAL-CENTER]

28.बी, एकता नगर स्टेडियम रोड, बरेली

9897030475
9411221895
7060162071



डॉ. लालता प्रसाद (सर्जन)

B.sc., B.A.M.S., D.Ay.M. सर्जरी (I.M.S), (B.H.U.) वाराणसी
गुरू /प्रोफेसर - राष्ट्रीय आयुर्वेद विद्यापीठ आयुष मंत्रालय भारत सरकार, नई दिल्ली
भू,पू, वरिष्ठ लेक्चरार एस. आर. एम. स्टेट आयु कॉलेज, बरेली
Life-Member Association of Anaesthetists of Indian Medicine

45 वर्षों का कुशल अनुभव



डॉ. अभय प्रकाश (सर्जन)

B.A.M.S., M.S सर्जरी
क्षार सूत्र एवं गुदा रोग विशेषज्ञ

बाल गुदा रोग विशेषज्ञ व समस्त गुदा रोग भगन्दर, बवासीर, ऐनल फिसर रेक्टल पालिप, पाइलोनिडल साइनस, कोलाइटिस

गुदा रोगों के लक्षण

मलद्वार से खून मवाद आना गांठ का मल द्वार से बाहर निकलना मल द्वार के आस पास बार-बार फोड़ा बनना एवं फूटना, बार-बार मल त्याग करना, मल द्वार में दर्द एवं खुजली होना

समय
प्रातः 10:00 से 2:00 बजे तक
सायं 7:00 से 8:00 बजे तक
रविवार
प्रातः 10:00 से 2:00 बजे तक
सायंकाल अवकाश



प्रवेश प्रारम्भ

बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली

बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ फार्मेसी

फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
- डी. फार्मा (2 वर्षीय)
- बी. फार्मा (4 वर्षीय)
- एम. फार्मा (फार्मास्यूटिक्स) (2 वर्षीय)
- एम. फार्मा (फार्माकोलॉजी) (2 वर्षीय)

रोहिलखंड कॉलेज ऑफ फार्मेसी

फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
- डी. फार्मा (2 वर्षीय)
- बी. फार्मा (4 वर्षीय)

रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)

केशलता कॉलेज ऑफ फार्मेसी

फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
- डी. फार्मा (2 वर्षीय)

मो. 9457672942
केशलता हॉस्पिटल कैंपस, डेलापीर रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)

बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट
- एम.एच.ए. (2 वर्षीय)
- एम.पी.एच. (2 वर्षीय)

रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202), E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com

प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) योगेन्द्र सिंह (9760578366)



प्रवेश प्रारम्भ

बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली

फैकल्टी ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज

उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
- बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (बी.एम.एल.एस.) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन फिजियोथिरेपी (बी.पी.टी.) (4 वर्षीय)
- बैचलर ऑफ आप्टोमेट्री (बी. आप्टम) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन मेडिकल रेडियोलॉजिक इमेजिंग टेक्नॉलॉजी (बी.एम.आर.आई.) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन ऑपरेशन थियेटर टेक्नोलॉजी (बी.ओ.टी.टी) (अगामी पाठ्यक्रम) (3 वर्षीय)
- एम.एस.सी. क्लीनिकल एंब्रियोलॉजी (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
- मास्टर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (एम.एम.एल.एस. (अगामी पाठ्क्रम) (2 वर्षीय)
- मास्टर ऑफ फिजियोथिरेपी (एम.पी.टी.) (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)

फैकल्टी ऑफ फॉरेंसिक साइंसेज
- बी.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (3 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)
- एम.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (2 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)

रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल

उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
- डिप्लोमा इन एक्स-रे टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन लैब टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन रेडियोथिरेपी टेक्नीशियन (आगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)

रोहिलखंड कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज

उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
- डिप्लोमा इन डायलेसिस टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन एम.आर.आई. टेक्नीक्स (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन इमरजेन्सी एण्ड ट्रामा केयर टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- सर्टिफिकेट इन सेनीटेशन (1 वर्षीय)

For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202), E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com

प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) डॉ. प्रशांत गुप्ता (8445508214)

## रोटरी क्लब न्यू बरेली ने किया पौधरोपण



बरेली, अमृत विचार : रोटरी क्लब न्यू बरेली की ओर से 2024-25 के कार्यकाल की प्रथम परियोजना के अंतर्गत ग्राम खजुरिया में पौधरोपण किया गया। इस अवसर पर नव निर्वाचित अध्यक्ष डॉ. अमित डेविस ने कार्यक्रम के स्लोगन गाकर सभी को पेड़ लगाने के लिए प्रेरित किया। क्लब के सचिव रोटेरियन अमित ग्रोवर ने बताया कि इस अवसर पर विभिन्न प्रजाति के 400 पौधों का रोपण क्लब की ओर से किया गया। चार्टर प्रेसिडेंट अमरजीत सिंह बक्शी ने कहा कि पौधे लगाना पर्यावरण संरक्षण की ओर एक महत्वपूर्ण कदम है। सबको यह कदम उठाना चाहिए। साथ ही बताया कि इस वर्ष वृहद स्तर पर क्लब की ओर से कई बड़े कार्यों की योजना बनाई जा रही है। इस अवसर पर क्लब की ओर से डॉ. संजय कृष्णन, भूपेंद्र पाल सिंह, अरविंद सिंह आहूजा, ऋषि खंडेलवाल, संजीव चौधरी, डॉ. प्रफुल्ल चौहान आदि उपस्थित रहे।

## प्रदोष पूजन के साथ शुरू हुआ कांवड़ सेवा शिविर



बरेली, अमृत विचार : श्रीनाथ नगरी सेवा समिति की ओर से सोमवार को अंगूरी स्थित रामंगगा के तट पर कांवड़ सेवा शिविर लगाया गया। इस अवसर पर विधिवत प्रदोष पूजन किया गया। फलाहारी भंडारे में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। समिति के प्रदेश महामंत्री सुधीर सिंह ने बताया कि कांवड़ियों की 24 घंटे सेवा के लिए पूरे माह शिविर चलेगा। इस दौरान कांवड़ियों के ठहरने के अलावा 24 घंटे भंडारे की व्यवस्था भी की गई है। प्रदेश अध्यक्ष श्रवण गुप्ता, पं. सत्येंद्र शास्त्री, उदय पाल सिंह, विशाल चौहान, आशुतोष चौहान, अनिल आदि उपस्थित रहे।

## भारत विकास परिषद ने शिक्षकों को किया सम्मानित



बरेली, अमृत विचार : भारत विकास परिषद की पांचाल नगरी शाखा की ओर से संस्कार प्रकल्प के अंतर्गत गुरुवंदन छात्र अभिनंदन कार्यक्रम का आयोजन सोमवार को किया गया। पीलीभीत रोड स्थित निजी अनुसंधान संस्थान में आयोजित कार्यक्रम में शिक्षकों को स्मृति चिह्न व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। परिषद के पदाधिकारियों ने संस्थान में शिक्षा ग्रहण कर रहे छात्रों के लिए पांच दिवसीय बाल संस्कार शिविर लगाने की घोषणा की। इस अवसर पर प्रधानाध्यापिका सोनल भाटिया, हर्ष वर्धन, संजय नेगी, पंकज सिंह, कमल पंत, हर्ष चौहान, मोहम्मद गौहर अब्बास, भगवती महाकुंड, रुखसार, सोनम पांडे आदि उपस्थित रहे।

## मानव सेवा क्लब ने 10 शिक्षकों को सम्मानित किया



बरेली,अमृत विचार : मानव सेवा क्लब की ओर से सोमवार को कर्मचारी नगर स्थित गुरु पब्लिक स्कूल में प्रो. एनएल शर्मा शिक्षा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इसमें 10 शिक्षकों को सम्मानित किया गया। क्लब के अध्यक्ष सुरेंद्र बीनू सिन्हा ने कहा कि गुरु का सम्मान करना सच्चा धर्म होता है। हर व्यक्ति को किसी न किसी को अपना गुरु अवश्य मानना चाहिए और उनके बताए सदमार्ग पर चलने की कोशिश करनी चाहिए। कार्यक्रम का आरंभ गुरु मेहरोत्रा ने प्रो. एनएल शर्मा के चित्र पर माल्यार्पण से किया। सरस्वती वंदना अरुणा सिन्हा ने की। साहित्यकार इंद्र देव त्रिवेदी ने गुरु की महिमा पर विस्तार से प्रकाश डाला। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. रवींद्र आहूजा, शालिनी शर्मा, प्रीति अरोरा, नेहा सिन्हा, मेघा वर्मा, भूमिका शर्मा, शालिनी सिंह, शैली, प्रियांशी और तब्बसुम खान को प्रशस्ति पत्र और स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया। आशा शुक्ला, अरुणा सिन्हा, मीरा मोहन, प्रकाश चंद्र सक्सेना, अनिल कुमार, राजेश कुमार, अखिलेश, अविनाश चंद्र, सुनील शर्मा, आरके सक्सेना, सुधीर मोहन आदि उपस्थित रहे।

# झूठा मुकदमा लिखाने में महिला फंसी, दो आरोपी बरी

## कोर्ट ने महिला के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने के दिए आदेश

विधि संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : नौ वर्ष पूर्व पॉक्सो एक्ट के मुकदमे में प्रेमनगर के मोहल्ला शाहबाद निवासी विक्की और फैसल को झूठा फंसाने के मामले में आरोपी रूकसाना को दोषी पाते हुए स्पेशल जज पॉक्सो एक्ट कोर्ट कुमार मंयक ने महिला के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करने और आरोपियों को बरी करने का आदेश दिया है।

सरकारी वकील सुभव कुमार मिश्रा के अनुसार रूकसाना ने थाना बारादरी में तहरीर देकर बताया कि 24 जुलाई 2015 को सुबह घर पर फैसल और उसके साथ चार पांच लोग आए और उसकी लड़की को जबरन कहीं ले गए। काफी तलाशने पर लड़की नहीं मिली। इस बात की शिकायत फैसल के पिता अजीम से की तो झगड़ा करने। विरोध करने पर गाली गलौज की। पुलिस ने मामले में पॉक्सो एक्ट में रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना के बाद दोनों आरोपियों के विरुद्ध आरोप पत्र कोर्ट भेजा था। वहीं, अदालत में अपने बयान से वादिनी मुकर गई थी। पीड़िता ने भी कथानक का समर्थन नहीं किया था। पीड़िता ने बयान में कबूला कि घटना के समय वह बालिग थी। उसे फैसल और विक्की बहलाकर नहीं ले गए थे। लोगों के बहकावे में आकर उसकी मां ने थाना बारादरी में रिपोर्ट दर्ज करवा दी थी। उसने फैसल से निकाह कर लिया है। वह उसी के साथ रहती है। उसके दो बच्चे हैं। झूठी सूचना देने पर वादिनी के विरुद्ध अदालत ने 22 पॉक्सो एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज करने का आदेश दिया है। इसमें वादिनी को 6 माह कैद और जुर्माने की सजा हो सकती है।

### दुष्कर्म के मामले में दोषी को आठ वर्ष कैद

विधि संवाददाता, बरेली,अमृत विचार : स्पेशल जज फॉस्ट ट्रैक कोर्ट अशोक कुमार यादव ने महिला को जान से मारने की धमकी देकर दुष्कर्म करने के आरोपी हाफिजगंज ग्राम ग्रेम निवासी मोरपाल को परीक्षण में दोषी पाते हुए 8 वर्ष कारावास और 20 हजार 500 रुपये जुर्माने की सजा सुनाई। जुर्माने से 10 हजार रुपये पीड़िता को बतौर मुआवजा मिलेंगे। सरकारी वकील हरेन्द्र सिंह राठौर ने बताया कि पीड़िता ने थाना हाफिजगंज में तहरीर देकर बताया कि 27 दिसम्बर 2021 को 3 बजे गन्ने के खेत के किनारे पहुंची, तभी नशे में मोरपाल ने उसे दबोच लिया। उसे गन्ने के खेत में खींचकर ले गया। उसके साथ दुष्कर्म किया। शोर मचाने पर उसे जान से मारने की धमकी दी। घर आकर उसने पति को इसकी जानकारी दी। पुलिस ने मामले में दुष्कर्म, धमकी देने की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना के बाद आरोप पत्र कोर्ट भेजा था।

## अपात्रों के शौचालय बनवाने का आरोप प्रधान ने सीडीओ से की शिकायत

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- मामले की जांच करा खंड प्रेरक के विरुद्ध कार्रवाई करने की मांग
- पैसे लेकर 20 लोगों की सूची शौचालय बनवाने के लिए खंड प्रेरक को दी

अमृत विचार : महिला प्रधान ने खंड प्रेरक पर अपात्रों से पैसे लेकर शौचालय बनाने का आरोप लगाया है। उन्होंने सोमवार को विकास भवन पहुंचकर सीडीओ कार्यालय में शिकायत कर मामले की जांच कराने की मांग की है।

बिथरी चैनपुर क्षेत्र की ग्राम पंचायत भगवतीपुर की रहने वाली महिला प्रधान प्रीति सोमवार को विकास भवन पहुंचीं। उनका आरोप था कि उन्होंने अपनी ग्राम पंचायत में शौचालय बनवाने के लिए पांच लोगों की सूची चार महीने पहले ब्लॉक बिथरी चैनपुर में अपने व पंचायत सहायक के संयुक्त हस्ताक्षर के साथ खंड प्रेरक को दी थी।

आरोप है कि खंड प्रेरक ने प्रति लाभार्थी एक हजार रुपये रिश्वत की मांग की। पैसे नहीं देने पर जो नाम उन्होंने दिए थे, उन्हें सूची से हटा दिया गया। उसके बाद एक अन्य व्यक्ति ने पैसे लेकर अपने स्तर से 20 लोगों की सूची शौचालय बनवाने के लिए खंड प्रेरक को दी।

उसके बाद अपात्रों के खातों में पहली किस्त के रूप में छह हजार रुपये डाल दिए गए। ऐसे में वे लोग भी शामिल हैं, जिनके घरों में शौचालय बने हुए हैं। शिकायत पत्र में उन्होंने सक्षम अधिकारी से जांच कराने की मांग की है।

## 94 हजार का सरसों का तेल किया जब्त



तेल जब्त करती टीम।

बरेली, अमृत विचार : खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने सोमवार को एफएसओ राघवेंद्र प्रताप वर्मा के नेतृत्व में बहेड़ी के देवरनिया, मोहल्ला मस्तान में एक दुकान पर छापा मारा। इस दौरान दुकान से सरसों के तेल के 52 पीपे सीज किए गए। टीम के अनुसार पीपों की कीमत 94640 रुपये है। उन्होंने बताया कि इसके साथ ही दही का सैंपल भी लिया गया।

## अगर हादसा हुआ तो संबंधित क्षेत्र के एसडीओ और जेई होंगे जिम्मेदार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- अधीक्षण अभियंता ने वर्चुअल बैठक में अफसरों को कांवड़ यात्रा मार्गों पर बिजली व्यवस्था दुरुस्त रखने के दिए निर्देश

अमृत विचार : ऊर्जा मंत्री की सख्ती के बाद अधीक्षण अभियंता ने सोमवार को अफसरों के साथ बिजली आपूर्ति और कांवड़ियों की सुरक्षा को लेकर वर्चुअल बैठक की, जिसमें निर्देश दिए कि एक बार फिर से कांवड़ यात्रा मार्गों और नाथ मंदिरों के आसपास निरीक्षण कर व्यवस्था को देख लें। कोई कमी हो तो उसे तत्काल ठीक कराएं, अगर कहीं कोई हादसा हुआ तो संबंधित क्षेत्र के एसडीओ और जेई को दोषी माना जाएगा।

ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने रविवार रात जिले के बिजली अधिकारियों के साथ वीडियो कांफ्रेंसिंग की थी। इसमें सावन में बिजली आपूर्ति बेहतर रखने और किसी तरह का कोई हादसा न हो, इसको लेकर निर्देश दिए थे। इस संबंध में शहरी क्षेत्र के अधीक्षण अभियंता अंबा प्रसाद वशिष्ठ ने अधिशासी अभियंता और एसडीओ के साथ वर्चुअल बैठक की। इसमें उन्होंने कहा कि अगर कहीं ट्रांसफार्मर में खराबी आ रही है तो उसकी जगह पर कई दिन तक ट्राली ट्रांसफार्मर लगाकर न रखें। निर्देश दिए कि ट्राली ट्रांसफार्मर इमरजेंसी के लिए होता है। खराब ट्रांसफार्मर को ठीक कराकर ट्राली ट्रांसफार्मर हटाया जाए। स्थाई तौर पर उसे सड़क पर न लगाएं। पुलिस से समन्वय स्थापित कर डीजे निकलते समय सप्लाई बंद कर दें।

उन्होंने आरडीएसएस और बिजनेस प्लान के तहत होने वाले काम को समय से पूरा कराने के निर्देश दिए। एक दिन पहले पावर कॉरपोरेशन के चेयरमैन ने यहां अफसरों के साथ बैठक की थी। इसमें उन्होंने शाहजहांपुर और बदायूं के बिसौली में योजनाओं की खराब प्रगति पर अफसरों को चेतावनी दी थी।

## सीएचओ ने किया वायरल फोटो में नजर आ रहे नोट कमीशन के होने का दावा

- बहेड़ी एमओआईसी पर ब्लॉक में तैनात सीएचओ ने लगाए थे गंभीर आरोप
- अब बोले, एमओआईसी ने उन पर भी कमीशन लेने का बनाया था दबाव

बरेली, अमृत विचार: बहेड़ी एमओआईसी और सीएचओ के बीच चल रहे विवाद में रोज कुछ नया सामने आ रहा है। अब जांच टीम को सीएचओ ने लिखित बयान देकर अपने आरोप को और भी पुख्ता कर दिया है। इससे एमओआईसी की मुश्किलें बढ़ती हुई नजर आ रही हैं।

दरअसल, सीएचओ के साथ नोट गिनते फोटो वायरल होने के बाद एमओआईसी डॉ. अजमेर सिंह ने जांच टीम को तर्क दिया था कि जो नोट उनके हाथ में थे, वो सरकारी बजट के थे। सामान खरीदने के बाद बची हुई रकम वह सीएचओ को वापस कर रहे थे। वहीं जिस वेंडर से सामान खरीदा गया था, उससे बिल में पूरी रकम खर्च होने संबंधी बिल भी लिया गया था। अब जांच टीम को सीएचओ ने स्टांप पर अपने बयान लिखकर दिए हैं। सूत्रों के अनुसार लिखित बयान में सीएचओ ने दावा किया है कि वायरल फोटो में जो नोट एमओआईसी के हाथ में नजर आ रहे हैं, वे कमीशन के हैं। सीएचओ ने यह भी बयान दिया है कि एमओआईसी की ओर से उन पर भी बजट का कमीशन लेने का दवाब बनाया गया था। सीएचओ के साथ ही एमओआईसी ने भी जांच टीम को अपना स्पष्टीकरण दिया है, लेकिन जांच टीम ने उस पर पूरी तरह गोपनीयता बनाए हुए चुप्पी साध रखी है। सीएमओ डॉ. विश्राम सिंह ने बताया कि जांच टीम को जल्द मामले की जांच पूर्ण कर रिपोर्ट देने का आदेश दिया गया है। रिपोर्ट मिलने पर संबंधित के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

## संसद में ओलंपिक खिलाड़ियों को गुणवत्तापूर्ण सुविधा देने की बात रखी

बरेली, अमृत विचार : आंवला सांसद नीरज मौर्य ने सोमवार को लोकसभा में जुलाई-अगस्त में होने वाले ओलंपिक को लेकर सदन में विचार रखे। इस दौरान उन्होंने खिलाड़ियों को मिलने वाली सुविधाओं को गुणवत्ता पूर्ण रखने की बात कही। बोले- सरकार यदि बेहतर काउंसलिंग करे और अच्छी नीति अपनाए तो ग्रामीण क्षेत्र में छिपी प्रतिभाओं के निकलने से बहुत से ओलंपिक पदक जीतने की संभावनाएं प्रबल होंगी।

## गौला नदी ने बहाव की दिशा बदली रुड़की के इंजीनियरों ने किया निरीक्षण

बरेली, अमृत विचार : गौला नदी ने बहाव की दिशा को बदल दिया है। पहले नदी पुल के नीचे से बहती थी लेकिन अब पुल की दीवार के पास से बह रही है। रुड़की के इंजीनियरों की टीम के निरीक्षण में यह बात सामने आई है। अब इंजीनियर यह आकलन कर रहे हैं कि नदी को फिर से पुरानी स्थिति में लाने के लिए क्या कदम उठाने होंगे। बरेली में पांडव एप्लीकेशन कंपनी के सीईओ अद्वैत गुप्ता को साथ लेकर आईआईटी रुड़की के नेशनल इंस्टीट्यूट आफ हाइड्रोलॉजी के इंजीनियरों की टीम ने बीते दिनों नदी का निरीक्षण किया था। इंजीनियरों ने बताया कि पहले गौला नदी पुल के नीचे से बहती थी, लेकिन अब वह पुल की दीवार के पास से बह रही है। इंजीनियर साफ्टवेयर तकनीक से नदी का खाका तैयार कराएंगे। इसमें यह तय होगा कि नदी को पुरानी स्थिति में लाने के लिए कितना एरिया कटाव में आएगा। आसपास की फसल कितनी प्रभावित होगी। सभी कार्यों का आकलन करने के बाद तय होगा कि यह काम होगा या नहीं।



## शोभायात्रा निकालकर किया जलाभिषेक

बरेली, अमृत विचार : नाथनगरी जलाभिषेक समिति के पदाधिकारियों ने सोमवार को शहर में शोभायात्रा निकालकर मंदिरों में जलाभिषेक किया। जगह-जगह लोगों ने पुष्प वर्षाकर शोभायात्रा का भव्य स्वागत किया। सुबह शहामतगंज स्थित सेठ गिरधारी लाल मंदिर से शोभायात्रा शुरू हुई, जो मढ़ीनाथ मंदिर पहुंची। यहां मंत्रोच्चारण के साथ जलाभिषेक किया गया। इससे पहले मंदिर में गणेश पूजन और नाथ नगरी चालीस का पाठ किया गया। आशुतोष शर्मा, मनोज देवल, ब्रजवासी लाल अग्रवाल, आशुतोष अग्रवाल, पंकज देवल, रितेश अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

## नारायण मंदिर में हुआ भंडारे का आयोजन



बरेली, अमृत विचार : रिठौरा स्थित नारायण मंदिर विलय धाम में सावन के पहले सोमवार पर भंडारे का आयोजन किया गया। सुबह में नारायण वंदना व पूजा-अर्चना की गई। उसके बाद भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें दूर-दराज से पहुंचे श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। दिन भर भजन-कीर्तन कर श्रद्धालु भगवान शिव का गुणगान करते रहे। अध्यक्ष विजय अग्रवाल, प्रो. मधुदीप, दिव्या, सुमित वैश्य, सुधीर कुमार गोयल, पूनम कश्यप, सुषमा सक्सेना, विमलेश कुलश्रेष्ठ, रोहित कश्यप, देवेश वैश्य, मनोज शर्मा आदि उपस्थित रहे।

## इंस्टीट्यूट में रीओपनिंग समारोह



बरेली, अमृत विचार : गुरु पूर्णिमा के अवसर पर शिव गार्डन कॉलोनी स्थित संदीप कंप्यूटर इंस्टीट्यूट में रीओपनिंग समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान संचालिका कशिश कुशवाहा, आरती कुशवाहा, नंदिनी, रुखसार और सुमित आदि ने पूजन किया। इस दौरान सबने एक दूसरे को उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। संचालिका ने बताया कि संस्थान युवाओं को कंप्यूटर शिक्षा उपलब्ध कराकर उनके लिए रोजगार के अवसर उपलब्ध करवा रहा है।

## इंजीनियर संघ ने काला फीता बांध कर किया विरोध



बरेली, अमृत विचार : पदोन्नति, स्थाईकरण व ज्येष्ठता निर्धारण आदि मांगों का समाधान न किए जाने से क्षुब्ध सिविल डिप्लोमा इंजीनियर संघ के पदाधिकारियों ने काला फीता बांध कर कार्य करते हुए विरोध जताया। संघ के मंडल अध्यक्ष इंजीनियर राजीव कुमार ने बताया कि जब तक मांगें पूरी नहीं हो जातीं तब तक विरोध जारी रहेगा। इस अवसर पर विजय प्रताप, रामपाल सिंह, आनंद कुमार, दाऊ दयाल, ओमेंद्र राजोरिया, सबिया व रजनी पटेल आदि उपस्थित रहे।

## 10 महिला पुलिसकर्मियों को किया सम्मानित



बरेली, अमृत विचार : लेडीज सर्किल 145 व बरेली राउंड टेबल 45 की ओर से सोमवार को 10 महिला पुलिसकर्मियों को विभाग में विशिष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया गया। इसके साथ ही उपहार भी दिए गए। इस दौरान एक कैंसर पीड़ित मरीज को उपचार के लिए वित्तीय सहायता भी प्रदान की गई। इस अवसर पर चेयरपर्सन अवंतिका अग्रवाल, सचिव नैंसी अग्रवाल, एरिया चेयरमैन संकेत, क्षेत्रीय सचिव निखिल अग्रवाल, एरिया चेयरपर्सन रोहन मधोक, एरिया चेयरपर्सन अपर्णा अग्रवाल, पावन अग्रवाल, हर्षित अग्रवाल आदि उपस्थित रहे।

## बकरी उद्यमिता पर पांच दिवसीय प्रशिक्षण शुरू

बरेली, अमृत विचार : भारतीय पशु चिकित्सा संस्थान में सोमवार को पशुधन उत्पादन और प्रबंधन अनुभाग के सहयोग से बकरी पालन से उद्यमिता विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरुआत हुई। एग्री बिजनेस इन्क्यूबेशन परियोजना के तहत संचालित पांच दिवसीय प्रशिक्षण में उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड व झारखंड के 15 प्रतिभागियों ने भाग लिया। संयुक्त निदेशक डॉ. रूपसी तिवारी ने बताया कि प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को बकरी पालन के क्षेत्र में उद्यमिता की अपार संभावनाओं के बारे में बताया गया। इस क्षेत्र से जुड़कर युवा अपने लिए स्वरोजगार का सृजन कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि वैज्ञानिक तरीके से बकरी पालन करने से व्यवसाय ज्यादा लाभप्रद हो सकता है। उचित ब्रीड का चयन, उचित खान-पान व उचित स्वास्थ्य प्रबंधन तथा नई तकनीकों का समावेश कर इस व्यवसाय को करने से अधिक मुनाफा कमाया जा सकता है। कार्यक्रम के प्रमुख संयोजक व बकरी फॉर्म के प्रभारी डॉ. हरि ओम पांडेय, परियोजना के प्रधान अन्वेषक डॉ. बबलू कुमार आदि उपस्थित रहे।

## बॉब ने मनाया 117 वां स्थापना दिवस

बरेली, अमृत विचार : बैंक ऑफ बड़ौदा ने सोमवार को 117 वां स्थापना दिवस मनाया।

इस मौके पर प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी देवदत्त चांद ने कहा कि हमें खुशी है कि हम रिटेल, कृषि और कॉर्पोरेट बैंकिंग ग्राहकों के लिए सभी क्षेत्रों में कई व्यापक पहल और सेवाएं शुरू कर रहे हैं, जो हमारे ग्राहकों को लाभ प्रदान करने को प्रतिबद्ध हैं। बैंक सामाजिक और पर्यावरणीय योगदान भी कर रहा है।

बैंक जेनरेटिव एआई द्वारा संचालित वर्चुअल रिलेशनशिप मैनेजर को पेश कर रहा है, जो डिजिटल माध्यमों से सेवाएं प्रदान कर ग्राहकों को उनकी रोजमर्रा की बैंकिंग जरूरतों को तत्काल पूरा करने में मदद करता है।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

**सूचना**

मेरी बेटी का सही नाम Rajni Kumari है, जबकि आर्मी रिकॉर्ड में Rajni गलत दर्ज है। कृपया मेरे आर्मी रिकॉर्ड में सही नाम दर्ज करें। **हवलदार नरेंद्र सिंह नंबर 3195989F निवास ग्राम - दरवेशपुर जिला बुलन्दशहर, पोस्ट ऑफिस बोहिच, (यू.पी.)**

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपने पुत्र राकेश, पुत्रवधु गीता पत्नी स्व. मुकेश, नाती कुनाल पुत्र स्व. मुकेश व नातिन खुशी पुत्री स्व. मुकेश को गलत आचरण एवं दुर्व्यवहार के कारण सम्बन्ध विच्छेद कर अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगे। मेरा व मेरे परिवार से कोई वास्ता नहीं होगा। **बद्रीप्रसाद पुत्र श्री पोथीराम निवासी ग्राम खिरका जगतपुर तहसील मीरगंज जिला बरेली।**

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपने पुत्र आकाश को गलत चाल-चलन एवं दुर्व्यवहार के कारण सम्बन्ध विच्छेद कर अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उसके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा। मेरा व मेरे परिवार से कोई वास्ता नहीं होगा। **रामलाल पुत्र टीका राम निवासी ग्राम ढकिया डाम थाना शीशगढ़ थाना मीरगंज, जिला बरेली।**

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं सितम्बर 2003 को सेना से सेवानिवृत्त पेंशनर हूँ तथा मेरी सेवा पुस्तिका में मेरी पत्नी रणजीत कौर की जन्मतिथि त्रुटिवश 10.03.1974 अंकित हो गई है जबकि उनकी सही जन्मतिथि 06.04.1970 है जोकि आधार कार्ड व अन्य दस्तावेजों में भी दर्ज है। **कुलवन्त सिंह पुत्र स्व. बलवीर सिंह मो. एकता नगर गली नं. 5, शहर व जिला पीलीभीत।**

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पहले मेरे पुत्र का नाम MOHD ARQAN AKHTAR था, अब मैंने उसका नाम बदल कर ARQAN AKHTAR कर दिया है, भविष्य में उसे ARQAN AKHTAR के नाम से जाना पहचाना जाए। **इकराम अख्तर पुत्र अब्दुल रफीक निवासी मोहल्ला डालचंद जिला पीलीभीत।**

**वैधानिक सूचना** :- समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
बरेली संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
0581-4000222
हेड ऑफिस :- 932, कटरा चांद खां भारत पेट्रोल पम्प के सामने, पीलीभीत बाईपास रोड बरेली 243006

ROHILKHAND MEDICAL COLLEGE & HOSPITAL, BAREILLY
STAFF REQUIRED
Computer Operators
Qualification: Graduation with good Computer Knowledge & good Typing Speed (Exp. Min. one year)
Salesman (For Medical Stores)
Qualification: Min. D.Pharma (Exp. Min. One year)
Receptionist-2
Qualification: Graduation with good Computer Knowledge good Typing Speed (Female Candidate)
PRO
Qualification: Graduation
Accountant
Qualification: B.Com., M.Com. Exp. 1 year
Salary No Bar for Deserving Candidates
How to apply : Mail your CV at hrrmch@gmail.com or hard copy to the address given below.
HR OFFICE, RMCH Hospital Building, Pilibhit Bypass Road, Bareilly
Contact : 9548624286

# खनन, गलत ढंग से जमीन खरीदने के आरोपों से घिरे भाजपा विधायक


## पीड़ित पिता-पुत्र ने लगाया धांधली से 17 एकड़ जमीन खरीदने का आरोप

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार:** भाजपा के पलिया विधायक रोमी साहनी पर इन दिनों हर रोज नया आरोप लग रहा है। अब पीडित पिता पुत्र ने आपसी विवाद का फायदा उठाकर विधायक पर गलत तरीके से 17 एकड़ जमीन खरीदने का आरोप लगाया है। पिता पुत्र का यह वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है। बता दें कि इससे पहले अधिवक्ता रामचंद्र गौतम ने विधायक पर अवैध खनन सहित संगीन आरोप लगाए। फिर विधायक और अधिवक्ता के बीच जुबानी जंग चर्चा में आई। भारतीय किसान यूनियन अवध के जिलाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद यादव ने भी विधायक पर अवैध खनन करके शारदा नदी की धारा मोड़ने का आरोप लगाया था। इन दिनों भाजपा विधायक पर लग रहे आरोप चर्चा का केन्द्र बन गए हैं।

पलिया क्षेत्र के गांव मकनपुर निवासी हरपाल सिंह ने अपने पुत्र के साथ आरोप लगाते हुए वीडियो वायरल किया कि उनकी और उनके भाई लाभ सिंह की यहां और पंजाब दोनों जगह जमीन है। लाभ सिंह जब पंजाब वापस गए तो उनका आपसी बंटवारा हुआ, जिसमें उनकी जमीन पर उसका कब्जा है। आरोप है कि विधायक का उनके घर आना जाना है। इससे विधायक को पूरी बात पता थी। जब लाभ सिंह की मौत हो गई और जमीन बच्चों के नाम दर्ज की गई तो उन्होंने उनके बच्चों से 17 एकड़ जमीन की रजिस्ट्री करा ली। अब उन्हें पता चला तो उन्होंने वाद दायर कर दिया है।

### विधायक बोले-मेरे खिलाफ साजिश



भाजपा विधायक रोमी साहनी का कहना है कि मेरे खिलाफ राजनीतिक साजिश के तहत आरोप बाजी कराई जा रही है। इनमें कोई सच्चाई नहीं है। मेरे ऊपर आरोप लगाने वाले अधिवक्ता, किसान और प्रधान सभी विपक्षी गुट के हैं, जो मुझे बदनाम करना चाहते हैं। पलिया की जनता के सुख दुख में हर समय साथ खड़ा हूं और पलिया की गरीब जनता मेरे साथ है।

# पांच साल से फरार चल रहे आरोपी के घर की कुर्की

**फिरोजाबाद, अमृत विचार :** सन 2019 में एनआरसी के विरोध में हुए बवाल के मुकदमें फरार चल रहे आरोपी के घर की कुर्की हुई। कुर्की से पूर्व पुलिस ने कोर्ट के नोटिस को भी उसके घर पर चस्पा किया था लेकिन आरोपी ने कोर्ट में सरेंडर नहीं किया। गौरतलब है कि कटरा पठानान निवासी रफीक ने बवाल के दौरान तोड़फोड़ और आगजनी की थी। उसकी वीडियो में पुष्टि हुई थी। पुलिस ने उसकी तलाश में दबिश भी दी लेकिन वह तभी से फरार हो गया था। पुलिस ने उसके नाते रिश्तेदारों से उसे हाजिर कराने को कहा लेकिन वह तभी से फरार हो गया था। पुलिस ने अब कोर्ट के आदेश पर उसके घर की कुर्की की। पुलिस ने उसके घर से कूलर, पंखा, बर्तन, अटैची, बेड, लोहे के गेट, दरवाजे, कपड़े अन्य घरेलू सामान सहित चल संपत्ति को कुर्क कर थाना में दाखिल कराया गया है।

# हादसों में चार कांवड़ियों की मौत, 13 लोग घायल

संवाददाता, अमरोहा/गजरौला

**अमृत विचार :** सावन के पहले सोमवार को शिवालयों में जल चढ़ाने के लिए कांवड़ लेकर आ रहे चार कांवड़ियों की रविवार रात सड़क हादसों में मौत हो गई। 13 कांवड़िये गंभीर रूप से घायल हो गए। इन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया।

बताया गया कि अमरोहा देहात थाना क्षेत्र के गांव लोदीपुर में नन्हे उर्फ करवेंद्र कौशिक का परिवार रहता है। परिवरा में पत्नी, दो बेटे प्रिंस व छोटा बेटा यक्ष कौशिक था। यक्ष कौशिक बीए का छात्र था। रविवार को यक्ष कौशिक गांव के ही रहने वाले अपने दोस्त स्पर्श के साथ बृजघाट से जल लेने गया था। दोनों बृजघाट से गंगाजल लेकर लौट रहे थे। वह कांवड़ियों के लिए सुरक्षित लेन पर ही चल रहे थे। जैसे ही उनकी बाइक रजबपुर थाना क्षेत्र में वेंक्टेश्वरा यूनिवर्सिटी के सामने पहुंची तभी सामने से बाइक से भिड़ंत हो गई। दूसरी बाइक पर जिला मुरादाबाद में भोजपुर थानाक्षेत्र के गांव आबाकपुर के रहने वाले अमित पुत्र विनीत अपने साथी लवकुश के साथ बृजघाट से गंगाजल लेने जा रहे थे। हादसे में यक्ष कौशिक (20) और अमित की मौके पर मौत हो गई, जबकि स्पर्श और लवकुश घायल हो गए। पुलिस की सूचना के बाद दोनों मृतकों के परिजन जिला अस्पताल पहुंच गए। उधर, जिला मुरादाबाद में नागफनी थाना क्षेत्र के गांव दौलतपुर निवासी रितिक व उसका साथी सोनू बाइक पर सवार होकर बृजघाट से गंगाजल लेने जा रहे थे। रविवार रात 11 बजे जैसे ही उनकी बाइक रजबपुर थाना क्षेत्र में ही टोल टैक्स प्लाजा के पास पहुंची तो कार से टक्कर हो गई। हादसे में रितिक और सोनू गंभीर रूप से घायल हो गए।

## सार-संक्षेप

### पूरनपुर में भतीजे के जन्म की खुशी मना रहा था युवक, सुतली बम फटने से हो गई मौत

**पूरनपुर, अमृत विचार :** घर में भतीजे का जन्म होने पर एक युवक खुशी में पटाखे छुड़ा रहा था। इस दौरान सुतली बम के ऊपर रखा गिलास फटकर युवक के सीने में धंस गया जिससे युवक की मौत हो गई। हादसे के बाद पुत्र के जन्म की खुशियां मातम में बदल गईं। थाना सेहरामऊ क्षेत्र की ग्राम पंचायत केसरपुर कलां के मजरा बुधेली के रहने वाले मुरारी लाल के पुत्र सुनील की पत्नी ने सोमवार को बेटे को जन्म दिया। घर में खुशियां मनाई जा रही थीं। भतीजे का जन्म होने पर सुनील का छोटा भाई अमरपाल पटाखे दाग रहा था। सुतली बम में आग लगाने के बाद अमरपाल ने उसके ऊपर स्टील का गिलास रख दिया। कुछ देर इंतजार के बाद भी पटाखा नहीं फूटा तो अमरपाल उसे देखने के लिए गया। जैसे ही वह गिलास उठाने के लिए झुका कि सुतली बम फट गया। उसके ऊपर रखा गिलास अमरपाल के सीने में जा धंसा। गिलास के कई टुकड़े उसके शरीर में घुस गए, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजनों ने अमरपाल के सीने में घुसे ग्लास को प्लास से बमुश्किल निकला। अस्पताल ले जाने से पहले ही उसकी मौत हो गई।

### झाड़-फूंक के चक्कर में चली गई बालक की जान

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** जमीन पर सो रहे एक बालक को सर्प ने डंस लिया। परिवार वाले करीब पांच घंटे तक बालक की झाड़-फूंक कराते रहे, जिससे उसकी मौत हो गयी। कांट थाना क्षेत्र के गांव उमराह निवासी रिषीपाल का 12 वर्षीय पुत्र मोहन सिंह रविवार सुबह पांच बजे कमरे में जमीन पर सोया हुआ था। तभी उसके पैर में सर्प ने डंस लिया। उसके शोर मचाने पर परिवार वाले दौड़कर कमरे में गए। परिवार वालों ने सर्प को मारडाला। परिवार वाले बालक को लेकर मेडिकल कालेज आए। डॉक्टर ने देखने के बाद उसे भर्ती कर लिया। वह बेहोशी हालत में था। परिवार वाले दिन में दस बजे छुट्टी कराके झांड़ फूंक वाले के पास ले गए। तांत्रिक झाड़ फूंक करता रहा। दोपहर तीन बजे बालक की मौत हो गयी। रिषीपाल ने कांट थाना पर सूचना दी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक बालक छह भाइयों में चौथे नंबर का था। मौत की खबर से परिवार में रोना पीटना मच गया।

### नशीला पदार्थ खिलाकर रुपये और जेवर ले गई दुल्हन

**बदायूं, अमृत विचार :** शादी के एक सप्ताह बाद ही एक दुल्हन ने पति को नशीला पदार्थ मिलाकर खाना खिलाया। पति के नींद में सोने के बाद घर में रखे रुपये और जेवर लेकर फरार हो गई। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर दी है। थाना वजीरगंज क्षेत्र के गांव सरौरिया निवासी अर्जुन पुत्र नरेश पाल सिंह की शादी उनके एक परिचित ने एक सप्ताह पहले बरेली शहर निवासी रानी के साथ मंदिर में कराई थी। वह दुल्हन को अपने घर ले आए थे। रविवार रात दुल्हन ने नशीला पदार्थ मिलाकर पति को खिला दिया। आरोप कि दुल्हन घर में रखे 40 हजार रुपये, लाखों रुपये के जेवर ले गई है। सोमवार सुबह उठने पर अर्जुन को पत्नी के छोड़कर जाने की जानकारी हुई। अर्जुन ने तलाश की लेकिन दुल्हन का पता नहीं चल सका। परिजनों के अनुसार बरेली जाने पर पता चला है कि उसकी दुल्हन बनकर आई युवती किसी गिरोह की सदस्य है। जो लोगों को ठगने का काम करती है।

### आगरा में छापे जा रहे थे नकली नोट, पुलिस ने पकड़ा

**आगरा, अमृत विचार :** थाना डौकी क्षेत्र में युवक नकली नोट छाप रहा था। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। युवक के पास से प्रिंटर और स्याही की बोतल बरामद की है। जानकारी के अनुसार डौकी थाने की पुलिस को को मुखबिर के जरिए सूचना मिली कि रामनिवास नाम का युवक नकली नोटों को छप रहा है। पुलिस ने उसे पकड़ने के लिए जाल बिछाया और उसको गिरफ्तार कर लिया। युवक के पास से नकली नोट छापने का सामान बरामद हुआ है जिसमें कागज प्रिंटर और स्याही है। पुलिस के आला अधिकारी अभी युवक से पूछताछ कर रहे हैं फिलहाल अभी इस बात की जानकारी नहीं हो पाई है कि युवक ने अब तक कितने रुपए के नोट छपी हैं और बाजार में चलाए हैं उसके साथ कौन-कौन लोग शामिल है, इस बात की भी जानकारी अभी पुलिस कर रही है।

### केंद्र का निर्णय देश हित से परे-मायावती

**लखनऊ, अमृत विचार :** बहुजन समाज पार्टी की प्रमुख मायावती ने कहा कि सरकारी कर्मचारियों को आरएसएस की शाखाओं में जाने पर लगा प्रतिबंध हटाना देश हित से परे है। उन्होंने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' के जरिये कहा कि 58 वर्ष से जारी प्रतिबंध को हटाने का केन्द्र का निर्णय देश हित से परे, राजनीति से प्रेरित व संघ तुष्टीकरण का निर्णय है। उन्होंने कहा कि ऐसा इसलिए किया गया है कि ताकि सरकारी नीतियों व इनके अहंकारी रवैयों आदि को लेकर लोकसभा चुनाव के बाद दोनों के बीच तीव्र हुई तल्खी दूर हो सके।

### आज होगी पीपीएस अफसरों की डीपीसी

**लखनऊ, अमृत विचार :** 2008 बैच के पीपीएस अफसरों की आज यानी मंगलवार को डीपीसी की जाएगी। डीपीसी के बाद यह अफसर 6600 ग्रेड पे से 7600 ग्रेड पे पाने लगेंगे। प्रमोशन पाकर यह अधिकारी डिप्टी एसपी से एएसपी बनेंगे। बताते चलें कि प्रदेश में एएसपी के पदों की कमी चल रही है, इसलिए डीपीपी पूरी होने के बाद उप्र. पुलिस में एएसपी की कमी पूरी हो जाएगी।

# मथुरा-बरेली राजमार्ग पर कार लूट में शामिल तीन आरोपी गिरफ्तार

- बरेली और पीलीभीत जिले के रहने वाले हैं बदमाश

**बदायूं, अमृत विचार :** पुलिस ने 16 जुलाई को मथुरा-बरेली राजमार्ग पर लूट करने वाले तीन बदमाशों को गिरफ्तार किया है। लूटी गई कार और नगदी बरामद की है। यह तीन बदमाश पीलीभीत और बरेली जिले के रहने वाले हैं। वारदात में शामिल एक आरोपी फरार है जिसकी पुलिस तलाश कर रही है।

जिला कासगंज के थाना पटियाली क्षेत्र के दरियावगंज निवासी मोहित कुमार गुप्ता 16 जुलाई को रात लगभग 11 बजे बदायूं की ओर से अपने गांव जा रहे थे। बरेली-मथुरा राजमार्ग पर कार सवार बदमाशों ने उनकी कार रुकवा ली। उन्हें बंधक बनाकर कार, 8800 रुपये और मोबाइल लूटकर ले गए और उन्हें कार से धक्का देकर फेंक गए। मुखबिर की सूचना पर एसओजी व पुलिस ने गांव सैजनी के जंगल में दबिश दी। जहां तीन लोगों को पकड़ा। आरोपियों ने अपना नाम जिला पीलीभीत के थाना बीसलपुर क्षेत्र के गांव मंडरा सुमन निवासी सुमित कुमार मिश्रा, बरेली जिले के थाना बिथरी चैनपुर क्षेत्र के गांव चंदपुर बिचपुरी निवासी नूर हसन और बरेली के थाना हाफिजगंज क्षेत्र के गांव नऊआ नगला निवासी आनंद उर्फ बल्ला बताया।

# योगी ने किए बाबा विश्वनाथ के दर्शन

**वाराणसी, अमृत विचार:** सावन के पहले सोमवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वाराणसी में बाबा विश्वनाथ के दर्शन किया। षोडशोपचार पूजन कर मुख्यमंत्री ने लोक कल्याण की कामना की। उन्होंने काशी विश्वनाथ धाम अन्न सेवा वैन को रवाना किया। इसके पूर्व मुख्यमंत्री ने काशी के कोतवाल कहे जाने वाले बाबा कालभैरव की भी विधि विधान से पूजा कर आशीर्वाद लिया। लोकसभा चुनाव के बाद मुख्यमंत्री पहली बार काशी पहुंचे और दर्शन-पूजन किया। दर्शन-पूजन के दौरान मंत्री दयाशंकर सिंह, दयाशंकर मिश्र, रवींद्र जायसवाल, विधान परिषद सदस्य हंसराज विश्वकर्मा आदि मौजूद रहे।

# हर-हर महादेव से गूंज उठी रामनगरी

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** श्रावण मास के पहले सोमवार पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ अयोध्या पहुंची। वहीं बड़ी संख्या में कावरियों का आगमन भी शुरू हो गया है। चौतरफा हर हर महादेव के बीच रामनगरी श्रद्धालु और कावारियों से गुलजार है।

सरयू नदी में स्नान कर हर-हर महादेव और बोल बम के जयकारों के साथ नागेश्वर नाथ मंदिर में जलाभिषेक और दुग्धाभिषेक कर राम मंदिर और हनुमानगढ़ी पर भी दर्शन पूजन किया। इस दौरान सुरक्षा के व्यापक इंतजाम रहे। राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के बाद का पहला श्रावण मास है और इस वर्ष पांच सोमवार भी पड़ रहे हैं। ब्रह्म मुहूर्त से ही श्रद्धालुओं ने पवित्र सरयू नदी में डुबकी लगाई और भगवान शिव की भक्ति में सराबोर जयकारा लगाते हुए श्रद्धालुओं ने नागेश्वर नाथ मंदिर में जलाभिषेक किया हैं। इसके साथ ही क्षिरेश्वर नाथ, कोटेश्वर नाथ सहित नगर के एक दर्जन से अधिक शिव मंदिर में शिव भक्तों ने अभिषेक पूजन संपन्न किया।



अयोध्या के नागेश्वर नाथ मंदिर पर जलाभिषेक के लिए पहुंचे श्रद्धालु। ● अमृत विचार

# मेरठ में चार वर्ष की बच्ची ने 75 वर्ष के पिता को दी मुखाग्नि

- आईवीएफ के जरिए त्यागी दंपती बने थे माता-पिता

एजेंसी

**मेरठ।** नगर में एक चार साल की बेटी ने सोमवार को अपने 75 साल के पिता को मुखाग्नि देकर मिसाल कायम की। उसका जन्म टेस्ट ट्यूब प्रक्रिया से हुआ था। श्मशान घाट में बच्ची बार-बार अपने मामा और अन्य परिजनों से पापा के बारे में पूछ रही थी।

शास्त्रीनगर निवासी सेल्स टैक्स विभाग से रिटायर हुए देवेंद्र त्यागी के परिवार पर सात साल पहले कहर टूटा था जब अगस्त 2018 में बेटे की ब्रेन हेमरेज से मौत हो गई। उसकी एक बेटी थी। एक महीने बाद ही उनकी शादीशुदा बेटी की भी हार्ट अटैक से मौत हो गई।

उसने अपने पीछे छोटे-छोटे दो बेटे छोड़े। इस संकट के समय में देवेंद्र के दामाद और उनकी बहू ने उनसे दूरी बना ली। देवेंद्र के साले राजीव त्यागी ने बताया कि कुछ दिन बाद दामाद और बहू ने शादी कर ली और तीनों बच्चों को साथ लेकर अलग रहने लगे। वंश चलाने के लिए 70 साल की उम्र में देवेंद्र और उनकी पत्नी मधु ने टेस्ट ट्यूब से संतानोत्पत्ति का निर्णय लिया। नौ महीने बाद इस विधि से पुत्री ने जन्म लिया।

उसका नाम मोहा त्यागी रखा गया। उसकी आयु अब चार वर्ष है। 75 साल की उम्र में देवेंद्र त्यागी का भी निधन हो गया। रविवार को उनका अंतिम संस्कार सूरजकुंड में कर दिया गया। उनकी चार साल की बेटी ने उन्हें मुखाग्नि दी। राजीव त्यागी ने बताया कि देवेंद्र अपनी पोती और बेटी के दोनों बेटों से बहुत प्यार करते थे।

वह उन्हें ही अपने वारिस के रूप में देखते थे, लेकिन बहू और दामाद ने जब शादी कर ली और उनसे दूरी बना ली तो वह टूट गए। उनकी समझ में नहीं आ रहा था कि उनके बाद उनकी संपत्ति का मालिक कौन होगा। इसी परेशानी को देखते हुए उन्होंने टेस्ट ट्यूब विधि का सहारा लिया। उससे जन्मी बेटी एब चार साल की है।

# नैनी सेंट्रल जेल से सजायाफ्ता बंदी फरार, 4 को निलंबित किया

**प्रयागराज, अमृत विचार :** केंद्रीय कारागार नैनी में सामूहिक दुष्कर्म के मामले में सजा काट रहा सजायाफ्ता बंदी शनिवार को जेल से फरार हो गया। बंदी के फरार होने से जेल अधिकारियों में हड़कंप मच गया। फरार बंदी की तलाश के लिए पुलिस की टीमें लगाई गयी, लेकिन दो दिन बाद भी पुलिस खाली हाथ है।

जानकारी के मुताबिक महोबा जिले के सिटी कोतवाली अंतर्गत पसवारा गांव का रहने वाला काली चरण पुत्र मुल्लु 28 वर्ष नैनी सेंट्रल जेल के सर्किल नंबर दो में सजा काट रहा था। आरोपी के खिलाफ गैंगरेप का मुकदमा दर्ज किया गया था। आरोपी को 20 साल की सजा पड़ने के बाद सजा काटने के लिए 9 मार्च 2024 को महोबा जेल से नैनी सेंट्रल जेल ट्रांसफर किया गया था। जेल में उसकी ड्यूटी बाहर बाग़ कमान में लगाई गयी थी। शनिवार की सुबह कमान निकलने के बाद वार्डन सभी बंदियों को काम करने के टीम महिला जेल के पीछे कृषि फ़ार्म की ओर ले गये थे।

## उत्तराखंड

# बारिश को लेकर अलर्ट रहने के निर्देश

**देहरादून, अमृत विचार :** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को आईटी पार्क देहरादून स्थित राज्य आपदा परिचालन केंद्र का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में हो रही बारिश की स्थिति का जायजा लेते हुए अधिकारियों को हर समय अलर्ट मोड में रहने को कहा। मुख्यमंत्री ने सचिव आपदा प्रबंधन को निर्देश दिए कि वे निरंतर जिलाधिकारियों से समन्वय बना कर रखें। नदियों के जल स्तर पर नियमित निगरानी बनाए रखें। मुख्यमंत्री ने राज्य आपदा परिचालन केंद्र से जिलाधिकारी नैनीताल, बागेश्वर, टिहरी, रुद्रप्रयाग, पौड़ी, देहरादून से फोन से वार्ता कर बारिश की स्थिति, सड़कों की स्थिति, विद्युत और पेयजल की उपलब्धता तथा जलभराव के बारे में जानकारी ली।

# रुद्रपुर में छात्रों का हंगामा, हाईवे जाम किया

- पुलिस से नोकझोंक, सीटें बढ़ाने और सांध्यकालीन कक्षाओं को चलाने की उठाई मांग

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** सांध्यकालीन कक्षाएं प्रारंभ करने और बीएससी बीकॉम की सीटें बढ़ाने को लेकर पिछले कुछ दिनों से सरदार भगत सिंह राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के विद्यार्थी संघर्षरत थे, लेकिन समाधान नहीं होने पर अचानक छात्र नेताओं का गुस्सा फूट पड़ा। गुस्साए छात्रों ने कॉलेज में तालाबंदी कर रामपुर-नैनीताल हाईवे पर जाम लगाकर धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया। सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और जाम खुलवाने का प्रयास करने लगी। इसको लेकर छात्रों व पुलिस के बीच तीखी नोकझोंक भी हुई। बाद में कॉलेज प्रशासन के आश्वासन पर गुस्सा शांत हुआ।

सोमवार को छात्र संघ अध्यक्ष कमलचंद्र जोशी और सचिव सचिन वर्मा सहित बड़ी संख्या में छात्र कॉलेज परिसर में एकत्रित हुए और नारेबाजी करते हुए कॉलेज के मुख्य गेट पर ताला लगा दिया। इसके बाद गुस्साए छात्र जुलूस की शक्ल में रामपुर हाईवे पहुंचे। जहां छात्रों ने हाईवे पर जाम लगाते हुए धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया। सूचना मिलने पर एसएसआई दीपक कौशिक, एसएसआई अशोक कुमार पुलिस बल के साथ पहुंचे और जाम खुलवाने का प्रयास करने लगे। इसको लेकर छात्रों व पुलिस में नोकझोंक भी हुई।

इस दौरान छात्रों का कहना था कि वे लंबे समय से कॉलेज प्रशासन से सांध्यकालीन कक्षाएं प्रारंभ करने का मुद्दा उठा रहे हैं। इसके अलावा बीकॉम, बीएससी, बीबीए सहित सभी विषयों पर सीटें बढ़ाई जाएं। ताकि प्रवेश को भटक रहे विद्यार्थियों का भविष्य बन सके। कोई सुनवाई नहीं होने के कारण छात्रों ने उग्र आंदोलन का रास्ता अपनाया और मांगे पूरी नहीं हुई तो आंदोलन जारी रहेगा। बाद में कॉलेज प्रशासन ने जल्द समाधान का आश्वासन दिया। आंदोलन के दौरान सोमवार को अचानक एक छात्र की तबीयत खराब हो जाने से छात्र नेताओं में हड़कंप मच गया। नैनीताल हाईवे पर छात्र धरना प्रदर्शन कर रहे थे। उसी दौरान वहां मौजूद बीए तृतीय वर्ष का छात्र अरबाब मूर्छित होकर गिर गया। जिसे देखकर छात्रों में हड़कंप मच गया और छात्र को उठाकर अंदर ले जाया गया।



रामपुर हाईवे पर जाम लगाकर धरना-प्रदर्शन करते आक्रोशित छात्र। ● अमृत विचार

# देह व्यापार संचालिका समेत तीन पकड़े

**रुद्रपुर, अमृत विचार :** थाना ट्रांजिट कैंप इलाके में एंटी ह्यूमन ट्रेफिकिंग यूनिट की टीम ने एक घर में छापामार कर देह व्यापार में लिप्त संचालिका को गिरफ्तार किया, जबकि पांच महिलाओं को रेस्क्यू कर परिजनों के सुपुर्द किया। पुलिस ने मौके से दो युवकों को भी गिरफ्तार कर मुकदमा पंजीकृत कर लिया है। एएचटीयू प्रभारी जीतो कंबोज को सूचना मिली कि थाना ट्रांजिट कैंप के आजाद नगर में देह व्यापार का धंधा संचालित है। सूचना मिलते ही ट्रांजिट कैंप पुलिस और एएचटीयू यूनिट की संयुक्त टीम ने वार्ड के मकान में छापा मारा। वहां एक महिला देह व्यापार का धंधा संचालित कर रही थी और तीन महिलाएं व दो पुरुष आपत्तिजनक हालत में दिखे।

# पर्यटन के साथ व्यवसाय को नई दृष्टि देगा होटल नमः नैनीताल

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** नगर का प्रतिष्ठित होटल मनुमहारानी अब नए नाम नमः नैनीताल के अवतार में नजर आएगा। व्यवसाय ही नहीं बल्कि क्षेत्र के पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से होटल का जीर्णोद्धार किया गया है।

विश्व स्तरीय अत्याधुनिक सुविधाओं के साथ होटल का शुभारंभ 14 अगस्त को होगा। महाप्रबंधक नरेश गुप्ता ने बताया कि देश के प्रमुख पर्वतीय पर्यटन नगर होने के नाते पर्यटकों की सुविधाओं के मांग के अनुरूप होटल को नए अंदाज में सुसज्जित किया गया है। कुमाउनी संस्कृति के साथ विश्व स्तरीय सुविधाओं के साथ जीर्णोद्धार किया गया है, जिसमें डेढ़ वर्ष से अधिक समय लगा है। होटल का स्वामित्व देश के प्रतिष्ठित डीएस ग्रुप का है, जबकि प्रबंधन मशहूर होटल समूह रेडिसन इंडिविजुअल रिट्रीट का रहेगा। डीएस ग्रुप के देश के विभिन्न प्रान्तों में आधा दर्जन होटल हैं। नमः के नाम से पहला होटल कॉर्बेट पार्क, रामनगर में स्थित है। जिसकी स्थापना डेढ़ दशक पहले हुई थी। नमः नैनीताल पूर्णतः सेंट्रल वातानुकूलित है, जिसमें हीटिंग व कूलिंग की व्यवस्था है।

**नीलामी सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्रा. वि. क्यारा वि.क्षे. क्यारा में एक नीम का पेड़ आंधी में गिर गया था जिसको कटवा कर हटाने के लिए कार्यालय प्रभागीय वनाधिकारी, वन एवं वन्य जीव प्रभाग, बरेली के पत्रांक 86/22-1, बरेली दिनांक 8 जुलाई 2024 व कार्यालय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी बरेली के पत्रांक व.स./वृ.रो./3200-02/2024-25 दिनांक 18.7.24 द्वारा अनुमति प्रदान की गई है। अतः उक्त के सन्दर्भ में पेड़ की नीलामी खुली बैठक में दिनांक 24.7.24 को ग्रामवासियों व ग्राम पंचायत की उपस्थिति में प्रातः 9:00 बजे से होगी इच्छुक व्यक्ति उक्त दिनांक को सम्पर्क करें।

विद्यालय प्रबन्ध समिति
ओमकार
अध्यक्ष

# मुख्यमंत्री ने प्रदान किए 153 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र

**देहरादून, अमृत विचार :** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उत्तराखंड लोक सेवा आयोग के माध्यम से उच्च शिक्षा विभाग में चयनित 68 असिस्टेंट प्रोफेसर, शहरी विकास विभाग में चयनित 63 अधिशासी अधिकारी एवं 22 कर व राजस्व निरीक्षकों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए।

मुख्यमंत्री ने सोमवार को मुख्य सेवक सदन में आयोजित कार्यक्रम में लोक सेवा आयोग से चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र वितरित किए। मुख्यमंत्री ने अभयर्थियों से कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी मिलने वाली है, उसका निर्वहन पूर्ण मनोयोग से करें। जीवन के इस नए आयाम में नई शुरुआत करनी है, नौकरी के पहले दिन से ही संकल्प लेकर अनुशासित रहकर कार्य करें। जनता के विश्वास पर खरा उतरना प्राथमिकता रहनी चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार शहरी क्षेत्रों के विकास हेतु अनेक कार्य कर रही है। सभी छोटे बड़े शहरों को विकसित करने हेतु निरंतर कार्य जारी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में सभी शहरों के नवीनीकरण का कार्य भी तेजी से चल रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने उच्च शिक्षा के क्षेत्र में कई ऐतिहासिक निर्णय लिए हैं।

# बेटी से अश्लीलता पिता से की मारपीट

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** बेटी से अश्लील इशारे करने का विरोध करने पर डेढ़ दर्जन से अधिक लोगों ने लड़की के पिता को बुरी तरह पीट डाला। वह मेडिकल कराने सोबन सिंह जीना बेस अस्पताल पहुंचा तो आरोपियों ने वहां भी उनके साथ मारपीट कर दी। टीपीनगर इलाके में रहने वाले एक व्यक्ति ने मंगलवार को कोतवाली में तहरीर सौंपते हुए 15 से 20 लोगों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की। उन्होंने बताया कि मंगलवार की शाम उनकी नाबालिग बेटी घर के बाहर खड़ी थी। उनके पड़ोस में ही रहने वाला एक युवक अश्लील इशारे करने लगा।

# अनियंत्रित होकर पलटी बस, मची चीख-पुकार

संवाददाता, कालाढूंगी

**अमृत विचार :** कालाढूंगी-हल्द्वानी हाईवे पर चकलुवा के पास एक यात्री बस अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में तीन यात्रियों को मामूली चोट आई। जिन्हें उपचार के लिए सीएचसी कालाढूंगी लाया गया। जबकि अन्य यात्री सकुशल बच गये।

सोमवार की सुबह करीब 11 बजे कालाढूंगी से एक निजी बस यात्रियों को लेकर हल्द्वानी की ओर आ रही थी। गुलजारपुर बंकी के पास कार को बचाने के प्रयास में चालक ने बस पर नियंत्रण खो दिया और बस अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खेत में पलट गई। बस के पलटते ही यात्रियों में चीख-पुकार मच गई। सभी बस से बाहर निकालने का प्रयास करने लगे। राहगीरों और ग्रामीणों ने यात्रियों को बस से बाहर निकाला। बस चालक शाहिद ने बताया कि कार चालक ने अचानक ब्रेक लगा दिये, कार को बचाने के प्रयास में बस पलट गई। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंच गई। बस में 27 यात्री सवार थे।



कालाढूंगी-हल्द्वानी हाईवे पर सड़क किनारे पलटी यात्री बस। ● अमृत विचार

**कार्यालय ग्राम पंचायत कस्बापुर वि.खं. शेरगढ़, जनपद (बरेली)**

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

सभी पंजीकृत फर्मों एवं विक्रेताओं को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत कस्बापुर में मनरेगा योजना के अन्तर्गत निम्न निर्माण कार्य हेतु स्थल पर सामग्री आपूर्ति हेतु पंजीकृत फर्मो से निविदा आमंत्रित की जाती है। सामग्री विवरण निम्न है। ईट, बजरफुट, सीमेन्ट, बजरी, महीन रेता, ईट, रोड़ी व अन्य सामग्री जो प्राक्कलन में लिखित है। उक्त सामग्री सीलबन्द निविदा ग्राम पंचायत कार्यालय पर दिनांक 23.07.2024 से दिनांक 25.07.2024 को दोपहर 12 बजे तक आमंत्रित है, जो उसी दिन दिनांक 25.07.2024 को अपरान्ह 1 बजे खोली जायेगी। निविदा को स्वीकृत व अस्वीकृत करने का अधिकार ग्राम पंचायत को होगा। विवरण निम्न है :-

| क्र.सं | कार्य का माप | माप | अनु. लागत |
|---|---|---|---|
| 1. | श्मशान भूमि पर अन्त्येष्टि स्थल का निर्माण कार्य। | | 450000 |
| 2. | भानू प्रताप के घर से मन्दिर तक सीसी रोड व नाली निर्माण कार्य। | 150 मीटर | 800000 |
| 3. | धर्मपाल के घर से मस्जिद तक सीसी रोड व नाली निर्माण कार्य | 100 मीटर | 420000 |

अरविन्द कुमार-ग्राम प्रधान
राहुल राना-सचिव

शीलं प्रधानं पुरुषे तद् यस्येह प्रणश्यति।
न तस्य जीवितेनार्थो न धनेन न बन्धुभिः॥

शील ही मनुष्य का प्रमुख गुण है। जिस व्यक्ति का शील नष्ट हो जाता है- धन ,जीवन और रिश्तेदार उसके किसी काम के नहीं रहते, अर्थात् उसका जीवन व्यर्थ हो जाता है।


## संपादकीय

# वित्तीय क्षेत्र का भविष्य

आम बजट से एक दिन पहले संसद में पेश आर्थिक सर्वेक्षण में अनुमान जताया गया है वित्त वर्ष 2024 में देश की अर्थव्यवस्था 8.2 प्रतिशत की रफ्तार से बढ़ेगी। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने आर्थिक सर्वेक्षण में बैंकों के घटते नॉन-परफॉर्मिंग एसेट और आम आदमी को राहत पहुंचाने के लिए एलपीजी, पेट्रोल-डीजल की कीमतों में कटौती का जिक्र किया । सर्वेक्षण में महंगाई को काबू करने के लिए सरकार के उठाए गए कदमों की सराहना की गई है। वैश्विक श्रम बाजार में व्यवधानों और चौथी औद्योगिक क्रांति के प्रभावों के बीच प्रस्तुत आर्थिक सर्वेक्षण 2023-24 में भारत के कार्यबल के लिए आने वाले महत्वपूर्ण बदलावों को स्वीकार किया गया है। स्वीकारना होगा कि देश में पर्याप्त रोजगार सृजन की तत्काल आवश्यकता है। इसके लिए देखभाल अर्थव्यवस्था और खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्रों को बढ़ावा देकर रोजगार सृजन में निजी क्षेत्र की भागीदारी बढ़ाने की जरूरत है। पिछले दो वर्षों से खाद्य मुद्रास्फीति एक वैश्विक घटना बनी हुई है। खराब मॉनसून की वजह से फसलों और खाने-पीने की चीजों की कीमतों पर प्रतिकूल असर पड़ा है।

कुछ खाद्य पदार्थों की महंगाई दर ऊंची है। हालांकि मुख्य महंगाई दर काफी हद तक काबू में है। प्रमुख महंगाई दर 4 फीसदी के नीचे है। गौरतलब है कि खुदरा मुद्रास्फीति जून में 5.08 प्रतिशत थी जबकि खाद्य वस्तुओं की महंगाई दर 9.36 प्रतिशत थी। मुद्रास्फीति संबंधी चिंताओं के कारण रिजर्व बैंक ने फरवरी, 2023 से नीतिगत दर में बदलाव नहीं किया है। वैश्विक अनिश्चितताओं के बावजूद मूल्य स्थिरता सुनिश्चित की गई। भारत की नीतियां चुनौतियों से कुशलतापूर्वक निपट पाईं। कहा जा सकता है कि निवेश में जो तेजी आई है वह सिर्फ पब्लिक सेक्टर (सरकार) में पूंजीगत खर्च से नहीं आई है बल्कि राज्य और केंद्र सरकारें, दोनों मिलकर भी पूंजीगत उत्पादन बढ़ा रही हैं। साथ ही प्राइवेट सेक्टर में भी पूंजीगत खर्च रिकवर हुआ है और लगातार बढ़ोतरी हो रही है। वित्तीय क्षेत्र महत्वपूर्ण बदलाव से गुजर रहा है, इसलिए इसे वैश्विक या स्थानीय स्तर पर उत्पन्न होने वाली संभावित कमजोरियों के लिए तैयार रहना चाहिए। मानसून के सामान्य रहने की उम्मीद और आयात कीमतों में नरमी से आरबीआई के मुद्रास्फीति अनुमानों को बल मिलता है। मुख्य आर्थिक सलाहकार अनंत नागेश्वरन ने भी कहा है कि 7 फीसदी की इकोनॉमिक ग्रोथ रेट का लक्ष्य हासिल करना संभव है लेकिन यह इस पर निर्भर करेगा कि मानसून की बारिश कैसी होती है। भू-राजनीतिक तनाव में वृद्धि तथा इसका प्रभाव आरबीआई की मौद्रिक नीति के रुख को प्रभावित कर सकता है। इसके बावजूद भारत के वित्तीय क्षेत्र का परिदृश्य उज्ज्वल है। वास्तव में भारतीय अर्थव्यवस्था मजबूत तथा स्थिर स्थिति में है, जो भू-राजनीतिक चुनौतियों से निपटने में उसकी जुझारू क्षमता को दर्शाता है।

# शोध पत्रों की अनुसंधान शैली पर उठते तकनीकी सवाल



रणवीर सिंह फोगाट
सेवानिवृत्त अधिकारी
स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग
आईसीएमआर

आपत्ति के बाद से जर्नल से पेपर को रीट्रेक्ट करने या वापिस ले लेने की घटनाएं अनेक वर्ष से बढ़ी हैं। साइंस एडवांसेज के उक्त अध्ययन को खारिज करने से इसे संदर्भ हेतु सुरक्षित रूप से इस्तेमाल नहीं किया जा सकेगा।

मेडिकल रिसर्च एंड एक्सपेरिमेंटल साइंस से ताल्लुक रखने वाली सामग्री को बिना जांच के प्रकाशित करना दुष्परिणाम लाता है। विदेश से प्रकाशित ख्यात और बहु-प्रसारित साइंटिफिक पत्रिकाओं में स्वास्थ्य प्रबंधन शोध या मेडिकल रिसर्च से संबधित रिपोर्ट, पेपर, पत्र को भारतीयों ने या विदेश में कार्यरत भारतीय मूल के शोध कर्मियों ने बेशक संयुक्त रूप से लिखा हो, परन्तु ऐसे प्रत्येक सर्वसुलभ प्रकाशित (ओपन एक्सेस) पेपर और रिपोर्ट को तीखी निगाह से देखने की आदत मीडिया कर्मियों को होनी चाहिए। भारत के संदर्भ में समझे बिना इसे इस्तेमाल करना सही नहीं। मीडिया में ऐसी रिपोर्ट्स की फ्रीक्वेंसी बढ़ गई है,जिनके बारे में भारत के स्वास्थ्य अनुसंधान तंत्र को आपत्ति रही है।

भारत में बैठे विदेशों के विज्ञान प्रकाशनों के कॉरसपोंडेंन्ट्स वर्नाक्युलर मीडिया से खबर या सामग्री उठाकर अंग्रेजी में रूपांतरण करके इसे अपनी पब्लिकेशन को कभी फीड नहीं करेंगे। वे अंग्रेजी में ही स्टोरी लिखेंगें। अंग्रेजी के कंटेंट में अगर त्रुटि है तो हिंदीकरण के बाद वह इसलिए बनी रहती है कि इसके कंटेंट के भीतर विचार, दृष्टिकोण, टिप्पणी या फैक्ट्स का पुनर्सत्यापन करने के लिए मीडिया की संबंद्ध मैकेनिज्म को जागृत करने में रुचि नहीं है। भारत के बारे में विदेश से न्यूज और साइंटिफिक मीडिया में से कंटेंट निकाल कर देश के मीडिया को जो सामग्री अरसे से फीड होती आ रही है या इसे सोद्देश्य भारत की ओर धकेला जाता रहा है उसका जस का तस भाषांतरण करने के बाद तरजीह देकर हमारे यहां नहीं छापा जाना चाहिए।

ताजा प्रसंग में हुआ यूं कि अमेरिकन एसोसिएशन फॉर द एडवांसमेंट ऑफ़ साइंस संस्था के 'साइंस एडवांसेज' जर्नल के जुलाई 2024 के अंक में 'लार्ज एंड अनईक्वल लाइफ एक्स्पेक्टेंसी डिक्लाइन्स ड्यूरिंग द कोविड-19 पैंडेमिक इन इंडिया इन 2020' शीर्षक से प्रकाशित एक रिसर्च स्टडी में कहा गया कि भारत में सन 2020 के साल में कोरोना महामारी में संक्रमण से सामान्य संख्या से 12 लाख अधिक जनों की मृत्यु हुई थी जो कि सन 2019 के दौरान इसी संक्रमण की वजह से हुई मृत्यु से संख्यात्मक रूप से और तुलनात्मक प्रतिशत आंकड़ों की दृष्टि से कहीं अधिक है। यह मात्र डेटा साइज़ और इंटरप्रिटेशन का खेल है। भारत में जन्म और मृत्यु की रजिस्ट्री के समय मृत्यु का कारण जरूर लिखा जाता है। यह सही है कि आम जागरूकता और मेडिकल एक्सपर्ट्स को सचेत करने के लिए जनसंदेशों के व्यापक प्रसारण और शासकीय आदेशों के बावजूद देहात और दूरस्थ क्षेत्रों में सन 2019-2020 में सिधार गए अनेक लोगों का दाह संस्कार करने से पहले मृत्यु का रजिस्ट्रेशन न हुआ हो या त्रुटिपूर्ण इन्द्राज किया गया हो, लेकिन डेटा में विशाल अंतर नहीं हो सकता। डेटा एनालिसिस में त्रुटियों को दुरस्त करने का मैकेनिज्म मौजूद होता है।

भारत का सेंट्रल रजिस्ट्री सिस्टम सक्षम है और पक्षपात रहित होकर काम करता रहा है। कोविड महामारी के दौरान पंजीकरण करने पर मृत्यु के कारणों को दर्ज करने के बारे में विवादास्पद रिपोर्ट्स मीडिया में प्रकाशित हुई थीं,जिनका नोटिस स्वास्थ्य मंत्रालय ने लिया था और दिशा-निर्देश जारी किए गए थे।

भारत का सेंट्रल रजिस्ट्री सिस्टम सक्षम है और पक्षपात रहित होकर काम करता रहा है। कोविड महामारी के दौरान पंजीकरण करने पर मृत्यु के कारणों को दर्ज करने के बारे में विवादास्पद रिपोर्ट्स मीडिया में प्रकाशित हुई थीं,जिनका नोटिस स्वास्थ्य मंत्रालय ने लिया था और दिशा-निर्देश जारी किए गए थे। भारत की सेन्ट्रल रजिस्ट्री और नेशनल फॅमिली हेल्थ सर्वे-5 से कोरोना संक्रमण से मरने वालों की गैर-मुकम्मल संख्या में से डेटा लेकर साइंस एडवांसेज जर्नल में प्रकाशित उक्त शोध पत्र के दस ऑथर्स ने इस्तेमाल किया और जैसे नतीजे निकाले उनसे भारत सरकार में स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग के सचिव और आईसीएमआर के महानिदेशक डॉ. राजीव बहल ने जबरदस्त आपत्ति की है। नीति आयोग में स्वास्थ्य सलाहकार डॉ. विनोद कुमार पॉल ने इस शोधपत्र के लिए रिसर्चर्स द्वारा अधूरे डेटा-सेट के इस्तेमाल को गलत बताया है। इस बारे में हिंदी प्रिंट मीडिया में तकरीबन सभी समाचार पत्रों ने 21 जुलाई 2024 के अंक में इसे एक बड़ी खबर के रूप में प्रकाशित किया। इस बारे में हिंदी भाषा के कुछेक समाचार पत्रों में खबर के टेक्स्ट को सही से गठित नहीं किया और महत्व की जानकारी भी छूट गई या उक्त शोधपत्र को पढ़ने के बाद संशोधित नहीं की गई। इस शोधपत्र के विवादित हिस्सों को लिखने वाले सभी दस ऑथर्स भारतीय हैं, लेकिन इंग्लैंड, अमरीका, फ्रांस और जर्मनी के विभिन्न संस्थानों में विभिन्न कैपेसिटीज में करते हैं। एक रिसर्च पब्लिकेशन के बारे में बहुत से एथिकल इश्यूज उत्पन्न होते हैं। समाचार कहीं से भी पहुंचे इससे बाद इसका सत्यापन करने के मैकेनिज्म का सक्रिय किया जाना लाजिमी है। जर्नल्स के बारे में ऐसा करना अधिक मुश्किल नहीं, लेकिन प्रकाशन पूर्व सावधानी का यह अहम् हिस्सा है। इसलिए यह महत्वपूर्ण हो गया है कि विदेश मूल के जर्नल्स में प्रकाशित भारत संबंधी मेडिकल रिपोर्ट्स पर अपने देश के उच्च मेडिकल साइंटिस्ट्स की राय पहले जान ली जाए।

उक्त अध्ययन में इस्तेमालशुदा डेटा का सैंपल साइज़ अपर्याप्त बताया गया और कहा है कि कोविड संक्रमण की चपेट में आए हुए व्यक्तियों के स्वास्थ्य पर इससे दीर्घकाल के प्रभाव के रूप में जीवनावधि का दो वर्ष और छः महीना कम होने की संभावना व्यक्त की गई। प्रयुक्त किए गए डेटा से अध्ययन की आधारभूत जरूरत पूरी नहीं होती और सैंपल साइज बेहद छोटा और महत्वहीन होने के कारण देश की एक अरब 35 करोड़ जनसंख्या के लिए इसकी एप्लीकेशन (एक्स्ट्रापोलेशन) से कोई नतीजा निकालना अन-एथिकल और अवैज्ञानिक है। डेटा के एक क्रिटिकल मास का ध्यान एक रिसर्चर को इसलिए रखना होता है कि स्टेटिस्टिकल तकनीकों से एनालिसिस करते समय गड़बड़ पेश न आए। मॉडर्न और ट्रेडिशनल मेडिसिन में भारतीय स्वास्थ्य एवं आयुर्वेज्ञानिक अनुसंधान अध्ययनों के बारे में शोधपर्चों में दर्शाए गए तथ्यों की प्रकाशन-पूर्व समीक्षा विद्वज्जनों की प्रतिभा और रिसर्च में लंबे अनुभव पर निर्भर होती है? स्वास्थ्य मंत्रालय की आपत्ति के चलते 'साइंस एडवांसेज' जर्नल के उक्त लेख की संदर्भ सूची में 84 लेखों की गिनती करवाना ऑथर्स के लिए अब खास मायने नहीं रखता। उद्धृत किए गए लेखकों को अपनी प्रतिष्ठा के बारे में सोचना पड़ सकता है। पिछले दो-तीन वर्ष से विदेशी मूल के ख्यात और लर्नेड जर्नल्स में पीयर रिव्यु के कमज़ोर पड़ने की बातें नेचर जर्नल के कुछ अंकों में प्रकाशित हुई हैं। आपत्ति के बाद से जर्नल से पेपर को रीट्रेक्ट करने या वापिस ले लेने की घटनाएं अनेक वर्ष से बढ़ी हैं। साइंस एडवांसेज के उक्त अध्ययन को खारिज करने से इसे संदर्भ हेतु सुरक्षित रूप से इस्तेमाल नहीं किया जा सकेगा। यह तय है कि किसी भी प्रकार की साइंस न्यूज़ की हैंडलिंग -खासतौर से अनुसंधानिक मिजाज़ वाली, में हिंदीभाषा के प्रिंट मीडिया में दक्षता बढ़ानी होगी।

भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद् ने कोविड-19 पर जिस प्रकार से देश में रिसर्च स्टडीज को (एड-हॉक एंड इंस्टिट्यूशनल, दोनों) व्यापक समर्थन दिया और इनमें से अधिकांश को इंडियन जर्नल ऑफ़ मेडिकल रिसर्च (आईजेएमआर) के अंकों में प्रकाशित किया, उसकी पृष्ठभूमि में डॉ. बहल का यह कथन मायने रखता है 'साइंस एडवांसेज' में प्रकाशित की गई उक्त स्टडी को देख कर इस बारे चिंतन की जरूरत नहीं है। भारतीय स्टेटिस्टिकल एजेंसीज के अलावा भारत की रिसर्च एस्टाब्लिश्मेंट और जर्नल्स द्वारा प्रकाशित रिपोर्ट्स में भारतीय मीडिया जनों की रुचि रूटीन के तौर पर बेहद कम है ऐसा अनुभव मैंने भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद् में अपने कार्यकाल में अर्जित किया। कोशिश के बावजूद मीडिया जन आईजेएमआर और अन्य भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान प्रकाशनों की ओर से सामान्यतः उदासीन ही बने रहे। इसलिए महसूस हो रहा कि विदेशी जर्नलों में प्रकाशित होने वाले भारत संबंधी शोध पर्चों की पुलिसिंग करने की भी अब जरूरत है।

## प्रसंगवश

# डिजिटल धोखेबाजों का शिकार बन रहे हैं सीनियर सिटीजन

डिजिटल धोखेबाजों का एक बड़ा शिकार सीनियर सिटीजन बन रहे हैं। खासकर नौकरी पेशा से निवृत्त हुए लोग। इसके कई कारण हैं। एक तो यही कि प्रायः उनके ज्यादातर आर्थिक सामाजिक दायित्व पूरे होते रहते हैं। उनके पास सरप्लस या यूं कहें कि पर्याप्त धन रहता है। शरीर भले निरंतर कमजोर जर्जर हो रहा हो,मगर मूलभूत जैविक इच्छाएं रह-रह कर उछाल मारती रहती हैं।

अकेलापन, एकरसता जीवन में तारी होने लगती है। उनमें एकालाप और सामीप्य की चाहत बलवती हो जाती है। वे नहीं चाहते कि उनकी उपेक्षा व्यक्ति और समाज करे। इसलिए कहीं से भी तनिक प्रशंसा,स्नेह और प्रेम के मीठे बोल उन्हें अपनी ओर खींच लेता है। मगर उनमें एक खामी भी आरंभ हो चुकी रहती है, याददाश्त कमजोर पड़ रही होती है। एक डिजिटल धोखेबाज के लिए ये सभी ऐसी कमजोरियां हैं,जिनके चलते वह उन्हें फांसने की जुगत करता है। एक पुलिस पद के ऊंचे ओहदे से रिटायर हुए और एक सेवानिवृत्त ब्यूरोक्रेट मित्र अभी ऐसे ही एक स्कैंडल से किसी तरह उबर पाए हैं मगर लाखों का चूना लग गया है। जनाब कंचन और कामिनी के मोह में पड़ गए। अनावृत काया ने उन्हें अपने मधुपाश में लपेट लिया।

मेरे और समवयी मित्रों के वाट्सऐप पर अनजान और अचानक ऐसी कॉल आ आती हैं,फलाने मिस, फलाने कुमारी वाली। उन्हें बिना रिसीव करके तुरंत डिलीट करने में ही भलाई है। धोखेबाज दिन-रात सक्रिय हैं और नए-नए फांसने के तरीके आविष्कृत करते रहते हैं। गुरु पूर्णिमा के अवसर को भी उन्होंने नहीं छोड़ा। अब तनिक इस वाट्सऐप संदेश को देखिए। किन्हीं मिस... सिंह का संदेश मिला जो न मेरे संपर्क सूची में हैं और न किसी समूह में। पहले संदेश पढ़िए -"मैं भाग्यशाली हूं कि आप मेरे गुरु हैं। आपने न सिर्फ ज्ञान दिया,बल्कि जीवन जीने की कला भी सिखाई। आपके सिखाए गए पाठ मेरे जीवन को हमेशा दिशा देते रहेंगे। आपको गुरु पूर्णिमा की ढेर सारी शुभकामनाएं! -... सिंह।" पढ़कर

मेरे और समवयी मित्रों के वाट्सएप पर अनजान और अचानक ऐसी कॉल आ आती हैं,फलाने मिस, फलाने कुमारी वाली। उन्हें बिना रिसीव करके तुरंत डिलीट करने में ही भलाई है। धोखेबाज दिन-रात सक्रिय हैं और नए-नए फांसने के तरीके आविष्कृत करते रहते हैं। गुरु पूर्णिमा के अवसर को भी उन्होंने नहीं छोड़ा।

सुखानुभूति हुई। मगर छठी इंद्रिय सौभाग्य से सक्रिय हो गई और धन्यवाद देने से मैंने खुद को हठात रोक लिया। आशंकाएं बलवती हुईं। इन मोहतरमा की तो मुझे याद भी नहीं है। कमजोर मन ने प्रतिवाद किया, याद तो दुष्यंत को भी शकुंतला की नहीं थी। हो सकता है कोई मिस सिंह जान-पहचान की रही ही हों? और कृतज्ञता ज्ञापन का धन्यवाद भी न देना तो अशिष्टता ही होगी, मगर मन में द्वंद्व चलता रहा। आखिर तार्किकता ही जीती, इमोशन पीछे रहा।



डॉ. अरविंद मिश्र
वरिष्ठ विज्ञान संचारक

आशंका यही है कि यह तरीका भी धोखे का वाला ही हो सकता है,जो आपके संपर्क सूची में नहीं है और आपको उसकी तनिक याद भी नहीं है काहें खतरा मोल लिया जाए। संदेश में आकर्षक फोटो है-बहुत संभव है वह क्लिकबेट हो। नाम याद रखने की भूल तो हो सकती है,मगर चेहरा भी पहचान नहीं पाया। हो सकता है याददाश्त सचमुच खेल कर रही हो।

बहरहाल इस उधेड़बुन में मैंने जवाब देना ही स्थगित कर दिया और सोचा कि इस पर अपने मित्रों की राय भी ले लूं। इधर जवाब दूं और उधर धोखेबाज अगले कदम को तैयार बैठे हों। डिजिटल फ्राड से बचने के लिए बहुत सजग रहने की आवश्यकता है,अगर आपके लिए खोने को बहुत कुछ हो। दौलत मान प्रतिष्ठा आदि। हां अगर इन सबसे आप निरे दरिद्र हैं तो फिर क्या फिक्र। धोखेबाज भी जान जाएगा कि किससे पाला पड़ गया।

# संविधान की समीक्षा नहीं परीक्षा का समय



कनक तिवारी
पूर्व महाधिवक्ता , छ.ग.

कई प्रदेशों के हिंदू और मुसलमान प्रादेशिक भाषाएं बोलते हैं। राजनीतिक संबंध और प्रतिबद्धताएं क्षेत्रीय सांस्कृतिक अहसास में ढूंढते हैं।

आजादी के बाद सत्ताधारी कांग्रेस ने जवाहरलाल नेहरू के बाद 'कल्चर' शब्द का मजाक उड़ाते उसे 'एग्रीकल्चर' से हीनतर समझा। आजादी का संघर्ष गांधी के लिए सांस्कृतिक मूल्य-युद्ध भी था। अंग्रेजों से केवल निर्णायक राजनीतिक युद्ध करने से आजादी के बाद विचार की आजादी को लेकर एक और युद्ध लड़ना पड़ता। कांग्रेस में कई नेता हिंदूवादी ही थे।

नेहरू जैसे लोग पश्चिम के नए आकाश को भारतीय सांस्कृतिक अस्मिता के स्पेस में लगना बनाना चाहते थे। राजनीतिक शब्दावली के अनुसार गैर प्रगतिशील गांधी हिंदुत्व की रूढ़, दकियानूस और बांझ मान्यताओं की खाल खींचने के बावजूद उस विरासत को संशोधित कर अपनी छाती से चिपकाए रखना चाहते थे। अल्पसंख्यकों के कठमुल्ला तत्वों ने भी कई सियासती खिलवाड़ें कीं। उन्हें चुप करने की रस्मअदायगी भी नहीं की गई। शाहबानो के प्रकरण में इसके बरक्स साहसी समाज सुधारकों को सहारा नहीं दिया गया। कूढ़मगज मुसलमानों की भड़काऊ गतिविधियों को शुरू से काबू नहीं किया था।

अयोध्या में राम मंदिर के नाम पर पूजागृह के ताले परिस्थितियों का जायजा लिए बगैर खुलवाए गए। मौजूदा समय संविधान की समीक्षा का नहीं,संविधान की परीक्षा का है। मुसलमान और ईसाई संकीर्ण हिंदुओं की हिट लिस्ट में हैं ही। एकल सांस्कृतिकता सांस्कृतिक बहुलतावाद से पिटती है। फासीवाद जब पनपता है तो वह अंतर्विरोधों की लहरें भी खुद उत्पन्न करता है। धुंध आक्रमणकारी के लिए ढाल और विक्टिम की पीठ के लिए तलवार की तरह होती है। बाबरी मस्जिद, गोधरा और 9/11 की दुर्घटनाओं के बाद मुसलमान के लिए नागरिक समझ में बदलाव आया है। पारंपरिक वेषभूषा में वह पंथनिरपेक्षों तक के संदेह के घेरे में आ जाता है। दाढ़ी का मुखौटा लगाए कई बुद्धिजीवी, संस्कृतिकर्मी और कलाकार भी लोगों को मुसलमान दिखाई पड़ते हैं। भारत-पाक विभाजन को लेकर रचे साहित्य में सआदत हसन मंटो, इस्मत चुगताई और कृश्न चंदर जैसे लेखकों ने कई वास्तविक पेचीदा स्थितियों का खुलासा किया।

बुद्धिजीवी दिखता कोई मुसलमान या मुसलमान दिखता बुद्धिजीवी पहचाना नहीं जाए, तो उसे मुस्लिम आतंकवादी कह दिया जाता है। सांप्रदायिकता का यह नया शोध पंथनिरपेक्षता की एक-एक ईंट सरका रहा है। 'सभी मुसलमान आतंकवादी नहीं हैं,लेकिन सभी आतंकवादी मुसलमान हैं' के काफिया अर्थात् पुनरावृत्ति और उलटबांसी के आधार पर हर खाली स्पेस में सांप्रदायिकता ने अपनी वेबसाइट खोल ली है। कई प्रदेशों के हिंदू और मुसलमान प्रादेशिक भाषाएं बोलते हैं। राजनीतिक संबंध और प्रतिबद्धताएं क्षेत्रीय सांस्कृतिक अहसास में ढूंढते हैं। कई कारणों से पंथनिरपेक्षता का सामासिक एका और समन्वय अभी भी हासिल नहीं हुआ है। सुन्नी, सिया, सूफी, लोहरा और खोजा वगैरह उपजातियों में बंटे मुसलमान भी पूरी तौर पर एकीकृत कहां हैं? संप्रदायवाद के चश्मे से उनके वजूद को जांचना विस्फोटक काम है। तथ्यविरोधी, अवैज्ञानिक और सामाजिक संरचना के विरुद्ध उपजाए गए गोरे अंग्रेजों के कई निर्णयों ने इंसानियत की तमीज पर कालिख पोती। उस साजिश को समझकर फायदा उठाते कट्टर हिन्दुत्व की थीसिस ने उसे सहधर्मी सहोदर स्वदेशी विचार की तरह अपना लिया। इतिहास विकृत किया जा रहा है। मुसलमान को भारतीय जीवन के हाशिए पर धकेला जा रहा है। मंत्रिपरिषद में मुसलमानों को रखना गवारा नहीं समझा जा रहा।

शौर्य के लिए पहला सैनिक मरणोपरांत सम्मान अब्दुल हमीद को मिला। 1857 के जनयुद्ध में बहादुर शाह जफर, वहाबी, समुदाया अहमदुल्लाह शाह आदि ने अंग्रेज का दमदार मुकाबिला किया। यह भी उसके उलट सोचना होगा कि गणेश शंकर विद्यार्थी और स्वामी श्रद्धानंद का जातीय समरसता की कोशिश के बावजूद कत्ल किसने किया? कांवर यात्रा राष्ट्रीय बहस के हाशिए पर नहीं डाली जा सकती। मुसलमान ही डरे हों,वाचाल नहीं हो पाते हों,साहस नहीं दिखा पाते हों,लेकिन महान हिंदू कौम ने अपने उदार साहसी योद्धाओं के कारण नई राह पर चलने का फिलवक्त हौसला दिखाया है। उदार हिंदू ही मजहब की एकता की बुनियाद हैं।

## सोशल फोरम

# कृष्ण चंदर का तारीखी गधा

एक मुहावरे में हिदायत दी गई है कि गधे को गुलकंद, पूड़ी-हलवा, जाफरान और मीठे चावल जैसी चीजें खिलाने से परहेज किया जाना चाहिए। यह भी कहते हैं कि गधे को खिलाए का पुण्य लगता है न पाप। यानी सफल जीवन के लिए हर भले इंसान को गधों से दूर रहना चाहिए।



अशोक पांडे
हल्द्वानी

अकबरनामा बताता है कि शहंशाह अकबर को जंगली गधों का शिकार करने में मजा आता था। अबू फजल बताते हैं कि बाद में अकबर को अहसास हुआ कि वह गधों का शिकार करने के लिए नहीं, इंसानियत के लिए बड़े काम करने के लिए बादशाह बना है। यकीन मानिए गधे न होते तो न अकबर का दीने-इलाही होता न के। आसिफ मुगल-ए-आजम बना पाते।

कुछ साल पहले आई लंदन की ब्रूक हॉस्पिटल ऑफ एनीमल्स नाम की अंतर्राष्ट्रीय संस्था ने अपनी एक रपट में चिंता जाहिर करते हुए बताया था कि 2014 से 2021 के दरम्यान भारत में गधों की तादाद में 61 प्रतिशत कमी आई। चीन में गधों की खाल की मांग का बढ़ना इसका मुख्य कारण बताया गया। मैंने जीवन भर गधों से मोहब्बत की है। गधों के बारे में सारा दुष्प्रचार इसलिए किया गया कि दुनिया उनसे जलती है। उनके सीधेपन को कमजोरी और उनकी कर्मठता तो अज्ञान बताने वाले समाज को सबसे कीमती सबक देने वाले मुल्ला नसरुद्दीन यूं ही नहीं अपने गधे के शैदाई थे। बताते हैं मुल्ला के गधे के पुरखे यूपी के बाराबंकी से ताल्लुक रखते थे।

वही बाराबंकी जहां के बैरिस्टर सैयद करामत अली शाह की कोठी पर ईंटें ढोते-ढोते कृष्ण चंदर का तारीखी गधा पढ़ा-लिखा पीर-संन्यासी बन गया था। सैयद साहब और गधा मिलकर अखबार बांचते और दिलीप कुमार निम्मी की नई पिक्चर के बारे में घंटों बहस किया करते। बैरिस्टर साहब अक्सर कहते -'अफसोस तुम गधे हो। अगर आदमी के बच्चे होते तो मैं तुम्हें अपना बेटा बना लेता।'

-फेसबुक वॉल से

# जनसंख्या नियंत्रण के लिए सरकार की ठोस योजना नहीं



बद्री प्रसाद सिंह
सेवानिवृत्त आईजी
पुलिस, उप्र.

जनसंख्या की दृष्टि से हम विश्व में पहले नंबर पर हैं। भारत से अधिक क्षेत्रफल वाले छह देश- रूस, कनाडा, अमेरिका, चीन , ब्राजील , आस्ट्रेलिया हैं।

आबादी बढ़ने की रफ्तार पर लगाम कसने के लिए देश में बरसों से गूंज रहे "हम दो, हमारे दो" के नारे को उत्तर प्रदेश के 27 जिलों ने ताक पर रख दिया है। प्रमुख सचिव स्वास्थ्य की ओर से इन सभी जिलों की प्रजनन दर सुधारने के लिए संबंधित अधिकारियों को सख्त निर्देश जारी किए गए हैं। यह अखबार की एक खबर है। उत्तर प्रदेश की औसत प्रजनन दर 2.4 है, यानी प्रति परिवार औसतन 2.4 बच्चों का जन्म हो रहा है। सबसे अधिक श्रावस्ती और बलरामपुर जिलों में यह औसत 3.7 का है। यहां परिवार का अर्थ सम्मिलित परिवार नहीं है।

समाचार से यह तो ज्ञात हुआ कि परिवार नियोजन के लिए सरकार चिंतित है,लेकिन मात्र चिंतित होने के परिणाम नहीं निकलेगा। नियोजित परिवार के लिए सरकार का कोई ठोस प्रयास जमीन पर दिख नहीं रहा है,अगर कुछ होगा भी तो मात्र सरकारी फाइलों में ही होगा। सही बात तो यह है कि आपातकाल में संजय गांधी द्वारा परिवार नियोजन पर जोर दिए जाने के कारण सरकारी सेवकों द्वारा की गई ज्यादतियों के कारण 1977 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस हिंदी बेल्ट से साफ हो गई थी और इंदिरा गांधी की सरकार चली गई थी। तब से आज तक किसी भी सरकार में इतना साहस नहीं दिखा कि वह परिवार नियोजन हेतु सख्ती कर सके। जब सरकार के पास नियोजित परिवार करने हेतु कोई ठोस योजना ही नहीं है तो प्रमुख सचिव स्वास्थ्य इन 27 जनपदों के अधिकारियों को प्रजनन दर सुधारने के सख्त निर्देश क्यों दे रहे हैं?

क्या अधिक बच्चे पैदा करने वालों को दंडित किया जाएगा जैसे उन्हें मुफ्त के अनाज, बिजली, इलाज आदि सुविधाएं बंद कर दी जाएंगी, सरकारी कर्मचारियों की वेतन-वृद्धि, प्रोन्नति,ग्रेच्युटी आदि रोक दिए जाएंगे या दंपति की बलात नसबंदी कर दी जाएगी? या जिस क्षेत्र की प्रजनन दर बढ़ेगी,वहां के स्वास्थ्य, राजस्व, पुलिस अधिकारी निलंबित या हटा दिए जाएंगे? स्वास्थ्य सचिव ने इसे स्पष्ट नहीं किया। ऐसे अस्पष्ट निर्देश मुख्यमंत्री, मंत्री आदि का दिया जाना तो समझ में आता है,लेकिन वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा दिए जाने वाले आदेशों में स्पष्टता होनी चाहिए कि उन्हें परिवार को नियोजित करने के लिए क्या क्या करने हैं और न करने पर क्या दंड दिए जा सकते हैं। किसको कितने बच्चे पैदा करने चाहिए,यह तो वह दंपति ही निर्णय लेंगे,लेकिन बढ़ती जनसंख्या के कारण देश की अवरुद्ध हो रही प्रगति के लिए प्रत्येक देशवासी को इस पर विचार करना होगा और नियोजित परिवार ही जनसंख्या वृद्धि रोकने का एकमात्र उपाय है, इसलिए सरकार को इसका अनवरत प्रचार प्रसार करना होगा। कुछ लोग अज्ञानता वश या संतान को ईश्वर प्रदत्त मानते हुए परिवार नियोजन का विरोध करते हैं,ऐसे लोगों के लिए दंडात्मक व्यवस्था भी अनिवार्य है,क्योंकि "बिनु भय होय न प्रीति"।

जनसंख्या की दृष्टि से हम विश्व में पहले नंबर पर हैं। भारत से अधिक क्षेत्रफल वाले छह देश-रूस, कनाडा, अमेरिका, चीन, ब्राजील, आस्ट्रेलिया हैं। चीन के अलावा उक्त सभी पांच देशों की आबादी हमसे बहुत कम है। हमें भी अपनी आबादी पर नियंत्रण कर गरीबी, बेरोजगारी जैसी समस्याओं से निजात पानी होगा अन्यथा देश की प्रगति का कोई अर्थ नहीं होगा।

# वह मर गया है, जीवित नहीं है

वह मर गया है,जीवित नहीं है मृतोऽसौ न स जीवति। महाभारत के अनुशासनपर्व को देख रहा हूं। आश्चर्य हो रहा है कि वह जमाना राजतंत्र का था, सामंती था, किंतु रचनाकार इतना निर्भय होकर इतने कठोर शब्द लिख रहा है-क्रोशन्त्यो यस्य वै राष्ट्राद्ध्रियन्ते तरसा स्त्रियः। / क्रोशतां पतिपुत्राणां मृतोऽसौ न स जीवति। जिस राज्य में दुष्ट-जन उन रोती-बिलखती स्त्रियों का बलपूर्वक अपहरण कर लेते हैं, बलात्कार करते हैं, उन स्त्रियों के माता-पिता पति और पुत्र विवश होकर चिल्ला रहे हैं, रो रहे हैं, माथा पीट रहे हैं।



डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

राजा उनका रुदन सुनकर के भी नहीं सुन पा रहा, महाभारतकार कहता है कि उस राज्य का राजा जीवित नहीं है,वह मर गया है। उसे जीवित होते हुए भी मरा हुआ मान लेना चाहिए। अहं वो रक्षितेत्युक्त्वा यो न रक्षति भूमिपः।/ स संहत्य निहन्तव्यः श्वेव सोन्माद आतुरः।।

मैं आप लोगों की रक्षा करूंगा-ऐसी शपथ लेने के बाद भी जो राजा प्रजा की रक्षा नहीं करता,वह उन्माद रोग से ग्रस्त है और कुत्ते की तरह हंतव्य है।

राजधर्म के पुराने विचारकों के संवाद महाभारत में कई जगह पर हैं, वहां प्रश्न उठते हैं कि सदसत् -प्रवृत्तियों को धारण करने वाला यह समय क्या है? यह समय कौन है? जिसे जमाना अथवा युग कहा जाता है, वह क्या है? यह युग क्या है? इस प्रश्न का उत्तर देते हुए वे कहते हैं कि युग राजसत्ता का ही आभामंडल है। प्रजा राजा का शरीर है। यदि राजधर्म बिगड़ जाए तो धर्म, विद्या, आश्रम, तप, त्याग सभी नष्ट हो जाते हैं। इसीलिए राजसत्ता ही काल का कारण है।

# पुलिस कर्मियों ने घर में घुसकर की महिलाओं व बेटियों से अभद्रता

## डीजीपी कार्यालय पहुंचा शाहजहांपुर का पीड़ित परिवार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

● जिला मुख्यालयों में तैनात अधिकारियों ने नहीं की सुनवाई

**अमृत विचार :** शाहजहांपुर के सिंधौली थाने के पुलिस कर्मियों पर गंभीर आरोप लगाते हुए ग्रामसभा बिजलीखेड़ा का एक परिवार डीजीपी मुख्यालय में अपनी फरियाद लेकर पहुंचा। परिवार वालों ने आरोप लगाया कि चुनावी रंजिश के चक्कर में सिंधौली थाने के पुलिस कर्मियों ने न सिर्फ उनके परिवार की महिलाओं और नाबालिग बेटियों के साथ अभद्रता की, बल्कि एफआईआर दर्ज कर कानूनी कार्रवाई भी की।

ग्रामसभा बिजलीखेड़ा निवासी शिवरतन मौर्य ने अपने परिवार के साथ पुलिस मुख्यालय पहुंचकर शीर्ष अधिकारियों से आपबीती बताई। उन्होंने बताया गांव के वीरेंद्र सिंह यादव से उसके बीच चुनावी रंजिश है। वीरेद्र ने प्रार्थी के ग्राम के हरिसरन पुत्र जब्बादास को उकसाकर उसे प्रलोभन देकर उससे प्रार्थी के विरुद्ध थाना सिधौली में झूठा मुकदमा दर्ज कराया। 17 जून को सुबह आठ बजे थाने के उपनिरीक्षक गौरव कुमार, सिपाही अभिषेक यादव व योगेंद्र सिंह प्रार्थी के दरवाजे पर पहुंचे और जबरदस्ती घर में घुसने लगे। महिलाओं ने पुलिस वालों को रोकने का प्रयास किया तो तीनों पुलिस वालों ने प्रार्थी के घर की महिलाओं से अभद्र व्यवहार कर गालियां देना शुरू कर दिया तथा उनके साथ मारपीट भी की। गांव के आदेश कुमार ने पुलिस कर्मियों की इस करतूत का वीडियो बनाकर वायरल कर दिया। गांव के ही ओंकार ने घटना की सूचना अपने मोबइल से जिलाधिकारी को दी, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। उधर, उच्चाधिकारियों को सूचना देने से नाराज तीनों पुलिस कर्मियों ने थाने से अतिरिक्त फोर्स बुलाकर खूब तांडव किया। महिलाओं द्वारा घर के दरवाजा अंदर से बंद करने पर पुलिस पड़ोसी के छत से होते हुए घर में घुसकर लड़कियों व महिलाओं से अभद्रता की। इसके बाद वह परिवार के सभी सदस्य को पकड़कर थाने ले गए और एफआईआर दर्जकर लॉकअप में डाल दिया। उन्होंने बताया लगातार पुलिस प्रताड़ित कर रही है। जिला मुख्यालय से न्याय नहीं मिल रहा है। इसलिए यहां तक न्याय मांगने आया हूं।

## रील बनाते समय लगा एयर गन का छर्रा, युवक की मौत

**औरैया, अमृत विचार:** कोतवाली बिधूना के मोहल्ला कुरपुरा निवासी युवक की एयर गन का छर्रा लगने से सैफई में उपचार के दौरान मौत हो गई। कुरपुरा निवासी गजेन्द्र शाक्य (30) पुत्र बालकराम शाक्य अपने चचेरे भाई आकाश पुत्र बसंतलाल के दोस्त गौरव जाटव निवासी सराय प्रथम बिधूना तथा नीशू निवासी मोहल्ला आदर्श नगर बिधूना इंस्टाग्राम रील बनाने के लिए एयर गन मांगकर शूटिंग के लिए लाए थे।

शूटिंग सोमवार को तहसील बिधूना के पीछे स्थित मैदान में होनी थी। गजेंद्र शाक्य घर के बाहर नल से नहा रहा था। उसी दौरान चचेरे भाई ने गन से एक्शन लिया ही था तभी एयर गन से छर्रा निकलकर गजेन्द्र की गर्दन पर जा लगा जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। स्वजन गजेन्द्र को सीएचसी बिधूना ले गए। जहां चिकित्सकों ने मेडिकल कॉलेज सैफई रेफर कर दिया। जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।

## सुसाइड नोट लिखा और फांसी पर लटक गई बीएससी की छात्रा

संवाददाता, हरदोई

● छेड़खानी करने वाले शोहदे रोज़-रोज देते थे मार डालने की धमकी

**अमृत विचार :** बीएससी की पढ़ाई कर रही छात्रा ने कमरे के अंदर फांसी लगा कर सुसाइड कर लिया। इसका पता होते ही वहां हड़कंप मच गया। छात्रा के पास मिले सुसाइड नोट में उसने मौत के ज़िम्मेदारों के नाम लिखते हुए उनकी हरकतों का जिक्र किया है। सबसे आखिर में उसने लिखा है कि ...मरना बेकार मत जाने देना। मामला बेहटा गोकुल थाने के उमरन मजरा अल्लीपुर का है। एएसपी पश्चिमी एमपी सिंह ने बताया है कि सुसाइड नोट जांच के लिए लैब भेजा जा रहा है। फिलहाल पुलिस ने दो आरोपियों को हिरासत में लेते हुए जांच शुरु कर दी है।

बताया गया है कि बेहटा गोकुल थाने के उमरन मजरा अल्लीपुर निवासी रामलखन मिश्रा की 18 वर्षीय पुत्री रिषू मिश्रा डा.राम मनोहर लोहिया महाविद्यालय अल्लीपुर में बीएससी (तृतीय सेमेस्टर) की छात्रा थी। बताते हैं कि सोमवार को उसे कालेज जाना था। सुबह वह पिता को चाय देने के लिए दूसरे मकान की तरफ जा रही थी,उसी बीच वहां रास्ते में खड़े शोहदों ने रोज की तरह फिर उससे छेड़छाड़ की। रिषू चाय देने के बाद कमरें के अद्रर गई और वहीं दुपट्टे से फांसी लगा ली। उसके पास सुसाइड नोट मिला है,जिसमें उसने लिखा है कि 'उसकी मौत के ज़िम्मेदार है रामदेव,उनके लड़के अभिषेक,शिवम,नीलेश, उनकी पत्नी रीता'। उसने आगे अपनी मजबूरी लिखी कि छेड़छाड़ करने वाले उसे कट्टा दिखाते है, वह हार गई, इस वजह से जान दे रही है। रामलखन मिश्रा ने बताया कि रामदेवी, गुलशन, शुभम, नीलेश और रामदेवी का सारा राजीव निवासी भैनामऊ उसकी पुत्री से रोज़-रोज़ छेड़छाड़ किया करते थे,इतना ही उसके आगे कमरें तक उतार देते थे। उसने पुलिस को तहरीर दी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई।

## सार-संक्षेप

### संविधान हत्या दिवस अधिसूचना की वैधता को चुनौती वाली याचिका पर सरकार से जवाब-तलब

**विधि संवाददाता, प्रयागराज :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने केंद्र सरकार की ओर से 25 जून को संविधान हत्या दिवस घोषित करने वाली अधिसूचना की वैधता को चुनौती देने वाली जनहित याचिका पर केंद्र सरकार से जानकारी मांगी है। याचिका में कोर्ट को बताया गया है कि इस प्रकार का निर्णय लेने का अधिकार सरकार को नहीं है। अत: यह संवैधानिक प्रावधानों का स्पष्ट उल्लंघन है। सरकार की ऐसी उद्घोषणा को संविधान की अवमानना बताते हुए असंवैधानिक घोषित करने की मांग की गई है। झांसी के संतोष कुमार दोहरे की याचिका पर सुनवाई करते हुए मुख्य न्यायाधीश अरुण भंसाली और न्यायमूर्ति विकास बुधवार की खंडपीठ ने सरकार से इस संबंध में एक सप्ताह के अंदर जानकारी मांगी और मामले को आगामी 31 जुलाई के लिए सूचीबद्ध कर दिया। 11 जुलाई 2024 को गृह मंत्रालय ने आपातकाल लागू होने के कारण 25 जून को संविधान हत्या दिवस के रूप में मानने की अधिसूचना जारी की, जिसे हाईकोर्ट के समक्ष वर्तमान जनहित याचिका में चुनौती दी गई।

### जाट रेजिमेंट ,बरेली में खेल कोटे की भर्ती 29 से

**लखनऊ, अमृत विचार :** जाट रेजिमेंट में खेल कोटे की भर्ती 29 जुलाई से बरेली में होगी। 31 जुलाई तक होने वाली भर्ती में कुश्ती के खिलाड़ियों का चयन किया जाएगा। अभ्यर्थी की आयु सीमा 8 से 14 वर्ष और शैक्षिक योग्यता 5वीं पास तय की गई है। वजन (29 से 47 किलो) और ऊंचाई (134 से 160 सेमी) होनी चाहिए। अभ्यर्थी को 29 जुलाई को सुबह 07 बजे तक अपने अभिभावक के साथ जन्म, शैक्षिक योग्यता, जाति, निवास और कुश्ती में उपलब्धि के प्रमाण पत्र के साथ उपस्थित होना होगा। भर्ती में राष्ट्रीय, अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पदक विजेताओं को प्राथमिकता दी जाएगी। चयनित होने वाले अभ्यर्थियों को 17 वर्ष की आयु तक मुफ्त भोजन, आवास, 10वीं तक पढ़ाई, बीमा, चिकित्सा की सुविधा मिलेगी। उसके बाद योग्य अभ्यर्थी को सेना में भर्ती का मौका दिया जाएगा।

### जेल में मौत पर आयोग ने दिया मुआवजा देने का आदेश

**लखनऊ, अमृत विचार :** जेल में विचाराधीन बंदी की मृत्यु पर राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने मुआवजा देने के आदेश दिए हैं। आदेश मिलते ही प्रदेश की राज्यपाल ने मुआवजे की संस्तुति कर दी है। एक प्रकरण बाराबंकी का है तो दूसरा प्रकरण बागपत का है। बाराबंकी में विचाराधीन बंदी रामधन उर्फ हंटरी की जेल में 21 जून 2019 को मृत्यु हो गई थी। इस दौरान इनके परिजनों ने राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग का रुख किया। तमाम सुनवाई के बाद आयोग ने रामधन के परिजनों को साढ़े तीन लाख रुपये मुआवजा देने का आदेश प्रदेश सरकार को दिया। उधर, बागपत में विचाराधीन बंदी शाकिर की मृत्यु 26 जनवरी 2019 को हो गई थी। शाकिर के प्रकरण पर भी लंबी सुनवाई के बाद आयोग ने दो लाख रुपये देने के आदेश दिए हैं। इस आदेश के बाद राज्यपाल की संस्तुति मिलते ही शासन के संयुक्त सचिव शिवगोपाल सिंह ने महानिदेशक कारागार को पत्र लिखकर तत्काल परिजनों को मुआवजा देने को कहा है।

### नर्सिंग कॉलेजों में मानकों की होगी जांच

**लखनऊ, अमृत विचार :** प्रदेश में उच्च गुणवत्तायुक्त नर्सिंग सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए नर्सिंग कॉलेजों पर शिकंजा कसता जा रहा है। कॉलेजों को बताना होगा कि उनके संस्थान में क्या मानक पूरे हो रहें हैं। नर्सिंग छात्र कहां पढ़ाई करेंगे और कहां इंटर्नशिप करेंगे। स्टेट मेडिकल फैकल्टी ने आधा दर्जन बिंदुओं पर कॉलेजों से जानकारी मांगी है। स्टेट मेडिकल फैकल्टी के सचिव डॉ आलोक कुमार ने बताया कि मिशन निरामया के तहत नर्सिंग सेवाएं गुणवत्ता पूर्ण बनाई जा रही हैं। इस क्रम में ही कॉलेजों से प्रशिक्षण संबंधी संसाधन और क्लास रूम व प्रयोगशालाओं की जानकारी मांगी गई है। साथ ही, इंटर्नशिप और क्लिनिकल प्रशिक्षण के लिए सुविधाओं व अन्य संबंधित जानकारी मांगी गई है।

## हर पात्र को मिलेगा पक्का मकान: योगी आदित्यनाथ

राज्य ब्यूरो, लखनऊ/गोरखपुर

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि हर पात्र को पक्का मकान उपलब्ध कराया जाएगा। सभी लोगों की समस्याओं का समाधान किया जाएगा। मुख्यमंत्री सोमवार को गोरखपुर में आयोजित जनता दर्शन में लोगों की समस्याएं सुन रहे थे। उन्होंने तीन सौ लोगों की समस्याएं सुनीं और मौके पर मौजूद अधिकारियों को निस्तारण कराने के निर्देश दिये।



मुख्यमंत्री ने कहा कि जिनके पास पक्का आवास नहीं है, उन्हें पीएम-सीएम आवास योजना से मकान मिलेगा, जिन्हें इलाज की आवश्यकता है, उनके समुचित इलाज की व्यवस्था की जाएगी। उन्होंने लोगों से आयुष्मान कार्ड के बारे में पूछा। साथ ही, अधिकारियों को निर्देशित किया कि इलाज के लिए एस्टीमेट की प्रक्रिया शीघ्रता से पूरा कर शासन में उपलब्ध कराया जाय। एस्टीमेट मिलते ही इलाज के लिए धन अवमुक्त किया जाए। उन्होंने अधिकारियों को यह निर्देश भी दिए कि सभी जरूरतमंदों के आयुष्मान कार्ड बनवाए जाएं। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जमीन पर अवैध कब्जा करने वालों को करारा सबक सिखाया जाए।

## विधान सभा के लिए जल्द तय होगा नेता प्रतिपक्ष का नाम

**लखनऊ, अमृत विचार :** विधान परिषद में सपा नेता लाल बिहारी यादव को नेता प्रतिपक्ष बनाए जाने के बाद अब विधानसभ में नेता प्रतिपक्ष का नाम तय होगा। अभी तक सपा प्रमुख अखिलेश यादव विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष थे, पर कन्नौज से सांसद बन जाने के बाद उन्होंने इस पद से इस्तीफा दे दिया। इस कारण नेता प्रतिपक्ष का पद खाली चल रहा है। सपा प्रमुख के इस पद से इस्तीफा दिये जाने के बाद पूर्व मंत्री शिवपाल यादव को नेता प्रतिपक्ष बनाये जाने की चर्चा चल रही थी, पर विधान परिषद में लाल बिहारी यादव के नेता प्रतिपक्ष बनने से उनका नेता प्रतिपक्ष बनाया जाना मुश्किल बताया जा रहा है।

## ट्रस्टों व मंदिरों की ऐन्युटी मामले में आयुक्त के हलफनामे पर कोर्ट ने जताया संतोष

विधि संवाददाता, प्रयागराज

**अमृत विचार :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने मथुरा स्थित ठाकुर रंगी जी महाराज विराजमान मंदिर, वृंदावन और आठ अन्य मंदिरों की पिछले 4 वर्षों से रोकी गई वार्षिकी (ऐन्युटी) के मामले में आयुक्त और सचिव, राजस्व बोर्ड, उत्तर प्रदेश, लखनऊ से जानकारी तलब की थी, जिसके अनुपालन में 22 जुलाई को हुई सुनवाई के दौरान उक्त अधिकारियों द्वारा दाखिल व्यक्तिगत हलफनामे पर संतोष जताते हुए कोर्ट ने कहा कि आयुक्त एवं सचिव, राजस्व परिषद, उत्तर प्रदेश, लखनऊ इस मामले में काफी तत्परता से कार्यवाही कर रहे हैं। अतः न्यायालय को उम्मीद है कि भविष्य



में वित्तीय वर्ष की शुरुआत में वार्षिकी सीधे ट्रस्टों के खाते में स्थानांतरित करने के लिए आवश्यक व्यवस्था कर दी जाएगी।

उक्त आदेश न्यायमूर्ति रोहित रंजन अग्रवाल की एकल पीठ ने ठाकुर रंगी जी महाराज विराजमान मंदिर की याचिका पर सुनवाई करते हुए पारित किया। राज्य की ओर से दी गई जानकारी में बताया गया कि उत्तर प्रदेश राज्य में कुल 978 ट्रस्टों की पहचान की गई है, जिन्हें वार्षिकी दी जानी है। वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए 209 ट्रस्टों को 1,29,82,763 रुपये की वार्षिकी का भुगतान नहीं किया गया है, जिसका भुगतान बहुत जल्द किया जाएगा। चालू वित्तीय वर्ष 2024- 25 के लिए देय कुल राशि 59,33,362 रुपए है। सरकारी अधिवक्ता ने कोर्ट को आगे बताया कि राज्य उन सभी मंदिरों/ ट्रस्टों तथा अन्य धार्मिक संस्थाओं के खाते में सीधे राशि हस्तांतरित करने के लिए एक तंत्र तैयार कर रहा है, जिन्हें वार्षिकी का भुगतान किया जाना है। मौजूदा ट्रस्टों के बारे में 75 जिलों में से 73 जिलों द्वारा पहले ही जानकारी दी जा चुकी है। शेष जिलों में लखनऊ और झांसी द्वारा जानकारी अभी तक प्राप्त नहीं हुई है।

## धर्म दर्शन

### सतोगुण प्रधान देव श्री हरि विष्णु

मनुस्मृति के अनुसार सृष्टि में सर्वप्रथम परमात्मा ईश्वर ही नर के रूप में उत्पन्न हुआ। महाभारत एवं परवर्ती साहित्य में वैदिक विष्णु की उपासना के अभिन्न अंग बन गए –वासुदेव कृष्ण और नारायण। इन पर अलग स्वतंत्र ग्रंथ रचनाएं अस्तित्व में है। पौराणिक साहित्य में विष्णु को सतोगुण प्रधान देव माना गया है। सृष्टि के संचालन और रक्षण का प्रमुख दायित्व इन्हीं का माना गया है। इसी कारण वह विभिन्न युगों में मानवीय अवतार ले दुष्टों का दमन और पृथ्वी का पालन करते हैं। पुराणों में उनको चतुर्हस्त (चार हाथों वाला) एवं शंख, गदा, चक्र एवं पद्म (कमल) धारणकर्ता कहा गया है। पीतांबर, वनमाला, किरीट, कुंडल तथा श्रीवत्स इनके प्रिय आभूषण हैं। वैकुंठ इनका निवास स्थल और पत्नी लक्ष्मी हैं। उनको छीर सागर में शेषशायी भी कहा गया है। आगम साहित्य के सिद्धांतानुसार वैकुंठ सबसे ऊंचे स्वर्ग का नाम है। कोई भी जीवात्मा ईश्वरीय कृपा के बिना, ज्ञान लाभ और मोक्ष नहीं पा सकता है और न तो उसे वैकुंठ में ईश्वर का सायुज्य ही मिल सकता है। वैष्णव मत भगवान विष्णु के उपासकों का मार्ग है। इसके अन्य लोकप्रिय नाम भागवत मत और पंचरात्र मत भी हैं। कुछ लोग नामांत में संप्रदाय शब्द का प्रयोग करते हैं। महाभारत काल में कृष्णावतार की मान्यता के साथ ही पूर्व के ही सात्वमत में पंचरात्र समाहित हो गया। सात्वमत ही भागवत मत का एक अन्य नाम है। इस मत के अनुसार हरिभजन ही परम पुनीत कर्तव्य और मुक्ति का साधन है।



डॉ. अजित कुमार सिंह
सेवानिवृत्त, पुलिस महानिरीक्षक

### चराचर जगत के स्वामी शिव

बिंदु शक्तिः शिवो नादः शिवशक्त्यामकं जगत्। नादाधारमिदं बिंदुर्बिन्द्वाधारमिदं जगत्।। सारा चराचर जगत बिंदु व नादस्वरूप है। बिंदु शक्ति है और नाद शिव। इस तरह यह जगत शिव शक्ति स्वरूप ही है। नाद बिंदु का और बिंदु इस जगत का आधार है। यह बिंदु और नाद (शक्ति और शिव) संपूर्ण जगत के आधार रूप से स्थित हैं। बिंदु और नाद से युक्त सबकुछ शिव स्वरूप है। शिवलिंग भी बिंदु नादस्वरूप है। बिंदुरूपा देवी उमा माता हैं और नादस्वरूप भगवान शिव पिता। इन माता-पिता के पूजित होने से परमानंद की प्राप्ति होती है।



ओमप्रकाश त्रिपाठी
सेवानिवृत्त पुलिस महानिरीक्षक

अकार, उकार, मकार, बिंदु, नाद और ध्वनि के रूप मे लिंग के छह भेद हैं। संपूर्ण प्रणव को ध्वनिलिंग कहते हैं।/ यो हि प्रकृतिजातस्य संसारस्य महोदधेः।/ नवं नावांतरमिति प्रणवं वै विदुर्बुधाः।। प्र का अर्थ है प्रकृति से उत्पन्न संसार रूपी महासागर। प्रणव इससे पार करने के लिए 'नव' अर्थात् नाव है, इसलिए इस ओंकार को 'प्रणव' की संज्ञा देते हैं। 'प्रणव' ओंकार का जप करने वाले साधकों से कहता है कि 'प्र' अर्थात् प्रपंच नहीं है, तुम लोगों के लिए। यह प्रणव अपने सभी उपासकों को बलपूर्वक मोक्ष तक पहुंचा देता है। इस अभिप्राय से भी इसे ऋषि मुनि 'प्रणव' कहते हैं। समस्त कर्मों का नाश करके दिव्य नूतन ज्ञान देने के कारण भी यह प्रणव कहा जाता है। उन मायारहित महेश्वर को ही 'नव' अर्थात् नूतन कहते हैं। वे परमात्मा प्रकृष्ट रूप से 'नव' अर्थात् शुद्ध स्वरूप हैं,इसलिए 'प्रणव' कहलाते हैं। प्रणव साधक को नव अर्थात् नवीन (शिवस्वरूप) कर देता है। एक अक्षर रूप जो 'ॐ' है, उसे सूक्ष्म तथा 'नमः शिवाय' पांच अक्षर वाले मंत्र को स्थूल प्रणव समझना चाहिए।



भगवान शिव ने अपने शरीर पर अपने लिए श्रृंगार, आभूषण स्वरूप भस्म को धारण किया है। यह भस्म, राख या विभूति (भभूत) तीन प्रकार की बताई गई है। लोकाग्निजनित,वेदाग्नि जनित और शिवाग्निजनित। लौकिक भस्म (जली हुई लकड़ी ईंधन आदि की राख) को पूजा के पूर्व द्रव्यों व पात्रों की शुद्धि के लिए प्रयोग किया जाता है। वेदाग्निजनित जो भस्म है, उसको उन वैदिक कर्मों यज्ञ, अनुष्ठान आदि के अंत में धारण करना चाहिए। मंत्र और क्रिया से जनित जो होम कर्म है वह अग्नि में भस्म का रूप धारण करता है। उस भस्म को धारण करने से वह कर्म आत्मा में आरोपित हो जाता है। अघोर मूर्तिधारी शिव का जो अपना मंत्र है उससे अभिमंत्रित अग्नि को शिवाग्नि कहा गया है। भस्म को समय-समय पर कांति या शोभा वृद्धि के लिए धारण किए जाने का विधान है। जैसे राजा अपने राज्य में सारभूत कर(टैक्स) को ग्रहण करता है, जैसे मनुष्य विभिन्न प्रकार के अनाज को जलाकर, पकाकर उसका सार ग्रहण करते हैं,जैसे जठराग्नि नाना प्रकार के भोज्य पदार्थों को जलाकर उसके सारतत्व को ग्रहण करता है, उसी प्रकार प्रपंच कर्ता परमेश्वर शिव ने भी अपने में विद्यमान सांसारिक प्रपंच को जलाकर भस्म रूप से उसके सार तत्व को ग्रहण किया है।

भवं भास्वरं भस्मना भूषिताङ्गं। संसार के प्रपंच को दग्ध करके शिव ने उसके भस्म को अपने शरीर में लगाया है। इस प्रकार भस्म के बहाने उन्होंने जगत के सार को ही ग्रहण किया है। जन्म और मरण रूप द्वंद भगवान शिव की माया द्वारा ही दिया गया है। माया चक्र के निर्माता भगवान शिव ही हैं। वह अपनी माया के दिए हुए द्वंद्व का स्वयं ही परिमार्जन करते हैं। अतः शिव के द्वारा कल्पित हुआ द्वंद उन्हीं को समर्पित कर देना चाहिए,जो अपने जन्म और मरण रूप द्वंद्व को शिव को ही समर्पित कर देता है, वह फिर शरीर के बंधन में नहीं पड़ता है।

## वर्ग पहेली-139

**बाएं से दाएं**

1. विवाहित स्त्रियों के लिए प्रयोग किया जाने वाला सम्मानजनक संबोधन, श्रीमती।
4. जो सुगमतापूर्वक या आसानी से पढ़ा जा सके।
6. वह कपड़ा या चादर जिसपर शिव का नाम छपा हो।
8. मोहक चाल में चलने वाला, सुंदर गति वाला, मंजुगमन।

**ऊपर से नीचे**

1. 1. विवाह की एक रस्म 2. उक्त रस्म में कन्या पक्ष वाले वर पक्ष वाले से गले मिलते हैं और उपहार या रुपए आदि देते हैं।
2. 1. शुक्रवार 2. शुक्राचार्य 3. शुक्रग्रह 4. कृष्ण 5. शिव 6. परशुराम मुनि 7. जमदग्नि ऋषि 8. पहाड़ का खड़ा भाग।
3. 1. झपटने की क्रिया कराना 2. किसी को बलपूर्वक झपटने में प्रवृत्त करना।
5. एक प्रकार का पेड़ जिसकी लकड़ी इमारत और सजावटी सामान बनाने के कार्य में आती है, शीशम।
7. 1. बैठक, सभा 2. अधिवेशन, सम्मेलन 3. मुलाकात, भेंट।

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | | ■ | ■ | 2 |
| | ■ | ■ | 3 | ■ | |
| | ■ | 4 | | | ■ |
| ■ | 5 | ■ | | ■ | ■ |
| ■ | 6 | | | 7 | ■ |
| ■ | | ■ | ■ | | ■ |
| ■ | ■ | 8 | | | |

### वर्ग पहेली -138 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| ■ | 1 मँ | ■ | 2 ख़ु | ■ | 3 भा |
| 4 अं | ग | दे | श | ■ | रि |
| ■ | वा | ■ | 5 मि | थ | क |
| ■ | ना | ■ | ज़ा | ■ | ■ |
| 6 ख़ो | ■ | 7 व | ज | ह | ■ |
| जा | ■ | द | ■ | ■ | ■ |
| ■ | 8 ध | न | दि | शा | ■ |

## सुडोकू-52

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 5 | | 8 | | | | | 2 |
| | 4 | | | | 3 | | 9 | |
| 9 | | | | 7 | 6 | | | 5 |
| | | 9 | | | | 7 | 2 | |
| 7 | | 5 | | | | 4 | | 1 |
| | 2 | 8 | | | | 6 | | |
| 6 | | | 9 | 5 | | | | 7 |
| | 7 | | 2 | | | | 6 | |
| 2 | | | | | 1 | | 3 | 8 |

### सुडोकू -51 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 4 | 8 | 7 | 3 | 9 | 6 | 2 | 5 |
| 6 | 3 | 5 | 4 | 2 | 1 | 7 | 8 | 9 |
| 9 | 2 | 7 | 5 | 8 | 6 | 4 | 3 | 1 |
| 7 | 1 | 4 | 3 | 6 | 2 | 9 | 5 | 8 |
| 2 | 9 | 6 | 1 | 5 | 8 | 3 | 4 | 7 |
| 8 | 5 | 3 | 9 | 7 | 4 | 1 | 6 | 2 |
| 4 | 7 | 2 | 8 | 1 | 3 | 5 | 9 | 6 |
| 5 | 6 | 9 | 2 | 4 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 3 | 8 | 1 | 6 | 9 | 5 | 2 | 7 | 4 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 23 जुलाई मंगलवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-श्रावण, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-द्वितीया 10.23 तक तत्पश्चात तृतीया।

### आज का पंचांग




दिशाशूल–उत्तर। ऋतु–वर्षा।
चन्द्रबल–मेष, कर्क, सिंह, वृश्चिक, मकर, मीन।
ताराबल–भरणी, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र–धनिष्ठा 20.18 तक तत्पश्चात शतभिषा।


मेष

आज आप काफी सुखद अनुभव का आनंद लेंगे। अपने काम के प्रति निष्ठावान रहें। कारोबार में बड़ा ऑर्डर आपको मिल सकता है। सेहत को लेकर सावधान रहें। रोग प्रतिरोधक क्षमता में कमी होने के कारण मौसमी बीमारियों की चपेट में आ सकते हैं।


वृष

आज कार्यक्षेत्र में सहकर्मी आपकी काफी मदद करेंगे। व्यवसाय में आकस्मिक धन हानि झेलनी पड़ सकती है। मेहनत का सार्थक परिणाम मिलेगा। धर्म-कर्म से अरुचि हो अकती है। पिता के किसी निर्णय से आप नाराज हो सकते हैं।


मिथुन

आज मन में कई तरह के विचार एक साथ आएंगे। महत्वपूर्ण कार्यों को लेकर उदासीन हो सकते हैं। मान-सम्मान में कमी आ सकती है। आपको धन की कमी महसूस होगी। लोगों से ज्यादा सलाह न लें वरना अनावश्यक भ्रमित हो जाएंगे।


कर्क

आज आपके रुके हुए कार्य गतिशील होने की संभावना है। लेपटॉप व मोबाइल आदि की स्क्रीन के सामने ज्यादा समय न बिताएं। आंखों में परेशानी और सिरदर्द की समस्या हो सकती है। जीवनसाथी की भावनाओं को समझें।


सिंह

आज आपको जॉब में पदोन्नति मिल सकती है। आपकी सलाह से लोगों को काफी लाभ मिलेगा। अचल संपत्ति की खरीदी का विचार मन में आएगा। व्यापार में प्रतिद्वंदियों से कड़ी प्रतिस्पर्धा का सामना करना पड़ेगा।


कन्या

आज आपकी दिनचर्या कुछ अव्यवस्थित हो सकती है। बच्चे माता-पिता के आदेश का सख्ती से पालन करें। दोपहर के बाद का समय आपके लिए बहुत सुखद रहने वाला है। आप लंबी दूरी की यात्रा कर सकते हैं। अटके हुए धन का लाभ आपको मिलेगा।


तुला

आज कृषि कार्यों से जुड़े लोगों को धन की कमी जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। मन में साहसिक कार्य करने की इच्छाशक्ति जागृत होगी। अहंकारी व्यवहार के कारण स्वजन आपसे नाराज हो सकते हैं। अधिकारी वर्ग से अपना व्यवहार अच्छा रखें।


वृश्चिक

आज आपकी बातों से कुछ परिजन नाराज हो सकते हैं। दूरस्थ स्थानों की यात्रा करने के योग बन रहे हैं। प्रियजनों के साथ आप काफी अच्छा समय बिताएंगे। नया व्यवसाय आप शुरू कर सकते हैं। उच्च शिक्षा में उत्तम सफलता मिलेगी।


धनु

आज आपकी लोग काफी प्रशंसा करेंगे। घर का माहौल सुखमय रहेगा। कड़वी भाषा का प्रयोग करना उचित नहीं है। विवाहेतर संबंधों से दूरी बनाकर रखें। आपको कठोर निर्णय लेने पड़ेंगे। शाम के समय आप कहीं घूमने जा सकते हैं।


मकर

आज व्यापार में काफी व्यस्तता रहेगी। रचनात्मक कार्यों में आप रुचि लेंगे। परिवार में सब आपसे बहुत प्रसन्न रहेंगे। किसी मांगलिक कार्यक्रम की योजना बना सकते हैं। आप जो भी काम हाथ में लेंगे उसे पूरा करके ही दम लेंगे।


कुंभ

आज दिन की शुरुआत थोड़ी उबाऊ हो सकती है। किंतु व्यवसाय में आपको अपेक्षा से अधिक धन लाभ होगा। प्रेम संबंधों को पर्याप्त समय देंगे। आपके काम की गुणवत्ता में वृद्धि होगी। प्रेमी जन के साथ मतभेद दूर होंगे। गलत बातों में अपना समय बर्बाद न करें।


मीन

आज स्वार्थी लोग आपका भावनात्मक शोषण कर सकते हैं। लोगों से सोच-समझकर ही अपनी बातें शेयर करें। घरेलू खर्च को लेकर आपका बजट गड़बड़ा सकता है। सरकारी मामलों में लापरवाही न करें।

## आज की फिल्में

B4U MOVIES
**फर्ज**
सुबह : 09.55
**गंगा तेरे देश में**
रात : 07.00

&pictures
**बागी**
सुबह : 10.46
**हमारी अधूरी कहानी**
रात : 08.00

SONY PIX
**मॉन्स्टर हंटर**
सुबह : 11.38
**द डार्क नाइट**
रात : 09.00

ZEE CINEMA
**ड्रीम गर्ल**
दोपहर : 12.18
**डी ब्लॉक**
रात : 08.00

colors CINEPLEX
**चिराग**
सुबह : 11.19
**गब्बर इज बैक**
शाम : 05.58

### आज की सुपरहिट फिल्म




कलर्स सिनेप्लेक्स पर शाम : 05.58 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

पहला दोस्त दूसरे दोस्त से- यार मुझे और मेरी बीवी को तमिल सीखनी है।
दूसरा दोस्त – पर तुम दोनों को आखिर
तमिल सीखनी क्यों है?
पहला दोस्त- यार हम दोनों ने एक तमिल बच्चा गोद लिया है, तो हम सोच रहे हैं कि उसके बोलना सीखने से पहले हम तमिल सीख लें।

गोलू -तेरा भाई क्या कर रहा है?
गप्पू-एक दुकान खोली थी, पर अब जेल में है।
गोलू-वो क्यों?
गप्पू-वो दुकान हथोड़े से खोली थी न।

| बाजार | सेंसेक्स | निफ्टी |
|---|---|---|
| बंद हुआ | 80,502.08 | 24,509.25 |
| गिरावट | 102.57 | 21.65 |
| प्रतिशत में | 0.13 | 0.09 |

## बरेली मंडी

**वनस्पति तेल तिलहन-** तुलसी 2075, राज श्री 14390, फॉर्चून कि. 1760, रविन्द्रा 1975, फॉर्चुन ली. 1610, जय जवान 1525, सचिन 1510, सूरज 1550, अवसर 1650, राग गोल्ड 1605, गृहणी 1495, क्लासिक (किलो) 1715, मोर 1590, चक्र टिन 1890, ब्लू 1615, आशीर्वाद मस्टर्ड 1920, स्वास्तिक 2045 । किराना- (प्रतिकु.) हल्दी निजामाबाद 19000, जीरा 35000, लाल मिर्च 19500-25000, धनिया 9000-11000, अजवायान 15500-23000, मेथी 7400, सौंफ 9000-13000, सोंठ 41000, (प्रतिकि0) लौंग 920-1000, बादाम 580-680, काजू 2 पीस 600, किसमिस पीली 140-180, मखाना 650-900 । चावल- (प्रति कु0) डबल चाबी सेला 10150, स्पाइस 7700, शरबती कच्ची 5150, शर्बती स्टीम 5200, डायमंड मंसूरी 4700, महबूब सेला 4550, गौरी रॉयल 9300, राजभोग 7350, हरी पत्ती (1, 5किलो) 10600, हरी पत्ति नेचुरल नया 10500, जेनिथ 10700, गलैक्सी 7400, सूमो 3900, पतंजलि गोल्डन सेला 7900, मंसूरी पनघट 4800, खजाना 4800 । दाल दलहन -मूंग दाल इंदौर 10200, मूंग धोवा काला क्राउन 10800, राजमा चित्रा 13700-14600, राजमा भूटान नया 12300, मलका काली 7050-7500 मलका दाल 7575-7900, मलका छाँटी 7500, दाल उड़द बिलासपुर 10200-10900, मसूर दाल छोटी 8900-9500, दाल उड़द दिल्ली 12200, उड़द साबुत दिल्ली 11900, उड़द धोवा इंदौर 13900, उड़द धोवा 11900-12900, दाल चना 8300, लाल हिंदुस्तान 8400, मलका विदेशी 7300, रूपकिशोर बेसन 9000, चना अकोला 8200, डबरा 9500-11700, सच्चा हीरा 11300, मोटा हीरा 13100, अरहर गोला मोटा 15300, अरहर पटका मोटा 16100, अरहर कोरा मोटा 16400, अरहर पटका छोटा 16000-16200, अरहर कोरी छोटी 17000 चीनी -डालमियां 4020, पीलीभीत 4000, नवाबगंज 3990, बहेड़ी 4000

## सर्राफा

बरेली

| | |
|---|---|
| गोल्ड (पक्के जेवर) | 72850 |
| गोल्ड (गिन्नी जेवर) | 71850 |
| सिल्वर (पक्की) | 900 (अनुमानित) |

# निवेशकों की अधिक रिटर्न की उम्मीद चिंता की बात

## संसद में पेश 2023-24 की आर्थिक समीक्षा: खुदरा निवेशकों की भागीदारी बाजार को प्रदान करती है स्थिरता

नई दिल्ली, एजेंसी

आर्थिक समीक्षा में शेयर बाजार में खुदरा निवेशकों की बढ़ती संख्या को लेकर आगाह करते हुए कहा गया है कि बाजार की वास्तविक स्थितियों को समझे बिना अधिक रिटर्न की उम्मीद कर पैसा लगाना चिंता का विषय है।

संसद में सोमवार को पेश 2023-24 की आर्थिक समीक्षा में यह भी कहा गया कि खुदरा निवेशकों की बढ़ी हुई भागीदारी पूंजी बाजार को स्थिरता प्रदान करती है। पिछले कुछ साल में भारतीय पूंजी बाजार में गतिविधियां बढ़ी हैं। लोग डिमैट खातों के माध्यम से शेयरों की प्रत्यक्ष खरीद-बिक्री कर रहे हैं या फिर परोक्ष रूप से म्यूचुअल फंड से बाजार में निवेश कर रहे हैं। इक्विटी नकदी खंड कारोबार में खुदरा निवेशकों की हिस्सेदारी 2023-24 में 35.9 प्रतिशत थी। दोनों डिपॉजिटरी के पास डीमैट खातों की संख्या वित्त वर्ष 2023-24 में बढ़कर 15.14 करोड़ हो गई, जो 2022-23 में 11.45 करोड़ थी। बाजार में निवेशकों की इस भागीदारी का असर शेयर बाजारों में नए निवेशक पंजीकरण, कुल कारोबार मूल्य में उनकी हिस्सेदारी, शुद्ध निवेश और सूचीबद्ध कंपनियों में स्वामित्व में भी दिखता है। उदाहरण के लिए, एनएसई में पंजीकृत निवेशकों की संख्या मार्च, 2020 के मुकाबले तीन गुना बढ़कर 31 मार्च, 2024 तक 9.2 करोड़ हो गई है।



● इक्विटी कारोबार में खुदरा निवेशकों की हिस्सेदारी 2023-24 में 35.9 प्रतिशत

### दोनों सदनों में बजट पर होगी 20 घंटे चर्चा

**नई दिल्ली।** लोकसभा और राज्यसभा में आम बजट पर 20-20 घंटे चर्चा होने की संभावना है, वहीं निचले सदन में रेलवे, शिक्षा, स्वास्थ्य, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम और खाद्य प्रसंस्करण मंत्रालयों पर अलग से बहस होने की उम्मीद है। लोकसभा की कार्य मंत्रणा समिति ने सोमवार को हुई बैठक में यह निर्णय लिया। समिति में विभिन्न दलों के प्रतिनिधि शामिल होते हैं।

### दो साल में जलवायु परिवर्तन के कारण खाद्य कीमतें बढ़ीं

दो साल में खराब मौसम, जलाशयों के निचले स्तर और फसल क्षति ने कृषि उत्पादन को प्रभावित किया है, जिससे खाद्य कीमतों में वृद्धि हुई है। प्रतिकूल मौसम की स्थिति ने विशेष रूप से सब्जियों और दालों के उत्पादन की संभावनाओं को प्रभावित किया है। पिछले वर्ष की अर्थव्यवस्था की स्थिति पर एकीकृत रिपोर्ट में कहा गया है, 2022-23 और 2023-24 में कृषि क्षेत्र खराब मौसम की घटनाओं, जलाशयों के निचले स्तर और क्षतिग्रस्त फसलों से प्रभावित हुआ है जिसने कृषि उत्पादन और खाद्य कीमतों पर प्रतिकूल प्रभाव डाला है। उपभोक्ता खाद्य मूल्य सूचकांक पर आधारित खाद्य मुद्रास्फीति 2021-22 के 3.8 प्रतिशत से बढ़कर 2022-23 में 6.6 प्रतिशत और 2023-24 में 7.5 प्रतिशत हो गई। जलवायु परिवर्तन के कारण खाद्य कीमतों में वृद्धि हो रही है - जिनमें लू, असमान मानसून, बेमौसम बारिश, ओलावृष्टि, और ऐतिहासिक शुष्क परिस्थितियां शामिल हैं।

### फसल बीमा में 2024 से वृद्धि देखने को मिलेगी

कृषि बीमा क्षेत्र में वर्ष 2024 से वृद्धि दर्ज होने की संभावना है, जिसमें मध्यम अवधि में औसत वास्तविक प्रीमियम वृद्धि 2.5 प्रतिशत होगी। साधारण बीमा बाजार में लगभग 12 प्रतिशत हिस्सा रखने वाले कृषि बीमा में खरीफ फसल मौसम के दौरान प्रीमियम दरों में भारी गिरावट से 2022-23 में स्थिर वृद्धि देखी गई। इस गिरावट की भरपाई सत्र के दौरान बीमित भूमि क्षेत्र और किसानों के नामांकन में वृद्धि से हुई। वर्ष 2024 से कृषि प्रीमियम में वृद्धि होने की संभावना है, जिसमें मध्यम अवधि में औसत वास्तविक प्रीमियम वृद्धि 2.5 प्रतिशत होगी, जिसे मोबाइल एप्लिकेशन और फसल नुकसान की निगरानी के लिए रिमोट सेंसिंग जैसे बीमा बुनियादी ढांचे में सुधार का समर्थन प्राप्त होगा। फसल बीमा से जुड़ी मौजूदा चिंताओं को दूर करने के लिए सरकार ने कई तकनीकी पहल शुरू की हैं। इनमें यस-टेक मैनुअल, विंड्स पोर्टल और सैटेलाइट आधारित उन्नत तकनीकों के माध्यम से फसल क्षति का आकलन करने के लिए नामांकन ऐप एआईडीई/सहायक शामिल हैं।

## आर्थिक समीक्षा की मुख्य बातें

- 2024-25 में आर्थिक वृद्धि दर 6.5 से 7% रहने का अनुमान, 2023-24 में यह 8.2% रहने का अनुमान ।
- अनिश्चित वैश्विक आर्थिक प्रदर्शन के बावजूद घरेलू स्तर पर वृद्धि को बढ़ावा देने वाले तत्वों ने आर्थिक वृद्धि को सहारा दिया।
- अल्पकालिक मुद्रास्फीति का पूर्वानुमान अनुकूल है, लेकिन दलहनों में कमी और परिणामस्वरूप मूल्य दबाव का सामना करना पड़ रहा है।
- मानसून के सामान्य रहने की उम्मीद और आयात कीमतों में नरमी से मुद्रास्फीति को बल मिलता है।
- यह पता लगाने के तरीके सुझाए गए हैं कि क्या भारत के मुद्रास्फीति लक्ष्यीकरण ढांचे को खाद्य वस्तुओं को छोड़कर मुद्रास्फीति दर को लक्षित करना चाहिए।
- भू-राजनीतिक तनाव में वृद्धि तथा इसका प्रभाव आरबीआई की मौद्रिक नीति के रुख को प्रभावित कर सकता है।
- भारत के वित्तीय क्षेत्र का परिदृश्य उज्ज्वल है।
- चूंकि वित्तीय क्षेत्र महत्वपूर्ण बदलाव से गुजर रहा है, इसलिए इसे वैश्विक या स्थानीय स्तर पर उत्पन्न होने वाली संभावित कमजोरियों के लिए तैयार रहना चाहिए।
- बेहतर कॉरपोरेट और बैंकों के बही-खाते से निजी निवेश को और मजबूती मिलेगी।
- भारत की नीतियां चुनौतियों से कुशलतापूर्वक निपट पाई, वैश्विक अनिश्चितताओं के बावजूद मूल्य स्थिरता सुनिश्चित की गई।
- कर अनुपालन लाभ, व्यय संयम और डिजिटलीकरण ने भारत को सरकार के राजकोषीय प्रबंधन में बेहतर संतुलन हासिल करने में मदद की।
- भारत की वृद्धि गाथा में पूंजी बाजार प्रमुख बन रहा है; बाजार वैश्विक भू-राजनीतिक, आर्थिक झटकों से निपटने में समक्ष बना हुआ है।
- कृत्रिम मेधा (एआई) के सभी कौशल स्तर के श्रमिकों पर पड़ने वाले प्रभाव को लेकर काफी अनिश्चितता।
- चीन से एफडीआई प्रवाह में वृद्धि से वैश्विक आपूर्ति शृंखला में भागीदारी बढ़ाने और निर्यात को बढ़ावा देने में मदद मिल सकती है।
- देश में 54 प्रतिशत रोग अस्वास्थ्यकर आहार के कारण होते हैं, संतुलित, विविध आहार की ओर बदलाव की जरूरत।
- देश में विदेश में बसे भारतीयों द्वारा भेजा गया धन 2024 में 3.7 प्रतिशत बढ़कर 124 अरब डॉलर हुआ। 2025 में इसके 129 अरब डॉलर पर पहुंचने का अनुमान।
- खिलौना उद्योग को निर्यात बढ़ाने, चीन से आयात कम करने में सरकार से मिली मदद।
- आय असमानता की चुनौतियों से निपटने में कर नीतियों की प्रमुख भूमिका होगी।
- भारत में बुजुर्गों की देखभाल के लिए एक समग्र नीति की आवश्यकता है।
- रेल यात्री सालाना आधार पर 5.2 प्रतिशत की वृद्धि।
- आर्थिक समीक्षा में आयुष्मान भारत के विभिन्न लाभों को रेखांकित किया गया।

# आरबीआई बंद करे खाद्य मुद्रास्फीति पर गौर करना

● खाने के सामान की ऊंची कीमतों को कम करने के लिए देना चाहिए कूपन

नई दिल्ली, एजेंसी

आरबीआई को नीतिगत दर तय करने में खाद्य वस्तुओं की महंगाई पर गौर करना बंद करना चाहिए और सरकार को गरीबों पर खाने के सामान की ऊंची कीमतों का असर कम करने को उन्हें कूपन देने या सीधे नकदी हस्तांतरण पर विचार करना चाहिए।

आरबीआई ने बढ़ी हुई खाद्य मुद्रास्फीति का हवाला देते हुए नीतिगत दर में कटौती से परहेज किया है। आरबीआई की नीतिगत दर के आधार पर ही बैंक आवास, व्यक्तिगत और कंपनी ऋण की ब्याज तय करते हैं। भारत ने 2016 में मुद्रास्फीति लक्ष्य निर्धारण को लेकर रूपरेखा पेश की थी। इसके तहत रिजर्व बैंक को खुदरा मुद्रास्फीति को दो प्रतिशत घट-बढ़ के साथ चार प्रतिशत पर रखने की जिम्मेदारी मिली हुई है। केंद्रीय बैंक हर दो महीने पर उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति के आधार पर नीतिगत दर रेपो तय करता है। इसमें भोजन, ईंधन, विनिर्मित सामान और चुनिंदा सेवाएं शामिल हैं। खाद्य पदार्थों को छोड़कर, महंगाई का लक्ष्य तय करने पर विचार करना चाहिए। प्रायः खाद्य वस्तुओं की ऊंची कीमतें मांग के बजाय आपूर्ति की समस्या के कारण होती हैं।

### मौद्रिक नीति मूल्य दबाव को नियंत्रित करने में मददगार

खुदरा मुद्रास्फीति जून में 5.08 प्रतिशत थी जबकि खाद्य वस्तुओं की महंगाई दर 9.36 प्रतिशत थी। आरबीआई ने फरवरी, 2023 से नीतिगत दर में बदलाव नहीं किया है। आरबीआई गवर्नर शक्तिकान्त दास ने जून में कहा था कि मौजूदा समय में, खाद्य मूल्य परिदृश्य से जुड़ी अनिश्चितताओं पर कड़ाई से नजर रखने की जरूरत है। मौद्रिक नीति केवल मांग आधारित मूल्य दबाव को नियंत्रित करने में मददगार है। आपूर्ति बाधाओं के कारण होने वाली महंगाई से निपटने के लिए उसके उपयोग का प्रतिकूल असर हो सकता है।

# मातृत्व दंड की चुनौती पर देखभाल अर्थव्यवस्था पर निवेश की जरूरत

नयी दिल्ली, एजेंसी

भारत को बच्चों की परवरिश के समय महिला श्रम बल भागीदारी दर में गिरावट के रूप में मातृत्व दंड की चुनौती का सामना करना पड़ता है। इससे बचने के लिए देश में देखभाल से संबंधित ठोस अर्थव्यवस्था बनाने के लिए रणनीतिक सुधारों की जरूरत है।

सकल घरेलू उत्पाद के दो प्रतिशत के बराबर प्रत्यक्ष सार्वजनिक निवेश से बच्चों की देखभाल से संबंधित 1.1 करोड़ नौकरियां पैदा हो सकती हैं, जिनमें से 70% महिलाओं के हिस्से में आएंगी। देखभाल सेवाओं को सब्सिडी देने पर विचार किया जा सकता है। ऑस्ट्रेलिया, अर्जेंटीना, ब्राजील और अमेरिका के सफल अंतर्राष्ट्रीय मॉडल भारत के लिए मददगार हो सकते हैं। इन देशों में देखभाल कर्मियों को आय, बच्चे की आयु व संख्या पर खरीद और कर में छूट दी जाती है।

### महिला बजट 3.1 लाख करोड़

महिलाओं का बजट 2013-14 के 97,134 करोड़ से बढ़कर 2024-25 में 3.1 लाख करोड़ रुपये पहुंच गया है। लैंगिंग बजट में इस साल 2023-24 की तुलना में 38.7 प्रतिशत और 2013-14 की तुलना में 218.8 प्रतिशत की वृद्धि हुई। यह राशि कुल केंद्रीय बजट का 6.5 प्रतिशत है।

## राष्ट्रीय



संसद सत्र के पहले दिन प्रधानमंत्री मोदी का स्वागत करते केंद्रीय मंत्री किरण रिजिजू, जितेंद्र सिंह और एल. मुरुगन।

# नीट-यूजी, किसान और अग्निपथ पर सरकार को घेरने की तैयारी

**कांग्रेस के संसदीय रणनीतिक समूह ने की बैठक**

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के संसदीय रणनीतिक समूह ने सोमवार को बैठक की, जिसमें फैसला किया गया कि मॉनसून सत्र में मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट-यूजी में कथित अनियमितता, किसानों की समस्याओं और अग्निपथ योजना से जुड़े मुद्दे उठाए जाएंगे। कांग्रेस सूत्रों का कहना है कि पार्टी इस सत्र में मणिपुर की स्थिति और जम्मू-कश्मीर में हुए हालिया आतंकी हमलों को लेकर भी सरकार से जवाब मांगेगी। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के आवास पर मंगलवार शाम इंडिया गठबंधन की बैठक हो सकती है, जिसमें संसद के वर्तमान सत्र के लिए आगे की रणनीति पर चर्चा की जाएगी। सोनिया गांधी के आवास पर हुई बैठक में सोनिया के अलावा, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, पार्टी महासचिव जयराम रमेश, राज्यसभा में पार्टी के उप नेता प्रमोद तिवारी और कई अन्य नेता शामिल हुए।



सत्र के पहले दिन राजीव शुक्ला के साथ विपक्ष के नेता राहुल गांधी।



मानसून सत्र के दौरान सपा सांसदों के साथ अखिलेश यादव।

## एक नजर

### बस मेट्रो खंभे से टकराई महिला की मौत, 34 घायल

**नई दिल्ली।** पश्चिमी दिल्ली में डीटीसी (दिल्ली परिवहन निगम) की एक इलेक्ट्रिक बस के सोमवार सुबह मेट्रो खंभे से टकरा जाने से 45 वर्षीय एक महिला की मौत हो गई और 34 अन्य यात्री घायल हो गए। पुलिस उपायुक्त (पश्चिम) विचित्र वीर ने बताया कि पंजाबी बाग थाने को सुबह सात बजकर 42 मिनट पर रोहतक रोड पर शिवाजी पार्क मेट्रो स्टेशन के निकट बस दुर्घटना की सूचना मिली। मंगोलपुरी और आनंद विहार में चलने वाली डीटीसी बस मेट्रो खंभे से टकरा गई।

### ऑडी ने दो ऑटोरिक्शा को मारी टक्कर, चार घायल

**मुंबई।** मुलुंड इलाके में सोमवार को तेज रफ्तार ऑडी ने दो खड़े ऑटोरिक्शा को टक्कर मार दी जिससे चार लोग घायल हो गए। घायलों में एक की हालत गंभीर बनी हुई है। पुलिस ने बताया कि घटना सोमवार सुबह करीब आठ बजे डम्पिंग रोड पर हुई और हादसे के बाद चालक ऑडी कार वहीं पर छोड़कर फरार हो गया। वाहन को जब्त कर लिया गया है। घायलों में दो ऑटोरिक्शा चालक और उनमें सवार दो यात्री हैं जिनमें से एक यात्री की हालत गंभीर बताई जा रही है।

### 3 करोड़ रुपये, 3100 डॉलर के साथ एक गिरफ्तार

**जालंधर।** पंजाब में जालंधर आयुक्त पुलिस ने हवाला कारोबार में शामिल एक गिरोह का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है और उसके पास से करीब तीन करोड़ रुपये और 3100 अमेरिकी डॉलर बरामद किये हैं। पुलिस आयुक्त स्वप्न शर्मा ने बताया कि पुलिस को खुफिया सूचना मिली थी, जिसके बाद पुलिस स्टेशन न्यू बारादरी जालंधर की एक टीम टी-पॉइंट बशीरपुरा जालंधर के पास जांच कर रही थी।

# सैन्य चौकी पर आतंकी हमला, एक ढेर

## जम्मू-कश्मीर : राजौरी में सुरक्षाबलों ने इलाके की घेराबंदी कर चलाया तलाशी अभियान

● एक जवान, एक नागरिक और वीडीजी का रिश्तेदार घायल

राजौरी/जम्मू, एजेंसी

जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले में सेना के जवानों ने सैन्य चौकी और ग्राम रक्षा दल सदस्य (वीडीजी) के आवास पर आतंकी हमले की कोशिश सोमवार तड़के नाकाम की। सेना के अधिकारियों ने बताया कि घटना में संलिप्त आतंकियों की धरपकड़ के लिए सुरक्षाबलों ने इलाके की घेराबंदी कर तलाश अभियान चलाया और इस दौरान उनकी आतंकियों से मुठभेड़ हो गई। वीडीजी आवास पर हमले में शामिल आतंकी को मार गिराया गया। इसमें एक जवान, एक नागरिक और वीडीजी का रिश्तेदार घायल हुआ है।

व्हाइट नाइट कोर ने एक्स पर बताया कि राजौरी के गुंधा इलाके में आतंकियों ने वीडीसी (सदस्य) के घर पर तड़के तीन बजकर 10 मिनट पर हमला किया। नजदीक मौजूद सैन्य टुकड़ी ने जवाबी कार्रवाई की और मुठभेड़ शुरू हो गई। अभियान अब भी जारी है। अधिकारियों ने बताया कि आतंकियों ने वीडीजी और पूर्व सैनिक परषोत्तम कुमार के ख्वास तहसील के गुंधा इलाके स्थित आवास पर गोलीबारी की। कुमार शौर्य चक्र से भी सम्मानित हैं। आतंकियों के ग्रेनेड फेंकने के बाद सुरक्षाकर्मियों ने जवाबी कार्रवाई की, जिसके बाद उन्होंने सुबह चार बजे क्षेत्र में नव स्थापित सेना चौकी पर हमला किया, जिसको सेना ने नाकाम कर दिया है। एक स्थानीय महिला ने कहा कि हम इस हमले से भयभीत हैं, क्योंकि सालों बाद इलाके में आतंकी वारदात हुई है। यह इलाका शांतिपूर्ण था। तड़के तीन बजे गोलीबारी शुरू हुई और यह जारी है। ग्रामीण ने कहा कि वीडीजी को आधुनिक हथियारों और संचार प्रौद्योगिकी से लैस करने की जरूरत है, ताकि वे जम्मू के पहाड़ी इलाकों में आतंकवादियों का मुकाबला कर सकें।



राजौरी जिले के गुंधा इलाके में आतंकियों से मुठभेड़ के दौरान सेना के जवान। ● एजेंसी

### वाल्मीकि घोटाला : ईडी अधिकारियों के खिलाफ शिकायत दर्ज

**बेंगलुरु।** कर्नाटक महर्षि वाल्मीकि अनुसूचित जनजाति विकास निगम में 187 करोड़ के कथित घोटाले में सोमवार को उस वक्त नया मोड़ आ गया, जब राज्य सरकार के अधिकारी पर मुख्यमंत्री सिद्धरमैया और वित्त विभाग को फंसाने के लिए दबाव डालने के आरोप में ईडी के दो अधिकारियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया।

समाज कल्याण विभाग के अतिरिक्त निदेशक कल्लेश बी. की शिकायत पर विल्सन गार्डन पुलिस थाने में मामला दर्ज हुआ है। कर्नाटक सरकार द्वारा गठित एसआईटी के अलावा, सीबीआई भी मामले की जांच कर रही है, जिसमें हैदराबाद के कंपनियों को 88 करोड़ का अवैध हस्तांतरण भी शामिल है।

# संघ में सहभागिता पर रोक हटाना सराहनीय : आरएसएस

नई दिल्ली, एजेंसी



● आरएसएस ने कहा- देश की लोकतांत्रिक प्रणाली होगी मजबूत

आरएसएस ने सरकारी कर्मचारियों के संघ की गतिविधियों में शामिल होने पर लगी रोक हटाने के केंद्र सरकार के फैसले का सोमवार को स्वागत किया। आरएसएस ने कहा कि इससे देश की लोकतांत्रिक प्रणाली मजबूत होगी। उसने पूर्ववर्ती सरकारों पर अपने राजनीतिक हितों के कारण सरकारी कर्मचारियों को संघ की गतिविधियों में हिस्सा लेने से प्रतिबंधित करने का आरोप भी लगाया।

प्रतिबंध हटाने के आदेश के एक दिन बाद आरएसएस प्रवक्ता सुनील आंबेकर ने कहा कि सरकार का फैसला उचित है और यह लोकतांत्रिक प्रणाली को मजबूत करेगा। विपक्ष के कई नेताओं ने सरकारी के इस फैसले की आलोचना की है।

### प्रतिबंध हटाना मोदी की खीज : खरगे

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कर्मचारियों के आरएसएस की गतिविधियों में शामिल होने पर लगे प्रतिबंध को हटाने का विरोध करते हुए कहा है कि यह प्रधानमंत्री मोदी के लोकसभा में बहुमत हासिल नहीं कर पाने की खीज का नतीजा है और ऐसा कर वह कर्मचारियों को विचारधारा विभाजित करना चाहते है।

# सेंट्रल विस्टा: कोर्ट ने वक्फ बोर्ड से कहा केंद्र कार्रवाई करे तो याचिका दायर करें

नई दिल्ली, एजेंसी

● हाईकोर्ट ने बोर्ड से 2021 में दायर अपनी याचिका वापस लेने को कहा

उच्च न्यायालय ने सोमवार को दिल्ली वक्फ बोर्ड से कहा कि जब भी केंद्र 'सेंट्रल विस्टा' पुनर्विकास परियोजना के संबंध में उसकी संपत्तियों के खिलाफ कोई कार्रवाई करे तो वह अदालत का दरवाजा खटखटा सकता है। न्यायमूर्ति पुरुषेंद्र कुमार कौरव ने कहा कि परियोजना को उच्चतम न्यायालय की मंजूरी मिली हुई है और उन्होंने बोर्ड से 2021 में दायर अपनी याचिका वापस लेने को कहा।

बोर्ड ने इस याचिका में क्षेत्र में अपनी छह संपत्तियों की सुरक्षा के लिए निर्देश देने का आग्रह किया था। याचिकाकर्ता की ओर से अदालत में पेश वरिष्ठ वकील ने कहा कि वक्फ बोर्ड यह नहीं कह रहा है कि सेंट्रल विस्टा परियोजना को खत्म करना होगा, बल्कि वह केवल यह आश्वासन चाह रहा है कि उसे उसकी संपत्तियों से बेदखल नहीं किया जाएगा। न्यायाधीश ने कहा कि इस याचिका को वापस ले लीजिए। हम मामले को उलझाना नहीं चाहते। जब भी वे कोई कार्रवाई करेंगे, आप आ सकते हैं। अदालत ने कहा कि यदि आवश्यक हो तो वह नई याचिका दायर कर सकता है। बोर्ड ने 2021 में क्षेत्र में अपनी छह संपत्तियों के संरक्षण और सुरक्षा के लिए कोर्ट का रुख किया था।

### अमृतपाल के निर्वाचन को विक्रमजीत ने दी चुनौती

**चंडीगढ़।** पंजाब के खडूर साहिब से सांसद अमृतपाल सिंह के चुनाव को निर्दलीय उम्मीदवार विक्रमजीत सिंह ने चुनौती दी है। सिंह ने आरोप लगाया कि हलफनामा दाखिल करते समय अमृतपाल ने जानकारी छिपाई है।

विवादित उपदेशक अमृतपाल ने असम की डिब्रूगढ़ जेल से निर्दलीय उम्मीदवार के तौर पर चुनाव जीता है। वह अजनाला थाना पर हमले में वह जेल में है। विक्रमजीत ने पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट में दायर याचिका में आरोप लगाया कि अमृतपाल ने खर्च का ब्योरा नहीं दिया और प्रचार के दौरान धार्मिक स्थलों का इस्तेमाल किया गया है।

# नकली सोने के व्यापारी के घर के नीचे सुरंग मिलने से राज्यपाल चिंतित

कोलकाता, एजेंसी

● यह राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए चिंता का विषय : आनंद बोस

पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सीवी आनंद बोस ने दक्षिण 24 परगना जिले में नकली सोने की मूर्ति का कारोबार करने के आरोप में गिरफ्तार व्यापारी के घर के नीचे सुरंग मिलने पर रविवार को चिंता जताई और कहा कि यह राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए चिंता का विषय है।

पुलिस को 15 जुलाई को कुलतली में आरोपी व्यापारी के घर के नीचे एक सुरंग मिली थी। यह सुरंग पास की उस नहर तक जाती है, जो मतला नदी में मिलती है। राजभवन ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, सुनियोजित ढंग से निर्मित सुरंग, जो कथित तौर पर सुंदरबन में मतला नदी में बहने वाली एक नहर तक जाती है, जिसके आगे भारत-बांग्लादेश अंतरराष्ट्रीय सीमा है, स्पष्ट रूप से राष्ट्रीय सुरक्षा को लेकर गंभीर चिंता पैदा करती है। पुलिस की छापेमारी के दौरान घर के मालिक और नकली सोने के व्यापारी सद्दाम सरदार के इस सुरंग के रास्ते भागने का संदेह था। हालांकि, बाद में उसे गिरफ्तार कर लिया गया।

### कांवड़ यात्रा : उप्र सरकार के निर्देश पर चर्चा के लिए विपक्ष का नोटिस खारिज

**नई दिल्ली।** राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने सोमवार को विपक्षी सदस्यों के वे नोटिस नियमों का हवाला देते हुए खारिज कर दिए जिनमें उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा कांवड़ यात्रा के मार्ग पर दुकानों को उनके मालिकों और कर्मचारियों के नाम प्रदर्शित करने के संबंध में दिए गए निर्देश को लेकर नियत कामकाज स्थगित कर चर्चा की मांग की गई थी।

विपक्षी सांसदों ने नियम 267 के तहत नोटिस दिये थे जिनमें उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा कांवड़ यात्रा के मार्ग पर दुकानों को उनके मालिकों और कर्मचारियों के नाम प्रदर्शित करने के संबंध में दिए गए निर्देश को लेकर आज का नियत कामकाज स्थगित कर चर्चा की मांग की गई थी। धनखड़ ने कहा कि ये नोटिस न तो नियम 267 की आवश्यकताओं के अनुरूप हैं और न ही आसन की ओर से दिए गए निर्देशों के अनुरूप हैं... इसलिए इन्हें अस्वीकार स्वीकार किया जाता है।

## एक नजर

### यूएई में प्रदर्शन पर तीन बांग्लादेशियों को उम्रकैद

**दुबई।** संयुक्त अरब अमीरात की एक अदालत ने दर्जनों बांग्लादेशियों को अपने देश की सरकार के खिलाफ यहां प्रदर्शन करने पर कारावास की सजा सुनाई है। इनमें से तीन को उम्रकैद की सजा दी गई है। सरकारी समाचार एजेंसी डब्ल्यूएएम की खबर के मुताबिक अबू धाबी की संघीय अपीलीय अदालत ने रविवार को 53 बांग्लादेशियों को 10-10 साल कारावास, एक बांग्लादेशी को 11 साल कारावास और तीन को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। अदालत ने इन बांग्लादेशियों को सजा पूरी होने के बाद देश से निष्कासित करने का भी आदेश दिया है।

### अमेरिका में सामूहिक गोलीबारी में 3 की मौत

**वाशिंगटन।** अमेरिका के प्रांत मिसिसिपी में सामूहिक गोलीबारी में तीन लोग मारे गए और 16 अन्य घायल हो गए। डब्ल्यूटीवीए टीवी चैनल ने स्थानीय पुलिस के हवाले से बताया है कि वारदात इंडियनोला शहर में हुई। इसमें तीन लोगों की मौत हो गई और 16 लोग घायल हो गए। मृतकों की उम्र 19 साल थी। फिलहाल, कोई संदिग्ध नहीं होने के कारण चश्मदीद गवाहों से पूछताछ की प्रक्रिया जारी है।

### यौन उत्पीड़न के आरोपों के बाद प्रोफेसर बर्खास्त

**हांगकांग।** चीन के एक शीर्ष विश्वविद्यालय ने यौन उत्पीड़न के आरोप लगने के बाद सोमवार को एक प्रोफेसर को बर्खास्त कर दिया। एक दिन पहले ही एक स्नातक छात्रा ने प्रोफेसर पर यौन उत्पीड़न का आरोप लगाया था और अपने आरोपों के समर्थन में कुछ ऑडियो रिकॉर्डिंग साझा की थी। इसे लेकर व्यापक स्तर पर लोगों ने रोष व्यक्त किया था। वांग डी नाम की छात्रा ने रविवार को सोशल मीडिया मंच 'वीबो' पर 59 मिनट लंबा एक वीडियो जारी कर कहा कि वह चीन के रेनमिन विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ लिबरल आर्ट्स में डॉक्टरेट कार्यक्रम में अध्ययन कर रही हैं। वांग ने आरोप लगाया कि उनके पर्यवेक्षक ने उनका यौन शोषण किया है।

### रूसी पत्रकार को सेना के दुष्प्रचार के आरोप में सजा

**वाशिंगटन।** अमेरिकी सरकार द्वारा वित्तपोषित 'रेडियो फ्री यूरोप/रेडियो लिबर्टी' की रूसी मूल की अमेरिकी पत्रकार अलसु कुरमाशेवा को रूस की अदालत ने गोपनीय सुनवाई करके रूसी सेना के खिलाफ दुष्प्रचार करने का दोषी करार दिया और साढ़े छह साल कारावास की सजा सुनाई। कुरमाशेवा को काजान शहर की अदालत ने दोषी करार दिया। इसी दिन रूसी शहर येकातेरिनबर्ग की अदालत ने वॉल स्ट्रीट जनरल के संवाददाता इवान गेरशकोविच को जासूसी करने का दोषी करार देते हुए 16 वर्ष कारावास की सजा सुनाई थी। अमेरिका ने इस फैसले को राजनीति से प्रेरित करार दिया था।

### झेलम के स्लीपर कोच के ब्रेक जाम, चिंगारी निकली

**ग्वालियर।** मध्य प्रदेश के ग्वालियर और झांसी के बीच आज दोपहर झेलम एक्सप्रेस की एक बोगी के ब्रेक जाम होने से उसमें चिंगारी निकलने लगी। यह चिंगारी आग पकड़ती उससे पहले ही ट्रेन स्टाफ ने ट्रेन को रुकवाकर अग्निशमन यंत्र से उस पर काबू पाया। जानकारी के मुताबिक ग्वालियर से झांसी की ओर जा रही झेलम एक्सप्रेस 11078 अप जैसे ही सिथौली संदलपुर के बीच पहुंची तो उसकी स्लीपर एस टू बोगी के पहिये के ब्रेक ब्लाक जाम होने से उसमें चिंगारी और धुआं निकलन लगा। इसकी जानकारी कुछ यात्रियों ने ट्रेन स्टाफ को दी, जिसके बाद तत्काल झेलम एक्सप्रेस को रोका गया।

# पिछले साल भारत में 1.92 करोड़ विदेशी पर्यटक आए

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- संस्कृति और पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने दी जानकारी

पर्यटन मंत्रालय के अनुसार पिछले साल कुल 1.92 करोड़ विदेशी पर्यटक भारत आए, जो 2021 में कोरोना वायरस महामारी के समय आए 10.54 लाख विदेशी नागरिकों से काफी अधिक हैं।

संस्कृति और पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने लोकसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में 2021 से 2023 तक भारत आए विदेशी यात्रियों का आंकड़ा दिया। आंकड़ों के अनुसार, 2023 में 1,92,45,817 विदेशी पर्यटक आए थे। यह संख्या 2022 में 85,87,562 और 2021 में 10,54,642 थी।



दिल्ली में भी विदेशी पर्यटकों की संख्या में इजाफा देखा गया। 2021 में 1,00,178 विदेशी नागरिकों ने राष्ट्रीय राजधानी की यात्रा की थी और 2023 में यह संख्या बढ़कर 18,28,116 हो गई। इसी तरह, गोवा में विदेशी पर्यटकों का आगमन 2021 के 22,128 से बढ़कर 2023 में 4,52,692 बार हुआ।

# आईएनएस ब्रह्मपुत्र में भीषण आग से बड़ा नुकसान

**नई दिल्ली, एजेंसी**

नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के. त्रिपाठी ने मुंबई में नौसेना के पोतगाह में देश के अग्रणी युद्धपोत 'आईएनएस ब्रह्मपुत्र' में आग लगने की घटना से सोमवार को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को अवगत कराया। उन्होंने बताया कि आग लगने से पोत को काफी नुकसान पहुंचा है। नौसेना के अनुसार, रविवार शाम को आग लगने की घटना के बाद एक कनिष्ठ नाविक लापता है और बचाव दल उसे ढूंढ़ने की कोशिश कर रहे हैं। राजनाथ सिंह के कार्यालय ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, "नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के त्रिपाठी ने रक्षा मंत्री को आईएनएस ब्रह्मपुत्र में आग लगने की घटना से हुए नुकसान की जानकारी दी है।"

**नौसेना प्रमुख ने राजनाथ सिंह को दी जानकारी**



रविवार को मरम्मत के दौरान आईएनएस ब्रह्मपुत्र में लगी थी आग। ● एजेंसी

रक्षा मंत्री ने लापता नाविक के सकुशल होने कामना की है। जहाज की पोतगाह में मरम्मत की जा रही है। नौसेना ने कहा, 'भारतीय नौसेना के बहुउद्देशीय लड़ाकू पोत ब्रह्मपुत्र में 21 जुलाई की शाम उस समय आग लग गई, जब नौसेना के पोतगाह में उसकी मरम्मत की जा रही थी।" नौसेना ने कहा कि जहाज के चालक दल ने पोतगाह और बंदरगाह में मौजूद अन्य जहाजों के अग्निशमन कर्मियों की सहायता से सोमवार सुबह तक आग पर काबू पा लिया।

युद्धपोत आईएनएस ब्रह्मपुत्र पर लगी आग की घटना में, युद्धपोत एक तरफ झुक गया है और तमाम कोशिशों के बावजूद, जहाज को सीधा नहीं किया जा सका है। फिलहाल जहाज एक तरफ टिका हुआ है। वहीं इस हादसे में एक जूनियर नाविक को छोड़कर सभी कर्मियों को बचा लिया गया है। वहीं जूनियर नाविक की तलाश की जा रही है।

**2000** अप्रैल में हुआ नौसेना में शामिल | **125** मीटर लंबाई
**5,300** टन ब्रह्मपुत्र का वजन | **14.4** मीटर चौड़ाई

**'ब्रह्मपुत्र' श्रेणी का स्वदेशी मिसाइल युद्धपोत**

आईएनएस ब्रह्मपुत्र स्वदेशी रूप से निर्मित 'ब्रह्मपुत्र' श्रेणी का पहला निर्देशित मिसाइल युद्धपोत है। इसे अप्रैल 2000 में भारतीय नौसेना में शामिल किया गया था। इस जहाज में 40 अधिकारियों और 330 नाविकों का दल है। आईएनएस ब्रह्मपुत्र का वजन तकरीबन 5,300 टन है। इसकी लंबाई 125 मीटर है, चौड़ाई 14.4 मीटर है और यह 27 नॉट से अधिक की गति से चलने में सक्षम है।

# अब बाइडन की जगह हैरिस का चुनाव अभियान चलाएगी रैपिड रिस्पॉन्स टीम

## 'एक्स' पर बाइडन के प्रचार अभियान दल के खाते का नाम कमला एचक्यू किया

**वाशिंगटन, एजेंसी**

अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन के चुनाव मैदान से हटने और डेमोक्रेटिक पार्टी की ओर से राष्ट्रपति पद की उम्मीदवारी के लिए उपराष्ट्रपति कमला हैरिस के नाम का अनुमोदन करने के बाद सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर बाइडन के प्रचार अभियान दल के खाते का नाम बदलकर 'कमला एचक्यू' कर दिया गया है। इसे कमला हैरिस के राष्ट्रपति चुनाव के उम्मीदवार के तौर पर समर्थन करने के लिए बड़ा कदम माना जा रहा है।

प्रचार अभियान दल अपने संदेशों को प्रसारित करने और प्रतिद्वंद्वियों के हमलों का जवाब देने के लिए इस खाते का इस्तेमाल करता है। 'सीएनएन' ने बताया कि बाइडन-हैरिस अभियान के लिए 'एक्स' पर सोशल मीडिया त्वरित प्रतिक्रिया खाते 'बाइडन एचक्यू' का नाम बदलकर आधिकारिक रूप से 'कमला एचक्यू' कर दिया गया है। बाइडन के फैसले के बाद डेमोक्रेटिक कन्वेंशन नियम समिति बुधवार को नामांकन की रूपरेखा पर चर्चा करेगी।



बाइडन द्वारा अपनी उम्मीदवारी वापस लेने के बाद एक महिला व्हाइट हाउस के बाहर उनका आभार जताते हुए।

59 वर्षीय कमला हैरिस बड़े अमेरिकी राजनीतिक दल की पहली अश्वेत महिला और उपराष्ट्रपति हैं। वहीं बाइडन का समर्थन मिलने के बाद कमला हैरिस ने कहा कि वह सम्मानित महसूस कर रही हैं। अब वह डेमोक्रेटिक पार्टी का नामांकन मिलने के बाद जीतने के लिए काम करेंगी।

बाइडन के 5 नवंबर को व्हाइट से हाउस बाहर होने के फैसले के बाद डेमोक्रेटिक कन्वेंशन रूल्स कमेटी बुधवार को नामांकन को लेकर चर्चा करेगी। कमेटी के सह उपाध्यक्ष और गवर्नर टिम वॉल्ज और डेमोक्रेटिक पार्टी के लिआ ड्रौटी ने कहा कि नए उम्मीदवार के चयन की जिम्मेदारी कमेटी है। यह पारदर्शी, साफ और व्यवस्थित होगा। इस विचार को प्रस्तुत करने की प्रक्रिया व्यापक और निष्पक्ष होगी।

**ट्रंप को लेकर मस्क से भिड़े भारतवंशी अरबपति**

### खोसला ने पूर्व राष्ट्रपति को बताया- झूठा और धोखेबाज

**न्यूयॉर्क।** अमेरिका में नवंबर में होने वाले राष्ट्रपति चुनाव में रिपब्लिकन पार्टी की तरफ से पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की उम्मीदवारी को लेकर अरबपति टेक कारोबारी एलन मस्क और भारतीय-अमेरिकी उद्यम पूंजीपति विनोद खोसला के बीच जुबानी जंग छिड़ गई। सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में खोसला ने ट्रंप को एक ऐसा रिपब्लिकन नेता करार दिया, जिसमें कोई कोई नैतिकता नहीं है, जो झूठ बोलता है, धोखा देता है, महिलाओं के साथ दुष्कर्म, अपमान करता है और उनके जैसे प्रवासियों से नफरत करता है। खोसला ने कहा कि उनके लिए ट्रंप जैसे व्यक्ति का समर्थन करना बहुत मुश्किल है। खोसला की पोस्ट पर प्रतिक्रिया देते हुए मस्क ने कहा कि ट्रंप आपसे नफरत नहीं करते हैं। अलबत्ता, वह आपको पसंद करते हैं। उनसे मिलिए और अपने बारे में उनके विचार जानिए।

### ओबामा ने बाइडेन की तारीफ की, हैरिस पर चुप्पी साधी

**वाशिंगटन।** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा ने राष्ट्रपति पद की दौड़ से पीछे हटने के राष्ट्रपति जो बाइडन के फैसले की रविवार को प्रशंसा की। हालांकि राष्ट्रपति चुनावों के लिए डेमोक्रेटिक पार्टी की उम्मीदवार के रूप में उपराष्ट्रपति कमला हैरिस के नाम का तत्काल समर्थन करने से परहेज किया। पूर्व राष्ट्रपति ओबामा ने एक बयान में कहा कि आने वाले दिनों में हम अज्ञात रास्तों से गुजरेंगे, लेकिन मुझे पूरा विश्वास है कि हमारी पार्टी के नेता एक ऐसी प्रक्रिया बनाने में सक्षम होंगे, जिससे एक उत्कृष्ट उम्मीदवार उभरकर सामने आएगा।

## नेपालः भूस्खलन के कारण नदी में डूबी बसें, 25 शव बरामद

**काठमांडू।** नेपाल में गत 12 जुलाई को भूस्खलन के कारण कुछ बसें नदी में बह गई थी और उसके बाद से अब तक 25 यात्रियों के शव बरामद किए गए हैं, जबकि 37 अन्य लापता हैं। एक स्थानीय अधिकारी ने बताया कि बसों में यात्रा करने वाले लोगों की संख्या पहले 65 बताई गई थी, लेकिन सत्यापन के बाद इसे संशोधित कर 62 कर दिया गया। चितवन के मुख्य जिला अधिकारी इंद्रदेव यादव ने कहा, "तीन यात्री तैरकर नदी से बाहर निकलने में सफल रहे, जबकि 25 के शव बरामद किए गए हैं।" उन्होंने बताया कि अन्य लोगों और दो बसों का अभी भी पता नहीं चल पाया है।

# इमरान की पार्टी के सूचना सचिव रऊफ गिरफ्तार

**इस्लामाबाद, एजेंसी**

- हसन रऊफ के खिलाफ अभी आरोप स्पष्ट नहीं

पाकिस्तान पुलिस ने जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के सूचना सचिव रऊफ हसन को पार्टी के केंद्रीय सचिवालय पर सोमवार को छापेमारी के बाद गिरफ्तार कर लिया।

शुरुआत में यह चर्चा थी कि पीटीआई के चेयरमैन गौहर अली खान को भी गिरफ्तार किया गया है। हालांकि, पार्टी प्रवक्ता जुल्फी बुखारी ने खान की गिरफ्तारी की खबर को खारिज कर दिया, जबकि हसन की गिरफ्तारी की पुष्टि की। यह स्पष्ट नहीं है कि हसन के खिलाफ क्या आरोप हैं। हसन पर कुछ सप्ताह पहले अज्ञात लोगों ने हमला किया था, जिससे उनके चेहरे पर चोटें आई थीं।

पार्टी ने एक्स पर एक पोस्ट में हसन की गिरफ्तारी की निंदा की और इस्लामाबाद पुलिस की आलोचना की। पार्टी ने कहा कि यह शर्मनाक है कि इस्लामाबाद पुलिस इस देश के हर कानून का पूरी तरह से मजाक बना रही है और उसकी अवहेलना कर रही है। पीटीआई नेता खुर्रम शेर जमां ने दावा किया कि पुलिसकर्मी पार्टी के कार्यालय से दस्तावेज और उपकरण जब्त कर रहे हैं।

# कुछ लोग नहीं चाहते कश्मीर में शांतिः अब्दुल्ला

**श्रीनगर, एजेंसी**

- नेकां अध्यक्ष ने भारत-पाक के 'कुछ' लोगों पर लगाए आरोप



जम्मू-कश्मीर के जम्मू संभाग में आतंकवादी हमलों में वृद्धि के बीच नेशनल कॉन्फ्रेंस (नेकां) के अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला ने सोमवार को आरोप लगाया कि भारत और पाकिस्तान में कुछ लोग हैं, जो जम्मू-कश्मीर में शांति नहीं चाहते हैं। फारूक ने सोमवार को श्रीनगर में मीडिया से कहा, "मैं समझता हूं कि जम्मू-कश्मीर में हिंसा जारी रहने से उनकी खिचड़ी पकती है।"

जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा "यह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है कि दोनों देशों में ऐसे लोग हैं जो जम्मू-कश्मीर में शांति नहीं देखना चाहते हैं। उन्होंने कहा, "लोग शांति से रहना चाहते हैं और इसे कायम रखने के लिए कदम उठाए जाने चाहिए। स्थिति बिगड़ने पर जम्मू संभाग की पर्वतीय श्रृंखला में स्थिति से निपटने के लिए 7000 से अधिक सैनिकों को बुलाया गया है।" उन्होंने कहा कि हम कितना भी चिल्लाएं, कुछ नहीं होगा।

# ट्रंप पर हमले को खुफिया सेवा प्रमुख ने सबसे बड़ी चूक माना

**वाशिंगटन, एजेंसी**

- कई सांसदों ने खुफिया प्रमुख चीटल से इस्तीफा देने या राष्ट्रपति द्वारा उन्हें बर्खास्त करने की मांग की



अमेरिका की खुफिया सेवा की निदेशक किंबरली चीटल ने कहा है कि पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की हत्या का प्रयास किया जाना दशकों में एजेंसी की सबसे बड़ी चूक है।

चीटल ने सोमवार को संसद में अपनी पेशी के दौरान सांसदों को बताया, "13 जुलाई को हमसे चूक हुई।" उन्होंने कहा कि वह इस महीने की शुरुआत में पेनसिल्वेनिया में ट्रंप पर हुए हमले में एजेंसी से हुई चूक की पूरी जिम्मेदारी लेती हैं। रैली के दौरान 20 वर्षीय युवक ने राष्ट्रपति चुनाव के लिए रिपब्लिकन पार्टी के उम्मीदवार ट्रंप की हत्या का प्रयास करते हुए उनपर गोली चलाई थी। इस मामले में सुरक्षा चूक को लेकर चीटल के इस्तीफे की मांग की जा रही है।

थॉमस मैथ्यू क्रुक्स नामक युवक ने पास की इमारत की छत पर चढ़कर गोली चलाई, जो ट्रंप के कान में लगी, जबकि और दो अन्य उपस्थित लोग गोलीबारी में घायल हो गए थे। सांसद इस बात से हैरान हैं कि बंदूकधारी ट्रंप के इतने करीब कैसे पहुंच गया। गृह मंत्री एलेजांद्रो मेयरकास ने घटना को चूक बताया है, जबकि कई सांसदों ने चीटल से इस्तीफा देने या राष्ट्रपति जो बाइडन द्वारा उन्हें बर्खास्त करने की मांग की है। खुफिया सेवा ने कहा है कि चीटल इस्तीफा नहीं देना चाहतीं। अब तक उन्हें डेमोक्रेटिक पार्टी के नेताओं बाइडन और मेयरकास का समर्थन हासिल है।

## नूंहः कड़ी सुरक्षा के बीच जलाभिषेक यात्रा संपन्न

**नूंह (हरियाणा)।** पिछले साल हिंसा से प्रभावित हुई ब्रज मंडल जलाभिषेक यात्रा सोमवार सुबह कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच शुरू हुई। यात्रा नल्हड़ महादेव मंदिर से शुरू हुई, जहां से श्रद्धालु फिरोजपुर झिरका स्थित झिर मंदिर पहुंचे।

यात्रा शुरू होने से पहले बड़ी संख्या में महिलाएं सुबह करीब 11 बजे यहां भूतेश्वर मंदिर से नल्हड़ महादेव मंदिर पहुंचीं। तिरंगा चौक पर मुस्लिम समुदाय के लोगों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। हरियाणा सरकार ने नूंह जिले में सुरक्षा बढ़ा दी थी। मोबाइल इंटरनेट एवं एक साथ कई लोगों को एसएमएस भेजने की सेवाओं को 24 घंटे के लिए निलंबित करने का रविवार को आदेश दिया। पिछले साल 31 जुलाई को नूंह में विहिप की शोभा यात्रा पर हमले के बाद हिंसा में छह लोगों की मौत हो गई थी।

# बांग्लादेश में हिंसक प्रदर्शनों के बाद स्थिति शांत, इंटरनेट सेवाएं अब भी ठप

**ढाका, एजेंसी**

बांग्लादेश में हिंसक विरोध प्रदर्शनों के बाद सरकारी नौकरियों में आरक्षण घटाने के उच्चतम न्यायालय के फैसले से स्थिति शांत होने के बावजूद लगातार पांचवें दिन इंटरनेट सेवाएं ठप रहीं और सरकार ने सोमवार को सार्वजनिक अवकाश घोषित किया। देश में कुछ ही दिन पहले देखते ही गोली मारने के आदेश के साथ कर्फ्यू लगा दिया गया था और सैन्यकर्मी राजधानी ढाका और अन्य क्षेत्रों में गश्त करते देखे गए।

देश में पुलिस और मुख्य रूप से छात्र प्रदर्शनकारियों के बीच झड़पें हुईं। प्रदर्शनकारी 1971 के बांग्लादेश मुक्ति संग्राम लड़ने वाले (पूर्व) सैनिकों के रिश्तेदारों के लिए सरकारी नौकरियों में 30 प्रतिशत आरक्षण को समाप्त करने की मांग कर रहे हैं। कम से कम चार स्थानीय समाचार पत्रों में बताया गया है कि हिंसा में 100 से अधिक लोग मारे गए हैं। बांग्लादेश के सुप्रीम कोर्ट ने रविवार के अपने फैसले में कहा कि 93 प्रतिशत सरकारी नौकरियां योग्यता आधारित प्रणाली के आधार पर आवंटित की जाएं। पांच प्रतिशत 1971 में बांग्लादेश मुक्ति संग्राम में भाग लेने वालों के परिजनों तथा अन्य श्रेणियों के लिए दो प्रतिशत सीटें आरक्षित रखी जाएं। रविवार रात को कुछ छात्र प्रदर्शनकारियों ने सरकार से इंटरनेट सेवाएं बहाल करने का आग्रह किया।



बांग्लादेश की राजधानी ढाका में सड़कों पर बाड़ लगाते सुरक्षा बल। ● एजेंसी

भेदभाव विरोधी छात्र आंदोलन के समन्वयक हसनत अब्दुल्ला ने बताया कि जिस पूर्ण बंद के आह्वान को उन्होंने पिछले सप्ताह लागू करने का प्रयास किया था, उसे अब वापस ले रहे हैं। उन्होंने कहा, "लेकिन हम 'डिजिटल कार्रवाई' को रोकने और इंटरनेट सेवाएं बहाल करने के लिए 48 घंटे का समय दे रहे हैं।"

## अमरनाथ यात्राः जम्मू से 3,281 तीर्थयात्रियों का 25वां जत्था रवाना

**जम्मू।** जम्मू स्थित भगवती नगर आधार शिविर से 3,281 तीर्थयात्रियों का एक नया जत्था दक्षिण कश्मीर हिमालय में स्थित अमरनाथ गुफा मंदिर में दर्शन के लिए कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच रविवार तड़के रवाना हुआ। अधिकारियों ने बताया कि 111 वाहनों में सवार 3,281 तीर्थयात्रियों के 25वें जत्थे ने तड़के 2 बज कर 55 मिनट पर भगवती नगर आधार शिविर से आगे की यात्रा शुरू की। सीआरपीएफ के जवानों ने जत्थे को सुरक्षा मुहैया कराई।

अधिकारियों के मुताबिक, जत्थे में शामिल 1,979 तीर्थयात्री अनंतनाग जिले में पारंपरिक 48 किलोमीटर लंबे मार्ग से अमरनाथ गुफा मंदिर जाने के लिए पहलगाम पहुंचेंगे, जबकि बाकी 1,302 तीर्थयात्रियों ने गांदेरबल जिले में 14 किलोमीटर के अपेक्षाकृत छोटे, लेकिन कठिन बालटाल मार्ग को यात्रा के लिए चुना है।

# इजराइल ने गाजा के एक हिस्से को खाली करने का दिया आदेश

**गाजा पट्टी, एजेंसी**

- हमास के खिलाफ एक घातक अभियान शुरू करने की योजना बना रही सेना

इजराइली सेना ने सोमवार को गाजा पट्टी में उस हिस्से को खाली करने का आदेश दिया, जिसे उसने मानवीय क्षेत्र घोषित किया था। सेना ने कहा कि वह हमास के आतंकवादियों के खिलाफ एक अभियान शुरू करने की योजना बना रही है, जो इस क्षेत्र में छिपे हुए हैं और इसका इस्तेमाल इजराइल की ओर रॉकेट छोड़ने के लिए किया है। इस इलाके में मुवासी मानवीय क्षेत्र का पूर्वी हिस्सा शामिल है, जो दक्षिणी गाजा पट्टी पर स्थित है।

इस महीने की शुरुआत में, इजराइल ने कहा था कि उसका अनुमान है कि कम से कम 18 लाख फलस्तीनी अब मानवीय क्षेत्र में हैं। उसने भूमध्य सागर के साथ लगते लगभग 14 किलोमीटर (8.6 मील) की दूरी के हिस्से को मानवीय क्षेत्र घोषित किया था। संयुक्त राष्ट्र तथा मानवीय समूहों का कहना है कि इस क्षेत्र का ज्यादातर इलाका अब अस्थायी शिविरों से घिरा हुआ है, जहां साफ-सफाई तथा चिकित्सा सुविधाओं का अभाव है।

यह घोषणा गाजा में संघर्ष विराम की मांग को लेकर हो रही नाजुक वार्ता के दौरान की गई है। अमेरिका और इजराइली अधिकारियों ने उम्मीद जताई है कि संघर्ष विराम को लेकर एक समझौता होने के करीब है।

## आईएएस पूजा खेडकर की मां को न्यायिक हिरासत में भेजा

**पुणे।** पुणे जिले की एक अदालत ने भूमि विवाद को लेकर कथित तौर पर कुछ लोगों को बंदूक दिखाकर धमकाने के आरोप में गिरफ्तार परिवीक्षाधीन आईएएस पूजा खेडकर की मां मनोरमा खेडकर को सोमवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

सोमवार को पुलिस हिरासत खत्म होने के बाद मनोरमा को प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी की अदालत में पेश किया गया, जहां से उसे 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। पिछले साल पुणे की मुलशी तहसील के धडवाली गांव में एक भूमि विवाद को लेकर मनोरमा द्वारा कुछ लोगों को कथित तौर पर बंदूक का भय दिखाकर धमकाने का वीडियो सामने आने के बाद पुलिस ने उनकी और उनके पति दिलीप खेडकर की तलाश शुरू कर दी थी।


**पहली बार ...** रॉयल एस्ट्रोनॉमिकल सोसाइटी ने तस्वीरों को किया जारी

# न्यूट्रॉन तारे के जेट की तस्वीर कैमरे में कैद, अंग्रेजी के 'एस' जैसी

**संवाददाता, नैनीताल**

अमृत विचारः वैज्ञानिकों को पहली बार न्यूट्रॉन तारे के जेट की तस्वीर कैमरे में कैद करने में सफलता मिली है। यह जेट बगीचे में स्प्रे करने वाले फुहारे (स्प्रिंकलर) की तरह है। रॉयल एस्ट्रोनॉमिकल सोसाइटी ने तस्वीरों को जारी किया है।

तारों की महिमा अपरंपार है। हमारा मध्यम आकार का तारा यानी सूर्य हमारे पूरे सौर मंडल का संचालन करता है, तो समझ सकते हैं कि बड़े विशाल तारों की दुनिया कैसी होती होगी और ब्रह्मांड में किस तरह से अपना वर्चस्व रखते होंगे, जिनके बारे में हम एक तिनका जितनी ही जानकारी हासिल कर सके हैं।



इन्हें पूर्णरूप से समझने के लिए न जाने अभी और कितना समय लगेगा। खगोलीय दुनिया से जुड़े लोगों का कहना है कि हम जितनी भी जानकारी ग्रह नक्षत्रों की जुटाते हैं, उससे कई गुना अधिक जिज्ञासा बढ़ जाती है।

बता दें कि आधुनिक खगोल विज्ञान का अतीत चार सौ साल पुराना है। इस अंतराल में हमारी जानकारी क्षणिकमात्र है। इससे सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है कि ब्रह्मांड को जानने के लिए अभी कितना लंबा समय और लगेगा।

बहरहाल, चार सदी के बाद न्यूट्रॉन तारे के जेट की पहली तस्वीर देखने को मिली है। बेहद अजीब, किसी गार्डन में पानी का छिड़काव करने वाले फुहारे की तरह है। इस न्यूट्रॉन तारे का आकार अंग्रेजी शब्द 'एस' के समान है। यह जेट सर्किनस एक्स-1 बाइनरी स्टार सिस्टम का हिस्सा है। फुहारे की तरह स्प्रे करने के पीछे कारण तारे के चारों ओर गर्म गैस के कंपन करना है। जिस कारण वह दिशा बदलता है।

रॉयल एस्ट्रोनॉमिकल सोसाइटी ने विगत 16 जुलाई को यह मूल लेख प्रकाशित किया है। ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय के खगोलविदों की टीम ने दक्षिण अफ्रीका स्थित रेडियो दूरबीन से यह कामयाबी हासिल की। खोजकर्ता खगोलविदों का कहना है कि उन्होंने पहले ब्लैक होल के चारों ओर जेट के साथ पूर्वता तो देखी थी, लेकिन न्यूट्रॉन सितारों के साथ नहीं देखा था।

यह न्यूट्रॉन तारा बाइनरी सिस्टम सर्सिनस एक्स-1 में स्थित है, जो पृथ्वी से 30,000 प्रकाश वर्ष से अधिक दूर है। इसका निर्माण एक विशाल महादानव तारे के मूल से हुआ था, जो स्टोनहेंज के निर्माण के समय ही नष्ट हो गया था। यह इतना घना है कि इसके एक चम्मच पदार्थ का वजन माउंट एवरेस्ट के बराबर है।

**न्यूट्रॉन तारा व ब्लैक होल में अंतर**

**नैनीताल :** न्यूट्रॉन तारे व ब्लैक होल ब्रह्माण्ड के राक्षस के समान हैं। ये तब बनते हैं, जब ब्रह्मांड के सबसे बड़े तारे अपने ही गुरुत्वाकर्षण के कारण खत्म हो जाते हैं। ब्लैक होल काफी अधिक विशाल होते हैं। केवल उनके गुरुत्वाकर्षण प्रभावों के माध्यम से ही उनका पता लगा सकते हैं। न्यूट्रॉन तारों को उनकी सघनता के बावजूद सीधे देख सकते हैं। न्यूट्रॉन तारे ब्रह्मांड में सबसे चरम वस्तुओं में से कुछ हैं और इनका आंतरिक भाग लगभग पूरी तरह से न्यूट्रॉन से बना होता है।